सूर्योदय 5:25 सूर्यास्त 7:10

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18 न्यू | 27 अधि |
| धर्मशाला | 23 न्यू | 33 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,531 |
| निफ्टी | 25,062 |
| सोना 91484 | चांदी 94,103 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 16 मई 2025 | 3 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 137, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




रोहित व कोहली के संन्यास के बाद घबराने की जरूरत नहीं है: मांजरेकर

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### सीएम ने दी पास हुए विद्यार्थियों को बधाई



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि यह उल्लेखनीय परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, निरंतरता और पढ़ाई के प्रति समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने माता-पिता, शिक्षक एवं शुभचिंतकों के योगदान को सदैव याद रखना चाहिए, जिनके मार्गदर्शन में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। वहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### व्योमिका पर राम गोपाल ने की विवादित टिप्पणी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव ने ऑपरेशन सिंदूर की नायिका विंग कमांडर व्योमिका सिंह को लेकर जातिसूचक टिप्पणी की है, जिसके बाद वह विवादों में घिर गए हैं। राम गोपाल यादव ने एक सभा को संबोधित करते हुए भारत-पाकिस्तान तनाव और 7 मई को शुरू हुए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। अपने भाषण में यादव ने विंग कमांडर व्योमिका सिंह का नाम गलती से दिव्या सिंह बताया और कहा, 'उनके बारे में किसी को कुछ मालूम नहीं कि वह कौन है।' (अनंत ज्ञान)

### राहुल गांधी पर दो एफआईआर दर्ज



**पटना।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दरभंगा दौरे ने राजनीतिक विवाद का रूप ले लिया है। दरभंगा के लहेरियासराय थाना में उनके खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। पहली प्राथमिकी बीएनएस की धारा 163 (पूर्व में धारा 144) उल्लंघन के लिए मजिस्ट्रेट खुर्शीद आलम ने और दूसरी एफआईआर बिना अनुमति अंबेडकर कल्याण छात्रावास में कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार द्वारा दर्ज कराई गई है। दोनों एफआईआर में राहुल गांधी समेत कुल 20 लोगों को नामजद किया गया है। साथ ही लगभग 100 अज्ञात व्यक्तियों को भी आरोपी बनाया गया है। दरभंगा सदर के एसडीपीओ अमित कुमार और एसडीएम विकास कुमार ने इसकी पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- ब्याज से भरेगी हिमाचल सरकार की तिजोरी! पेज 3
- दुर्घटनाओं का कारण बना पंचरुखी का ब्याडा चौक पेज 4
- गरामौड़ा में 1 किलो 84.5 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार -पेज 6
- एनएच निर्माण कार्य से चोलथरा के लोग परेशान -पेज 9
- स्वच्छ शहरों में सुंदरनगर व सोलन टॉप में -पेज 12


# 10वीं बोर्ड के नतीजों में लड़कियों का डंका, भवारना की साइना फर्स्ट

## 79.08 % रहा रिजल्ट, टॉप टेन मेरिट लिस्ट में 88 छात्राएं और 29 छात्र

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने वीरवार को 10वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। परिणाम 79.08 फीसदी रहा है। बीते वर्ष परीक्षा परिणाम 74.61 फीसदी रहा था। परीक्षा में बेटियों ने फिर बाजी मारी है। टॉप टेन की मेरिट सूची में 88 छात्राएं व 29 छात्र शामिल हैं।

न्यूगल मॉडल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भवारना की साइना ठाकुर 700 में से 696 (99.43 प्रतिशत) अंक लेकर पहले स्थान पर रही। वहीं, आरके सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल घंडालवीं, बिलासुपर की रिदिमा शर्मा ने 695 (99.29 फीसदी) अंक लेकर दूसरा स्थान हासिल किया है, जबकि मॉडर्न पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्वारघाट की मुदिता शर्मा व मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं की पर्णिका शर्मा ने 694 (99.14 फीसदी) अंक लेकर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया है।



1 साइना ठाकुर (99.43 %) न्यूगल मॉडल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भवारना



2 रिदिमा शर्मा (99.29 %) आरके सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल घंडालवीं



3 मुदिता शर्मा (99.14 %) मॉडर्न पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्वारघाट



3 पर्णिका शर्मा (99.14 %) मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं

उल्लेखनीय है कि 10वीं कक्षा की परीक्षाएं लाहौल-स्पीति और पांगी क्षेत्र को छोड़कर 4 मार्च से शुरू हुई थीं। इस दौरान शिक्षा बोर्ड ने 2300 के करीब परीक्षा केंद्रों का गठन किया था। पहली बार बोर्ड परीक्षा में ओएमआर सीट का इस्तेमाल किया गया था, जबकि स्टेपवाइज मार्किंग से उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की व्यवस्था भी पहली बार बोर्ड प्रबंधन ने की थी। विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र डिजीलॉकर में मिलेंगे। (अनंत ज्ञान)

### आईटी सेक्टर में नाम चमकाना चाहती है साइना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में प्रदेशभर में पहले स्थान पर रही न्यूगल मॉडल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भवारना की साइना ठाकुर का कहना है कि उसने पहले से ही ठान लिया था, उसे पहले स्थान पर आना है। इसके लिए स्कूल के पहले सेशन से ही उसने पढ़ाई में कड़ा परिश्रम करना शुरू कर दिया था। आज उसे यह खुशी भी मिली है। इस सफलता का श्रेय साइना अपने माता-पिता व अध्यापक वर्ग को देती है, जो हमेशा उसका मार्गदर्शन करते थे तथा पढ़ाई के दौरान उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते थे। स्कूल की हेड टीचर अशोक कटोच व अंकुर कटोच व प्रिंसिपल निशा गुलेरिया को वह अपना अदर्श मानती है, जिनकी बदौलत आज उसने प्रदेश भर में प्रथम स्थान हांसिल कर अपने स्कूल, प्रदेश व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। साइना का कहना है कि उसका फोकस 12वीं कक्षा तथा जेई के पेपर पर है, ताकि वह आईटी सेक्टर में अपना नाम रोशन कर सके। साइना का कहना है कि उसका ज्यादातर समय पढ़ाई में बीतता था। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल निशा गुलेरिया ने कहा कि साइना नर्सरी क्लास से उनके स्कूल में पढ़ रही है तथा साइना स्कूल का हीरा है। साइना ने टॉप करके हीरे की चमक को प्रदेशभर में फैलाया है। हमें पूरी उम्मीद थी कि साइना टॉप टेन में आ जाएगी, परंतु यह पता नहीं था कि साइना प्रदेशभर में टॉप कर जाएगी। उन्होंने कहा कि हम सभी व साइना की मेहनत रंग लाई है।

**प्रिंसिपल निशा ने साइना को बताया स्कूल का हीरा**

### सिविल सर्विसस में जाना पर्णिका शर्मा का सपना

**बिलासपुर।** 10वीं में तीसरा स्थान हासिल करने वाली पर्णिका शर्मा बिलासपुर जिले के झंडूता उपमंडल के तहत गेहड़वीं की रहने वाली है और अपनी शिक्षा मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं से ग्रहण कर रही है। पर्णिका के पिता अजय कुमार लेक्चरर केमिस्ट्री के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता कुसुमलता टीजीटी साइंस है। पर्णिका ने इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता व अध्यापकों को दिया। पर्णिका शर्मा ने कहा कि वह भविष्य में सिविल सर्विसेज में जाकर देशसेवा व समाजसेवा करना चाहती है, ताकि देश की कुरीतियों को दूर कर महिला सुरक्षा व गरीब तबके के लोगों की मदद की जा सके। (अनंत ज्ञान)

# अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी करे पाक के परमाणु हथियारों की निगरानी

## रक्षा मंत्री राजनाथ बोले- पाकिस्तान में इन्हें संभालने की क्षमता नहीं, दुनिया को खतरा

**एजेंसी, श्रीनगर**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीरवार को पाकिस्तान के हाथ में परमाणु हथियारों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी में लिया जाना चाहिए। पाक में उन्हें संभालने की क्षमता नहीं है। यह दुनिया के लिए खतरा हो सकते हैं।

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद जम्मू-कश्मीर की अपनी पहली यात्रा पर आए रक्षा मंत्री ने सैनिकों से बातचीत में कहा कि इस अभियान ने आतंकी संगठनों और पाकिस्तान में उनके आकाओं को साफ बता दिया कि उन्हें खुद को कहीं भी सुरक्षित नहीं मानना चाहिए। सिंह ने कहा कि मैं पूरी दुनिया के सामने यह प्रश्न उठाना चाहता हूं कि पाकिस्तान, जो कि एक दुष्ट और गैर जिम्मेदार देश है, क्या उसके हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं? उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में लिया जाना चाहिए। वह जम्मू कश्मीर में, खासतौर पर नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए यहां पहुंचे हैं। (अनंत ज्ञान)



### आतंकी और उनके आका निशाने पर

**रक्षा** मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान में छिपे आतंकी और उनके आका अब भारतीय बलों के निशाने पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को स्पष्ट रूप से पुनः रेखांकित किया है, जिसमें कहा गया है कि किसी भी आतंकवादी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा।

### स्थगित रहेगा सिंधु समझौता : जयशंकर



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान से वार्ता को लेकर फिर से भारत का रुख स्पष्ट कर दिया है। वीरवार को दिल्ली में होंडुरास दूतावास के उद्घाटन के दौरान एस जयशंकर ने पाकिस्तान से बातचीत को लेकर भारत की स्थितियां फिर से स्पष्ट की। जयशंकर ने कहा कि सिंधु समझौता स्थगित ही रहेगा। पाकिस्तान से बातचीत आतंकवाद और पीओके पर होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पीओके पर वार्ता में किसी तीसरे देश का दखल नहीं होगा। पाक से सिर्फ पीओके और आतंकवाद पर बात होगी।

**अब आतंकवाद और पीओके पर ही होगी बात**

डॉ. एस जयशंकर ने कहा, 'पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध और व्यवहार पूरी तरह से द्विपक्षीय होंगे। यह वर्षों से राष्ट्रीय सहमति है और इसमें बिलकुल भी बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंकवाद पर होगी।' (अनंत ज्ञान)

# सेना ने त्राल में 3 आतंकियों को ड्रोन से खोजकर मारा

**एजेंसी, पुलवामा**

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में वीरवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के तीन आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि तीनों आतंकवादियों की पहचान आसिफ अहमद शेख, आमिर नजीर वानी और यावर अहमद भट के रूप में हुई। सभी जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के निवासी हैं। इन सभी को सुरक्षाबलों ने ड्रोन से खोजकर मारा है। बता दें कि केंद्र शासित प्रदेश में 48 घंटे के भीतर यह दूसरी मुठभेड़ है और सुरक्षाबलों की इस बड़ी कार्रवाई में महज 48 घंटे में 6 लोकल आतंकी ढेर किए गए हैं।

**सभी जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के निवासी**

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अवंतीपुरा के नादेर त्राल इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सटीक सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया। तलाश अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस के अनुसार इलाके में तलाशी अभियान अब भी जारी है। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर के चंदेल में 10 उग्रवादी किए ढेर

**इंफाल।** मणिपुर के चंदेल जिले में वीरवार को असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए। भारत-म्यांमार बॉर्डर पर सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। सेना की ईस्टर्न कमान ने बताया- 14 मई को न्यू समताल गांव के पास उग्रवादियों की गतिविधि की जानकारी मिली थी। इसके बाद असम राइफल्स की यूनिट ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान उग्रवादियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में 10 उग्रवादी मारे गए। इनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए हैं। उधर, सुरक्षाबलों ने मणिपुर के 4 जिलों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां थोउबाल, काकचिंग, बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों से हुई हैं।

# राजधानी शिमला के घनपेरी में पति ने की पत्नी की हत्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल की राजधानी शिमला के शोघी पुलिस चौकी के अंतर्गत घनपेरी गांव में महिला की हत्या का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर उसके शव को घर के आंगन में ही गड्ढा खोदकर छिपाने और जलाने का प्रयास किया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान गुलशन(26) के रूप में हुई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी तोता राम पेशे से सुरक्षा गार्ड है। मामले का खुलासा तब हुआ जब पड़ोसियों को कुछ संदेह हुआ और उन्होंने मृतक महिला के परिजनों को सूचित किया। गुलशन के परिजन जब गांव पहुंचे तो उन्होंने देखा कि घर के आंगन में एक गड्ढा खोदा गया है और इसमें गुलशन का अधजला शव मिला। इसके बाद परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्यों को एकत्रित किया और जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है।

**आंगन में गड्ढा कर शव जलाने का किया प्रयास**

# शिक्षकों के 15000 पद भरेगी सुक्खू सरकार

## प्राथमिक शिक्षा विभाग में भरे जाएंगे 3900 पद, राज्य चयन आयोग 3100 भरेगा

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल सरकार ने विभिन्न श्रेणियों के रिक्त पदों को भरने का फैसला लिया है और शिक्षकों के 15000 नए पद स्वीकृत किए गए हैं। प्राथमिक शिक्षा विभाग में 3900 पद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग के माध्यम से 3100 पद शीघ्र ही भरे जाएंगे। प्री-प्राइमरी शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए 6200 नर्सरी अध्यापकों की नियुक्तियां अलग से की जा रही हैं। विभाग में कार्यरत 778 अंशकालिक जलवाहकों को नियमित करने का फैसला किया है। 31 मार्च, 2025 तक अंशकालिक जलवाहक और दैनिक वेतनभोगी के रूप में संयुक्त रूप से 11 वर्ष की सेवाएं पूरी कर ली थीं, को चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर उनकी सेवाओं को निर्मित किया गया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा किया है। वर्तमान सरकार ने पिछले अढ़ाई वर्ष में स्कूलों में 700 लेक्चरर की नियुक्ति की है, जबकि पूर्व भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में केवल 511 लेक्चरर की नियुक्ति की थी। (अनंत ज्ञान)

### 200 कार्यवाहक प्रधानाचार्यों की सेवाएं नियमित



**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के दौरान शिक्षा क्षेत्र में भर्ती प्रक्रिया रुकी हुई थी, लेकिन वर्तमान सरकार रिक्त पदों को भरकर शिक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए प्रमुखता से कार्य कर रही है। प्रदेश भर के शिक्षण संस्थानों में कार्यरत 200 से अधिक कार्यवाहक प्रधानाचार्यों की सेवाएं नियमित की गई हैं। इसके साथ ही उच्च शिक्षा विभाग में 483 सहायक प्रोफेसर की भर्ती की गई है।

### अब तक 1200 स्कूल मर्ज

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि शिक्षा निदेशालय में हुई बैठक में स्कूलों के मर्जर, युक्तिकरण और सुदृढ़ीकरण पर चर्चा हुई है। विभाग को 10 दिन में इससे संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में 100 स्कूल ऐसे हैं, जहां छात्र संख्या शून्य है। अब तक 1200 स्कूल मर्ज किए जा चुके हैं। वहीं, 450 टीजीटी का युक्तिकरण किया जा चुका है। सभी उपनिदेशकों को नए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार नई तबादला नीति पर भी विचार कर रही है। इस व्यवस्था से शैक्षणिक सत्र सुचारू रूप से चल सकेगा।

### कूड़ा फैलाने पर 5000 रुपए तक के जुर्माने के नोटिस लगाना अनिवार्य

**पुष्पेंद्र, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने सभी होटल, रेस्टोरेंट, होम-स्टे, बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) ढाबे आदि में कूड़ा फैलाने पर 5,000 रुपए तक के जुर्माने से जुड़े नोटिस लगाना अनिवार्य कर दिया है। कोर्ट ने उक्त खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को आदेश दिए कि वे रिसेप्शन क्षेत्र में नोटिस/पोस्ट प्रदर्शित करें, जिसमें यह सूचित किया गया हो कि अनुचित तरीके से कचरा निपटान और कूड़ा फैलाने पर 5,000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। कोर्ट ने इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि रिसेप्शन/काउंटर या अन्य सुविधाजनक स्थानों पर गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन उपलब्ध करवाए जाएं। (अनंत ज्ञान)

# भारत नहीं, अमेरिका में बनाओ एप्पल आईफोन

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एप्पल के सीईओ को दिए निर्देश

**एजेंसी, दोहा**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एप्पल के सीईओ टिम कुक से कहा है कि भारत में प्लांट लगाने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं चाहता हूं कि एप्पल के प्रोडक्ट वहां बनाएं। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एप्पल के सीईओ टिम कुक के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी ट्रंप ने वीरवार को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा कि एप्पल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा।



ट्रंप ने यह भी कहा कि भारत ने हमें ट्रेड में जीरो टैरिफ डील की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि भारत हमसे ट्रेड में कोई चार्ज नहीं लेने को तैयार है। (अनंत ज्ञान)

### 50 प्रतिशत आईफोन भारत में बन रहे

**एप्पल** के सीईओ टिम कुक ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि अमेरिकी बाजार में बिकने वाले 50 प्रतिशत आईफोन भारत में बन रहे हैं। कुक ने कहा कि भारत अप्रैल-जून तिमाही में अमेरिका में बिकने वाले आईफोन्स का कंट्री ऑफ ओरिजिन बन जाएगा। उन्होंने बताया कि एयरपॉड्स, एपल वॉच जैसे अन्य प्रोडक्ट्स भी ज्यादातर वियतनाम में बनाए जा रहे हैं।

### ट्रंप भारत-पाक संघर्ष विराम में मध्यस्थता के बयान से पलटे

**कतर** में अमेरिकी सैन्य कर्मियों को संबोधित करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा 'मैं यह नहीं कहना चाहता कि मैंने मध्यस्थता की, लेकिन मैंने पिछले सप्ताह पाकिस्तान और भारत के बीच समस्या को सुलझाने में मदद की, जो अधिक से अधिक शत्रुतापूर्ण होती जा रही थी।' यह छठी बार है जब ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच युद्धविराम कराया। ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने दोनों देशों से व्यापार के बारे में बात की। ट्रंप ने कहा कि मैंने दोनों देशों से कहा कि युद्ध के बजाय व्यापार करें। पाकिस्तान इससे बहुत खुश था और भारत भी इससे बहुत खुश था। मुझे लगता है कि वे इस रास्ते पर हैं।

**विलंब** चयन आयोग ने विज्ञापन जारी करने की कर रखी है तैयारी, सिर्फ अधिसूचना का इंतजार

# राज्य चयन आयोग में नई भर्तियों में फीस का पेंच

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

नई भर्तियों के विज्ञापन के लिए हिमाचल राज्य चयन आयोग ने जब मुकम्मल तौर पर तैयारी कर रखी है, तो फिर नई भर्तियां शुरू करने में देरी हो क्यों रही, यह सवाल कई लोगों के लिए यक्ष प्रश्न बना हुआ है। हालांकि बताया जा रहा है कि सिर्फ फॉर्म भरने की फीस की अधिसूचना जारी न होना देरी का सबब है। आयोग ने पिछले महीने कहा था कि अधिसूचना का इंतजार हो रहा है, लेकिन अभ्यर्थियों से कितनी फीस ली जाएगी, किस-किस की माफ होगी, इस पर सरकार द्वारा जारी की जाने वाली अधिसूचना के मामले में विलंब हो रहा है।





बता दें कि राज्य में कांग्रेस सरकार के गठन के बाद इस आयोग के अंदर गड़बड़झाले और खराब व्यवस्था पर विजिलेंस ने शिकंजा कसा था। कई मामले दर्ज किए जा चुके हैं। उन पर जांच चल रही है। कइयों के चालान न्यायालय में पेश हो चुके हैं, लेकिन अभी भी भर्ती प्रक्रिया से जुड़े हुए कुछ मामलों में आयोग से रिकॉर्ड लिए जाने का सिलसिला मुकम्मल तौर पर बंद नहीं हुआ है। अब क्योंकि सरकार ने पुराने भंग किए गए आयोग के नाम पर पिछले साल नया आयोग गठित कर दिया था, तो फिर अब भर्ती प्रक्रिया शुरू करने में और देरी नहीं की जानी चाहिए। बेरोजगार युवाओं को इसका इंतजार ज्यादा नहीं करवाना चाहिए। वे टकटकी लगाए आयोग के पहले विज्ञापन के जारी होने के इंतजार में हैं। (अनंत ज्ञान)

### पहले टीजीटी भर्ती की अधिसूचना होगी जारी

**जानकारी** के अनुसार आयोग ने टीजीटी के तीनों फॉर्मेट, आर्ट्स, मेडिकल और नॉन मेडिकल के पदों को विज्ञापित करने की तैयारी कर रखी है। आयोग का कहना है कि जैसे ही फीस तय हो जाएगी, अगले ही दिन विज्ञापन जारी कर दिया जाएगा। इसके लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन से भी अभ्यर्थियों को गुजरना पड़ेगा उसकी वेबसाइट भी तैयार है। लगता है देरी अब फीस निर्धारण की अधिसूचना को लेकर ही हो रही है। काबिले गौर यह है कि यह आयोग भर्तियों के इस सिलसिले में आउटसोर्स आधार पर अलग से नीति बनाकर काम कर रहा है। पेपर लेने वाली एजेंसी भी तय हो चुकी है।



**नई** भर्तियों के लिए विज्ञापन जारी करने के लिए सारी तैयारी की जा चुकी हैं। अब केवल फीस निर्धारण को लेकर जारी होने वाली अधिसूचना का इंतजार हो रहा है। अधिसूचना के जारी होते ही टीजीटी के तीनों फॉर्मेट का पहला विज्ञापन जारी कर दिया जाएगा। वन टाइम रजिस्ट्रेशन के लिए वेबसाइट भी तैयार है।

**-विक्रम महाजन, सचिव, हिमाचल राज्य चयन आयोग, हमीरपुर।**

## न्यूज ब्रीफ

### सुजानपुर में लोगों के हो रहे कार्य : कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, कैप्टन चम्बेल सिंह, जगदीश कौशिक, प्रधान गुलशन कुमार, विनय शर्मा, राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के अध्यक्ष देशराज और महासचिव अशोक चौधरी, कैप्टन संजीव राणा और जगदेव चंद ने कहा कि सुजानपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल पूरी तरह मजबूत है। किसी भी कार्यकर्ता में निराशा नहीं है। समस्या उस व्यक्ति को है, जो विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस को हराने में जुटा था। जब वहां सफल नहीं हुआ तो नगर परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव में पार्टी को नुकसान पहुंचाया। अब वही व्यक्ति कांग्रेस के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रहा है। नेताओं ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में जनता के काम सुचारु रूप से हो रहे हैं। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह क्षेत्र में समग्र विकास करवा रहे हैं। उनके ऊपर भेदभाव के आरोप निराधार हैं। सुजानपुर मुख्यालय पर सभी विभागों में विभागाध्यक्ष मौजूद हैं। केवल नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी का पद हाल ही में सेवानिवृत्त होने के कारण खाली है, बावजूद इसके अनावश्यक विवाद खड़ा किया जा रहा है। नेताओं ने सवाल उठाया कि जो व्यक्ति न कांग्रेस का है, न भाजपा का, उसे कांग्रेस की चिंता क्यों हो रही है। जिस पद की बात वह कर रहे है, उससे पहले जुबानी तौर पर बांटने वाले अब भाजपा में हैं। पूर्व विधायक और कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं, लेकिन वे उस व्यक्ति की तरह हेकड़ी नहीं दिखा रहे।

### युक्तिकरण में रैफर बैक आदेशों का स्वागत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गत 7 अप्रैल को युक्तिकरण के तहत हुए आदेशों को आखिर शिक्षा विभाग ने रद्द कर दिया है। इस युक्तिकरण प्रक्रिया में ज्वाइन कर चुके शिक्षकों की रिलीविंग को रद्द करते हुए शिक्षकों को रैफर बैक किया गया है। पूर्व आदेश रद्द करते हुए उनको अपनी इच्छा से पिछले स्कूल में पोस्ट सहित वापस भेज दिया गया है जबकि जो शिक्षक वापस नहीं जाना चाहते, उनको नए स्टेशन पर ही रखा जाने का भी विकल्प मौजूद है। इस मामले को राजकीय टीजीटी कला संघ ने मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव,शिक्षा निदेशक और मुख्य सचिव के समक्ष उठाया था। मुख्यमंत्री से संघ के आह्वान पर सचिवालय में स्पीकिंग आदेश दिए थे, मगर उनको लागू करने में हो रहे विलंब से शिक्षक निराश थे और हाईकोर्ट जाने की तैयारी में थे। ऐसे में संघ में 6 अप्रैल को मुख्यमंत्री से पुनः इस बारे में आदेश जारी करने और लागू करवाने का आह्वान किया था। मुख्यमंत्री द्वारा इस आदेश को लागू करने हेतु उनका हार्दिक आभार राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष देशराज कालिया, महासचिव विजय हीर सहित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संगीता शर्मा, रीता बत्याणी, रीता भारद्वाज, अंजु बाला, कमला चैधरी, स्टेट डेलीगेट्स संजय ठाकुर, सुरेश कुमार, रणवीर तोमर, जिला प्रधान संजय वर्मा, अजय कुमार, विजेश अत्री, विजय बरवाल, सुभाष भारती, राकेश चौधरी, पवन धीमान, कुलबीर सिंह, रिजिन संधू, यशपाल सिंह, जरनैल सिंह, मोहिंद्र ठाकुर, रमेश अत्री, अमित छाबड़ा ने व्यक्त किया है।

### आरसेटी में आरंभ हुआ टेलरिंग प्रशिक्षण कोर्स

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मट्टन सिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर में वीरवार को महिलाओं के लिए 31 दिन का टेलरिंग प्रशिक्षण कोर्स आरंभ हुआ। पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल प्रमुख नीरज कुमार आनंद ने इस प्रशिक्षण कोर्स का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए नीरज कुमार आनंद ने कहा कि आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं अपने उद्यम या कारोबार स्थापित कर सकती हैं। इसमें बैंकों की विभिन्न ऋण योजनाएं महिलाओं के लिए काफी मददगार साबित हो सकती हैं। पात्र एवं इच्छुक महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर जिला अग्रणी प्रबंधक टेकी नमग्याल और अन्य अधिकारियों ने भी महिलाओं का मार्गदर्शन किया। इससे पहले, आरसेटी के निदेशक अजय कतना ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा संस्थान की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 31 दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स के दौरान सभी प्रतिभागियों को खाना, वर्दी, स्टेशनरी और अन्य सामग्री निशुल्क प्रदान की जाएगी। कोर्स के शुभारंभ अवसर पर वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी, आरसेटी के फैकल्टी मेंबर संजय हरनोट और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### 108 और 102 कर्मचारियों की पेनडाउन स्ट्राइक जारी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिमाचल प्रदेश में 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों ने शोषण, कम वेतन और न्यायिक आदेशों की अवहेलना के विरोध में 11 मई से पेन डाउन स्ट्राइक शुरू कर दी है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें लगातार मानसिक, आर्थिक और शारीरिक शोषण का सामना करना पड़ रहा है और उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कंपनी मेड्सवान फाउंडेशन द्वारा उन्हें काम से हटाया जा रहा है, जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के प्रबंध निदेशक ने स्पष्ट आदेश दिए थे कि सभी कर्मचारियों को वापस कार्य पर रखा जाए। बावजूद इसके, कंपनी ने आदेश की अवहेलना करते हुए कई कर्मचारियों को ड्यूटी से हटा दिया है। कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष सुनील कुमार और महासचिव बालक राम शर्मा ने भोरंज में कहा कि वर्षों से कर्मचारियों की सैलरी में एक रुपए की भी बढ़ोतरी नहीं हुई है। वे महज 11,700 रुपए मासिक वेतन पर 12-12 घंटे की ड्यूटी कर रहे हैं, जिससे अपने परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। हड़ताली कर्मचारियों ने हिमाचल की जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यह लड़ाई केवल कर्मचारियों की नहीं, बल्कि आम जनता और उनके बच्चों के भविष्य की भी है। अगर उनकी मांगों पर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो एम्बुलेंस सेवाएं पूरी तरह ठप हो सकती हैं, जिससे राज्यभर में स्वास्थ्य आपातकाल जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। कर्मचारी यूनियन ने स्पष्ट किया है कि यदि राज्य में आपातकालीन सेवाएं बाधित होती हैं, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेड्सवान फाउंडेशन और एनएचएम प्रशासन की होगी।

# हिम अकादमी स्कूल की गार्गी को मेरिट में 5वां, इप्सिता को 7वां स्थान

## प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के 10वीं के परिणाम में छाए जिले के छात्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में मैरिट आए बच्चों के माता-पिता मुंह मीठा करवाते हुए।

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर के छात्रों ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में अपना वर्चस्व कायम रखा। विद्यालय के दो छात्रों गार्गी ने 98.86 प्रतिशत, इप्सिता ने 98.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट लिस्ट में पांचवां व सातवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

विद्यालय के 22 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक, 50 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 67 छात्रों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक, 75 छात्रों ने 80 प्रतिशत अधिक अंक, 78 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक, 80 छात्रों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कंप्यूटर साइंस में 38 छात्रों के शत-प्रतिशत अंक, विज्ञान में 6 छात्रों ने शत-प्रतिशत अंक, गणित में 14 छात्रों ने शत-प्रतिशत अंक, संस्कृत में 2 छात्रों व अंग्रेजी में एक छात्र ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय चेयरमैन प्रो. आरसी लखनपाल, वाइस चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल, विद्यालय निदेशक ई. पंकज लखनपाल, अकादमिक प्राचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा, प्राचार्य शशि बाला ने छात्रों के साथ-साथ अध्यापकों माया शर्मा, विनोद शर्मा, दीपा शर्मा, पंकज शर्मा, अभिषेक राणा, विपिन शर्मा, ऊमा शर्मा व शिल्पा ठाकुर को इस खुशी के मौके पर बधाई दी।

### लक्ष्मी मैमोरियल पब्लिक स्कूल के तीन छात्र मेरिट में

**लक्ष्मी** मैमोरियल पब्लिक स्कूल, भोटी के लिए आज गौरव का दिन है, क्योंकि स्कूल की तीन छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की मेरिट सूची में उच्च स्थान प्राप्त किए हैं। अक्षरा ने 693 में से 700 अंक प्राप्त कर प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। ईशा ने 691 अंक के साथ छठा स्थान, जबकि दीक्षा ने 690 अंक प्राप्त कर सातवां स्थान प्राप्त किया है। इन छात्राओं की शानदार उपलब्धि ने स्कूल, माता-पिता और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल प्राचार्य और शिक्षकों ने इन छात्रों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना की है। स्कूल प्रबंधक करतार सिंह चौहान ने इन होनहार छात्राओं और उनके परिवारों को बधाई दी है और अन्य छात्रों से भी इसी प्रकार प्रेरणा लेने की अपील की है।

वहीं, हिम गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर की दसवीं कक्षा की प्रियंसी शांडिल ने 700 में से 687 अंक प्राप्त कर बोर्ड मेरिट सूची अपना नाम दर्ज किया है।प्रियंसी की माता शिक्षक व पिता प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। बेटी इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहती है।

## बड़सर उपमंडल के छात्रों का मेरिट सूची में दबदबा

**एसके ठाकुर, बड़सर**



नीलम पब्लिक स्कूल वीहडू के छात्र कार्तिक का मुंह मीठा करवाते स्कूल प्रबंधन एवं परिवार के सदस्य।

हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित मेट्रिक परीक्षा परिणाम में टॉप 10 में बड़सर क्षेत्र के बच्चे भी पीछे नहीं रहे। नीलम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल वीहडू के कार्तिक सिंह राणा पे 700 में से 692 अंक प्राप्त कर प्रदेश भर में पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

इसी प्रकार लिटिल एजेल पब्लिक स्कूल मैहरे के राहत शर्मा 700 में से 690 अंक प्राप्त करके प्रदेश भर की मेरिट सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया है। इसी के साथ पीएम श्री गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिझड़ी की छात्रा श्रेया धीमान ने 700 में से 688 अंक प्राप्त करके प्रदेश की मेरिट सूची में नौवां स्थान प्राप्त किया है। बता दें कि बिझड़ी स्थित नवभारत पब्लिक स्कूल बिगड़ी कोटला की छात्र निमित्त शर्मा ने 700 में से 687 अंक प्राप्त करके मेट्रिक परीक्षा मेरिट सूची में हिमाचल प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। (अनंत ज्ञान)

### लेफ्टिनेंट नरैण मैमोरियल पब्लिक स्कूल घड़ोह के छात्र विकल्प बेदी टॉप टेन में



**अनंत ज्ञान, धनेटा।** लेफ्टिनेंट नरैण मैमोरियल पब्लिक स्कूल घड़ोह के छात्र विकल्प बेदी पुत्र सुरेंद्र मोहन ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा में प्रदेश स्तर पर सातवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के चेयरमैन ओम प्रकाश शर्मा ने विकल्प बेदी की इस उपलब्धि पर उन्हें, उनके अभिभावकों और स्कूल के मेहनती शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उत्कृष्ट परिणाम कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतिफल है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमन लता ने विकल्प बेदी को एक होनहार छात्र बताते हुए कहा कि उसकी इस सफलता से विद्यालय गौरवान्वित हुआ है। विकल्प बेदी के पिता सुरेंद्र मोहन एक ठेकेदार हैं और माता एक गृहिणी हैं। विकल्प ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया। उसने बताया कि भविष्य में वह इंजीनियर बनना चाहता है।

## दसवीं के परीक्षा परिणाम में प्राइवेट स्कूलों का दबदबा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा बोर्ड की दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। दसवीं की परीक्षा में जिले के प्राइवेट स्कूल के छात्रों ने बाजी मारी है, जबकि सरकारी स्कूलों के कुछ एक छात्रों ने मेरिट में स्थान पाया है। इसमें लक्ष्मी मैमोरियल पब्लिक स्कूल भोटी की छात्रा अक्षरा ने 693 अंक लेकर चौथा स्थान, हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हमीरपुर की गार्गी ठाकुर ने 692 अंक लेकर पांचवां स्थान, नीलम पब्लिक स्कूल बिझड़ी के कार्तिक राणा ने 692 अंक लेकर पांचवां स्थान हासिल किया है।

इसके अलावा लक्ष्मी मैमोरियल पब्लिक स्कूल भोटी की छात्रा ईशा ने 691 अंक लेकर छठा स्थान, शिक्षा ज्योति पब्लिक स्कूल रूढान के छात्र अंकुश शर्मा ने 691

**टॉप टेन की सूची में हमीरपुर जिले के 22 विद्यार्थियों ने पाया स्थान**

अंक लेकर छठा स्थान, जबकि हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हमीरपुर की छात्रा इपस्तिा भारद्वाज ने 690 अंक लेकर सातवां स्थान, लक्ष्मी मैमोरियल पब्लिक स्कूल भोटी की दीक्षा भी सातवां स्थान, लिटल एंजल पब्लिक स्कूल मैहरे के राहत शर्मा, लेफ्टिनेंट नरैण पब्लिक स्कूल घरोह के विकल्प बेदी ने सातवां स्थान प्राप्त किया है।

इसी के साथ 689 अंक लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज की छात्रा पलह शर्मा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बधाणी जान्वी, द मेग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर के रिशि राज केवा, न्यू गुरुकुल पब्लिक



स्कूल गोपालनगर के कार्तिक ठाकुर और द मेग्नेट पब्लिक स्कूल की शाहीन आजमी ने आठवां स्थान प्राप्त किया है।

वहीं, 688 अंक लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिझड़ी की श्रेया धीमान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चबूतरा की सपना कठीयाल ने नौवां स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ 687 अंक लेकर लिलि लिटल एंजल पब्लिक स्कूल रंगस की रिधिमा धीमान, नव भारत पब्लिक स्कूल बिझड़ी के नमित शर्मा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज की सिम्मी ठाकुर, हिम गुरुकुल लदरौर की प्रियांशी शांडिल, एम पब्लिक स्कूल के मुकुल हिमालयन और द मेग्नेट पब्लिक स्कूल की अक्षिता ठाकुर ने दसवां स्थान प्राप्त किया है। (अनंत ज्ञान)

## चबूतरा स्कूल की सपना ने बोर्ड की परीक्षा में पाया नौवां स्थान



सीनियर सेकेंडरी स्कूल चबूतरा की छात्रा सपना का मुंह मीठा करवाते अभिभावक।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सीनियर सेकेंडरी स्कूल चबूतरा की छात्रा सपना ने हिमाचल शिक्षा बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में 688 अंक लेकर नौवां स्थान प्राप्त किया है। सपना ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता तथा अध्यापकों को दिया है। सपना का मेडिकल की पढ़ाई कर डॉक्टर बनने का सपना है। सपना ने बताया कि उसकी बड़ी बहन दीक्षा ने वर्ष 2023 में बोर्ड की परीक्षा में 700 में से 693 अंक प्राप्त कर स्कूल शिक्षा बोर्ड परीक्षा में प्रदेश भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। सपना के पिता स्कूल अध्यापक हैं। सपना ने कहां की युवा पढ़ाई करें। अपने ऊपर कोई स्ट्रेस न लें।

## सुक्खू सरकार से पिछड़ों को मिली राहत : चमन राही



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री रहे जयराम ठाकुर ने दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्गों की अनदेखी करते हुए निगमों, बोर्डों और मंत्रिमंडल में मंडी जिले से किसी को ताजपोशी नहीं दी गई थी। इस कारण भाजपा सरकार को सत्ता से जाना पड़ा था। चमन वीरवार को हमीरपुर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दलितों और पिछड़ों के कल्याण के लिए विशेष घटक योजना के तहत आए पैसे से हेलिपैड बनाए गए थे, हम मांग करते हैं कि इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। भाजपा ने हमेशा ही दलित विरोधी मानसिकता के कारण भाजपा सरकारों के कार्यकाल में शांत प्रदेश हिमाचल में सबसे अधिक क्राइम हुआ है। चोर दरवाजे से भर्तियां करने की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार के समय से हुई है। इसमें दलितों, पिछड़ों को कोई प्रतिनिधितत्व नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने अच्छा फैसला लेते हुए सराहनीय कार्य किया है, जो आउटसोर्स नीति को बंद कर नई नीति बनाई जा रही है। हिमाचल प्रदेश में राहुल गांधी के फार्मूले की शुरुआत करनी चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा है कि जनसंख्या के आधार पर कांग्रेस पार्टी, सरकार और सरकारी क्षेत्र में प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में निगमों और बोर्डों में दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को बराबर प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार से पिछड़ों को राहत मिली है।

## लावारिस बच्चों के परिजन नहीं आए तो शुरू होगी गोद लेने की प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला बाल संरक्षण अधिकारी तिलक राज आचार्य ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व लावारिस अवस्था में मिले तथा बाल आश्रम सुजानपुर में रखे गए दो बच्चों के परिजन अगर सामने नहीं आते हैं तो जिला बाल कल्याण समिति इन्हें 60 दिन के बाद गोद लेने के लिए कानूनी रूप से स्वतंत्र कर देगी।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि 3 जून 2017 को अंश नाम का बालक बाल कल्याण समिति चंडीगढ़ को लावारिस अवस्था में मिला था। इस बालक को चंडीगढ़ पुलिस की सहायता से बाल आश्रम सुजानपुर भेजा गया था। इस बालक को पारिवारिक देखरेख के लिए एक परिवार में दिया गया है, परंतु आज दिन तक इस बालक से मिलने कोई भी रिश्तेदार नहीं आया। बालक अपना नाम अंश बताता है।

तिलक राज आचार्य ने बताया कि इसकी उम्र लगभग 14 साल तथा वह हिंदी भाषा की जानकारी रखता है। दूसरा बच्चा सुखदेव (सुनील) 29 मई 2021 को ऊना में लावारिस अवस्था में मिला था। इस बालक को ऊना पुलिस और जिला बाल कल्याण समिति की सहायता से बाल आश्रम सुजानपुर भेजा गया था परंतु आज दिन तक इस बालक से मिलने कोई भी रिश्तेदार नहीं आया। बालक अपना नाम सुखदेव बताता है, जिसकी उम्र 14 साल व हिंदी भाषा की जानकारी रखता है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि इन बालकों के जैविक माता-पिता या अभिभावक इन्हें लेना चाहते हैं तो वे 60 दिन के भीतर जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) के दूरभाष नंबर 01972-223344 या जिला कार्यक्रम अधिकारी के दूरभाष नंबर 01972-225085 पर संपर्क करके तथा अपनी पहचान स्वरूप दस्तावेज दिखाकर इन्हें ले जा सकते हैं।

## हमीरपुर में पहले दिन 69 किसानों से खरीदी प्राकृतिक खेती से तैयार गेहूं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्राकृतिक खेती से तैयार गेहूं और हल्दी के लिए अलग से न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने के बाद प्रदेश सरकार ने इन फसलों की खरीद वीरवार से आरंभ कर दी। हमीरपुर जिले में भी पक्काभरो में स्थित हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम में यह खरीद शुरू कर दी गई।

कृषि विभाग की आतमा परियोजना द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम के सहयोग से शुरू की गई इस खरीद के पहले दिन हमीरपुर जिले के 69 किसानों से 39 क्विंटल से अधिक गेहूं खरीदी गई। सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल ने इन किसानों को

**25 मई तक होगी गेहूं और कच्ची हल्दी की खरीद**

गेहूं की खरीद की रसीदें प्रदान कीं। गेहूं और कच्ची हल्दी की खरीद की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी।

इस अवसर पर किसानों को बधाई देते हुए सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल ने बताया कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही है और अधिक से अधिक किसानों को इसे अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। हमीरपुर जिले में लगभग 20 हजार किसान इससे जुड़कर लगभग



पक्काभरो खरीद केंद्र में उपस्थित किसान, जो प्राकृतिक खेती कर रहे हैं।

तीन हजार हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। खेती की यह विधि हमारे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण तथा मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए पूरी तरह सुरक्षित है। इसमें खेती की लागत शून्य होने के कारण किसानों को काफी ज्यादा फायदा हो सकता है और उनकी आय में काफी वृद्धि हो सकती है। आतमा परियोजना हमीरपुर के परियोजना निदेशक डॉ. नितिन कुमार शर्मा और परियोजना उपनिदेशक राकेश धीमान ने बताया कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं का खरीद मूल्य 60 रुपए प्रति किलोग्राम और भाड़ा उपदान 2 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से निर्धारित किया है। इसी तरह, कच्ची हल्दी का खरीद मूल्य 90 रुपए प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है।

इच्छुक किसान गेहूं को सही ढंग से सूखाकर और साफ करके 15 से 25 मई तक प्रतिदिन प्रात: 10 से सायं 4 बजे तक पक्काभरो में स्थित हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम में बेच सकते हैं। वीरवार को गेहूं बेचने आए शुक्कर खड्ड क्षेत्र के निवासी सुरेश चंद और टौणी देवी खंड के गांव ढांगू के सुभाष चंद ने बताया कि प्राकृतिक खेती से तैयार फसलों को प्रदेश सरकार बहुत ही अच्छे दाम दे रही है, जिससे किसानों की आर्थिकी मजबूत होगी। सुजानपुर ब्लॉक से आई प्रगतिशील महिला किसान सरिता ठाकुर, बड़सर उपमंडल के गांव करेर की किरण कुमारी, टौणी देवी खंड के गांव ढांगू की वनीता कुमारी और अन्य नि बताया कि पहले रासायनिक खाद से तैयार उनकी गेहूं लगभग 25 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बिकती थी, लेकिन अब भाड़ा उपदान सहित उनकी गेहूं 62 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रही है। कच्ची हल्दी के लिए भी 90 रुपए प्रति किलोग्राम दाम निर्धारित किया गया है। इससे किसानों को अच्छी-खासी आय हो रही है। इस अवसर पर कृषि उपनिदेशक डॉ. शशिपाल अत्री और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## टौणी देवी के कई गांवों में 16 और 17 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी/धनेटा**

विद्युत उपकेंद्र टौणी देवी में 16 मई को उपकरणों और लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते क्षेत्र के चारों अनुभागों टौणी देवी, टिक्करी, काले अंब और कोट के विभिन्न गांवों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

17 मई को टौणी देवी, टपरे, दरकोटी, छत्रैल और साथ लगते गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। सहायक अभियंता दीपक चौहान ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

**धनेटा क्षेत्र के कई गांवों कल बिजली बंद :** विद्युत उपकेंद्र धनेटा में 17 मई को उपकरणों को बदलने और लाइनों के आसपास पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते कश्मीर, कांगू और बदारन फीडर के अंतर्गत आने वाले कई गांवों में बिजली बंद रहेगी। विद्युत उपमंडल धनेटा के सहायक अभियंता ने इस दौरान क्षेत्र के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## संदिग्ध अवस्था में पेड़ से लटका मिला गुरदीप सिंह का शव

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

जिला हमीरपुर एवं बिलासपुर की सीमा के पास एक व्यक्ति का पेड़ से लटका शव मिलने से क्षेत्र के लोगों में खौफ का माहौल है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक 45 वर्षीय गुरदीप सिंह मलहेड़ा गांव का बताया जा रहा है। मृतक ट्रैक्टर चालक था और वह पिछली रात घर नहीं पहुंचा था। घर वालों ने उसको काफी देर तक साथ लगते क्षेत्र में तलाश किया परंतु वह कही नहीं मिला।

सुबह जब ग्रामीण और सगे संबंधी उसे ढूंढ रहे थे ऐसे में उक्त व्यक्ति का शव श्मशानघाट को जाने वाले रास्ते में पेड़ से लटका हुआ मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बड़सर पुलिस को दी। बड़सर पुलिस की एक टीम ने डीएसपी लाल मन के नेतृत्व में मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल हमीरपुर भेज दिया गया है। मृतक की माता ने पुलिस से गुहार लगाई कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। पुलिस ने इस मामले को लेकर कुछ लोगों के बयान कलमबद्ध किए हैं।

हालांकि पुलिस ने कहा कि प्रथम दृश्य में यह सारा मामला सुसाइड का लगता है। काबिलेगौर है कि जिस स्थान पर मृतक ने फंदा लगाया था, उस पेड़ की ऊंचाई भी 5-6 फुट से ज्यादा नहीं थी तथा उसके पांव जमीन से लटके हुए थे। डीएसपी लालमन शर्मा ने कहा कि हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है। (अनंत ज्ञान)

**लंबा इंतजार** वाहन पासिंग व्यवस्था को भी सुधारो, हर बार परेशान होते हैं वाहन मालिक

## चिलचिलाती धूप में 3 घंटे एमवीआई का इंतजार करते रहे लोग

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

चिलचिलाती धूप में यदि वाहनों की पासिंग के लिए इनके मालिकों या चालकों को 3 घंटे तक एमवीआई (मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर) का इंतजार करना पड़े, तो फिर परेशानी तो होगी ही। इक्का-दुक्का बार ऐसा हो जाए, तो भी कोई बात नहीं, लेकिन यदि व्यवस्था की यह एक रूटीन बन गई हो तो पासिंग के लिए आए लोगों का गुस्सा तो फूटना ही है। ऐसी व्यवस्था किस काम की, यदि समय पर पासिंग की कार्रवाई शुरू न हो पाए।

हमीरपुर के बाईपास रोड पर वीरवार को यही हालत थी। लंबे इंतजार के बाद तकरीबन सवा एक बजे पासिंग का सिलसिला शुरू



सड़क किनारे साहब के इंतजार में खड़े वाहन मालिक।

हुआ। कारण यह था कि एमवीआई बहुत लेट आए। एक बजे तक तो पासिंग का समय दिया हुआ था, यानी जो लोग 10 बजे मौके पर पहुंच गए, उन्होंने 3 घंटे से भी ज्यादा की चिलचिलती धूप को जो बर्दाश्त किया।

यह बेवजह की परेशानी से कम नहीं है। अफसोस यह है कि सिस्टम बनाने वाले कोई भी अधिकारी इस पर गौर नहीं कर रहे, हर बार ऐसी शिकायतें वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचती हैं। लेकिन कोई गौर नहीं होता। सीएम सुक्खू के गृह जिले में भी यदि ऐसी ही हालत हो, तो फिर अधिकारियों की लापरवाही, मनमर्जी साफ देखी जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

### धूप की तपिश झेलने को मजबूर

**सबसे** बड़ी दिक्कत यह है कि जिस जगह पर पासिंग के लिए वहां खड़े किए जाते हैं या फिर उन्हें बुलाया जाता है, वहां पर किसी तरह के भी उठने-बैठने की जगह नहीं है। छाया का भी प्रावधान नहीं है। सड़क किनारे धूप में गाड़ियों को खड़ा कर दिया जाता है और जब तक साहब नहीं पहुंचते, लोगों को सड़क पर खड़े होकर ही धूप की तपिश झेलनी पड़ती है।

### ऐसी व्यवस्था से सरकार की होती है किरकिरी

**सड़क** किनारे यहां पर वाहनों की लंबी कतारें सुबह 10 बजे के आसपास लगनी शुरू हो गई थीं और तकरीबन 50 वाहन कतार में खड़े थे। सब एक-दूसरे से पूछ रहे थे कि साहब कब आएंगे। साहब शिमला की साइड से आ रहे थे और कहा गया कि 12 बजे तक पहुंच जाएंगे, लेकिन साहब की राह देखते-देखते सवा एक बजे गए। फिर काम शुरू हुआ, लेकिन किसी के पास कोई जवाब नहीं था। फटाफट में सब कुछ निपटा दिया गया। शायद इसी से लोगों को थोड़ी राहत मिली होगी, लेकिन ऐसी व्यवस्था से सरकार और प्रशासन की किरकिरी होती है। इस पर निश्चित रूप में वरिष्ठ अधिकारियों और राजनीतिज्ञों को सोचना चाहिए। ताकि लोगों को ऐसे मौकों पर परेशानी से छुटकारा मिल सके।

## जोलसप्पड़ के रजत ने जीता शॉटपुट में ब्रांउज

**अनंत ज्ञान, रंगस।** जिला स्तरीय एथलेटिक मीट में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोलसप्पड़ के छात्र ने ब्राउंज मेडल हासिल किया है। जानकारी देते हुए स्कूल के प्रिंसिपल रतन चंद जरियाल ने बताया कि जमा एक कक्षा के रजत कुमार ने जिला एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में अंडर-16 कैटागिरी में शॉटपुट में ब्राउंज मेडल हासिल किया। जरियाल ने बताया कि प्रार्थना सभा में इस बच्चे को सम्मानित किया गया तथा अन्य स्टूडेंट्स को इससे प्रेरणा लेने का आह्वान भी किया गया। प्रिंसिपल ने इस उपलब्धि पर शारीरिक शिक्षक व सभी स्टाफ के सदस्यों और स्टूडेंटस को बधाई दी है।

## हिमाचल बोर्ड 10वीं का रिजल्ट जारी

# 95 हजार अभ्यर्थियों ने दी थी परीक्षा



**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, धर्मशाला।** 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित करने हुए बोर्ड के अध्यक्ष हेमराज बैरवा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि 10वीं कक्षा की परीक्षाएं मार्च में हुई थीं, जिसमें प्रदेशभर में करीब 95 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे थे। वहीं, स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा कहा कि प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से मार्च 2025 में दसवीं कक्षा के नियमित, अतिरिक्त विषय, श्रेणी सुधार व अनुपूरक परीक्षा के परीक्षार्थियों की परीक्षा संचालित की गई थी।

परीक्षार्थी अपना रोल नंबर डालकर एचपीबीओएसई आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परिणाम चेक कर सकते हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड मुख्यालय में कार्य दिवस के दौरान दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01892-242119 (शिमला, सिरमौर, लाहौल-स्पीति, किन्नौर), 01892-242128 (कुल्लू, ऊना, सोलन), 01892-242148 (हमीरपुर, चंबा, बिलासपुर), 01892-242149 (कांगड़ा) 01892-242151 (मंडी) पर सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

## भारतीय सेना ने पाकिस्तान को दिखाई अपनी ताकत : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि विश्व के इतिहास में ऐसा कभी कहीं नहीं हुआ होगा, जो पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की सेना ने करके दिखाया। भारतीय सेना के नौ जहाज उड़े और 23 मिनट में पाकिस्तान के नौ आतंकवादी अड्डों को बर्बाद करके सकुशल वापस आ गए। यह 23 मिनट के लिए पाकिस्तान का सारा डिफेंस सिस्टम बंद कर दिया गया था। पूरी दूनिया में भारत ने अपना एक नया गौरव प्राप्त किया है, इसलिए पूरे देश को और विशेष रूप से सेना को बधाई दी है।



उन्होंने कहा कि इन दिनों कुछ और भी महत्वपूर्ण घटनाएं घटी हैं। इस दृष्टि से उन्होंने हैदराबाद से मुस्लिम सांसद ओवैसी का विशेष जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि वह ओवैसी को एक मुस्लिम नेता समझते थे परंतु आज के बाद वे उन्हें एक राष्ट्रवादी नेता के रूप में सम्मान देंगे। उन्होंने इस सबके लिए ओवैसी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि फारूक अब्दुल्ला ने भी बड़े साहस की एक बात कही कि कश्मीर में आतंकवाद स्थानीय सहायता के बिना नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी सराहनीय शब्दों में सारी बात कही है। इनका जिक्र इसलिए कर रहा हूं कि भारत की समस्या केवल पाकिस्तान नहीं है भारत की समस्या भारत में बैठे हुए आतंकवादियों की मदद करने वाले लोग हैं।

## भारत और पाकिस्तान के बीच 1948 के ऑपरेशन गुलमर्ग से लेकर मई 2025 'ऑपरेशन सिंदूर' तक की कहानी

# भारत-पाक युद्ध में आजादी से अब तक क्या पाया, क्या खोया

**अनिल शर्मा, मंडी**

भारत और पाकिस्तान के बीच कई युद्ध हो चुके हैं, लेकिन हर बार भारत का पलड़ा भारी होने के बावजूद राजनेता पीओके को खाली करवाने में असफल रहे हैं। पाक के दो टुकड़े तक हो गए, लेकिन पीओके वापस नहीं ले पाए। भारत के सभी राजनीतिक दल कश्मीर समस्या और पीओके को राजनीतिक लाभ के लिए सुलझाना नहीं चाहती है।


कैप्टन जगदीश वर्मा।

भारत के साथ 1948 से लेकर के आज तक यानी 'ऑपरेशन सिंदूर' तक जितने भी पाकिस्तान ने युद्ध लड़े उन सबमें पाकिस्तान को करारा जवाब देकर धूल चटाई गई। इसके उपरांत भी लगातार पाकिस्तान का आतंकवादियों को मदद करना और उनका इस्तेमाल भारत के विरुद्ध करना अभी तक जारी है।

गौर हो कि 77 वर्ष पहले भारत और पाकिस्तान के अलग होने के पश्चात दोनों देशों के बीच कई युद्ध हो चुके हैं। कभी भारत का हिस्सा रहा पाकिस्तान बार-बार इसमें घुसपैठ की कोशिश करता है। कभी आतंकवाद को बढ़ावा देता है, जो युद्ध का कारण बनता है। संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा की 'अनंत ज्ञान' के साथ विशेष वार्ता में प्रबुद्ध पाठक आजादी के लेकर अब तक भारत पाक के हुए युद्धों के बारे में जानेंगे। (अनंत ज्ञान)


पाक सैनिकों द्वारा किया गया आत्मसमर्पण का दृश्य।

अनंत ज्ञान विशेष


जिन टैंकों से भारत ने युद्ध जीता था।

### विभाजन के बाद भारत-पाक में हमेशा रही तनातनी

**1947** में अंग्रेजों द्वारा भारत का विभाजन किए जाने के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच हमेशा तनातनी ही रही है। पहले एकीकृत विशाल भारत का हिस्सा रहे दोनों देशों के बीच पहला युद्ध 1948 में ही लड़ा गया था। इस युद्ध को प्रथम कश्मीर युद्ध भी कहा जाता है, जिसकी शुरुआत अक्तूबर 1947 में ही हो गई थी और इसका परिणाम जम्मू-कश्मीर का भारत में विलय था। पाकिस्तान को डर था कि महाराजा हरि सिंह भारत में शामिल हो जाएंगे। अंग्रेजों द्वारा किए गए विभाजन के बाद ही रियासतों को तीन विकल्प दिए गए थे, भारत में शामिल होना, पाकिस्तान में शामिल होना और स्वतंत्र रहना। जम्मू-कश्मीर में बहुसंख्यक मुस्लिम आबादी थी और बड़ी संख्या में हिंदू भी थे। कव्वाली इस्लामी सेना में मिली और पाकिस्तान की सेना में शामिल हो गए तत्पश्चात रियासत के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया। इससे महाराजा हरि सिंह के पास भारत में शामिल होने और सैन्य सहायता प्राप्त करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। इस युद्ध में जब भारतीय सेनाएं लगातार आगे बढ़ रही थीं उस समय के राजनीतिज्ञों द्वारा इस युद्ध को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ले जाया गया और 22 अप्रैल 1948 को प्रस्ताव 47 पारित किया गया। नियंत्रण रेखा का जन्म उसी दिन हुआ था एक जनवरी 1949 को 23.59 बजे युद्ध विराम की घोषणा की गई। भारत के पास जम्मू और कश्मीर के दो तिहाई हिस्से पर नियंत्रण था, जबकि पाकिस्तान ने गिलगित, बाल्टिस्तान और आजाद कश्मीर पर कब्जा कर लिया था। भारत इसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर उसी समय से कहता आया है, जो आज तक हमारे देश के लिए सर दर्द बना हुआ है।

### 1965 का युद्ध

**इसमें** 1948 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की यादें थी, जिसने शायद पाकिस्तान को ही हद तक परेशान कर दिया था कि उसने फिर से कश्मीर में घुसपैठ करने की कोशिश की युद्ध पाकिस्तान के ऑपरेशन जिब्राल्टर के बाद शुरू हुआ, जहां पड़ोसी देश की सेना ने भारत सरकार शासित क्षेत्रों में घुसने और विद्रोह बढ़ाने की कोशिश की। भारत ने इस समय पश्चिमी पाकिस्तान के खिलाफ पूरे पैमाने पर सैन्य प्रतिक्रिया शुरू की। युद्ध 17 दिनों तक लड़ा गया और दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए और घायल हुए। यह युद्ध द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़े टैंकों का युद्ध हुआ था। इस युद्ध में भारत का पलड़ा भारी था, क्योंकि पाकिस्तान ने विद्रोह कराया था, लेकिन फिर भी ताशकंद में हुए इस समझौते में भारत का पलड़ा भारी होने के बावजूद भी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को खाली करवाने के बारे में कोई तवज्जो नहीं दी गई।

### 1971 का युद्ध बांग्लादेश मुक्ति संग्राम

**बांग्लादेश** पहले पूर्वी पाकिस्तान था। यह संकट शेख मुजीबुर रहमान और याहया खान तथा जुल्फ अली कर भुट्टो के बीच राजनीतिक लड़ाई के कारण पैदा हुआ था। इसके बाद पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान के बीच युद्ध की घोषणा हो गई और बांग्लादेश पाकिस्तान से आजादी चाहता था। ऑपरेशन सर्चलाइट चलाया गया, इसके बाद बांग्लादेश पर अत्याचारों के बाद लगभग 10 मिलियन बंगाली भारत आ गए और शरणार्थी के रूप में बस गए। इसके बाद भारत ने बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और पाकिस्तान ने भारत पर ऐतिहाती हमला करने की गलती की। यही वह समय था जब भारत और पाकिस्तान के बीच फिर से युद्ध शुरू हो गया। भारतीय सहस्त्र सेनाओं ने पाकिस्तान के करीब 15000 स्क्वायर किलोमीटर तक की जमीन पर कब्जा कर लिया था। पाकिस्तान के कश्मीर पाकिस्तान पंजाब और सिंध क्षेत्र में प्राप्त की भूमि बाद में शिमला समझौते में पाकिस्तान को उपहार के रूप में वापस दे दी गई थी। इसके बाद पाकिस्तान सेना ने पूर्वी पाकिस्तान में आत्म समर्पण कर दिया और बांग्लादेश गणराज्य राज्य का जन्म हुआ। भारत ने इस युद्ध में भी पाकिस्तान से पाक अधिकृत कश्मीर को खाली करवाने का मौका हाथ से गवां दिया।

### 1999 का युद्ध कारगिल घुसपैठ

**इसे** आमतौर पर कारगिल युद्ध के नाम से जाना जाता है। पाकिस्तानी सैनिकों ने नियंत्रण रेखा के पार घुसकर घुसपैठ की और कश्मीर के कारगिल जिले में भारतीय क्षेत्र पर अपना कब्जा जमा लिया। भारत ने न सिर्फ सैन्य जवाब दिया, बल्कि कूटनीतिक तौर पर भी पाकिस्तान के पीछे पड़ गया था। घुसपैठ के 2 महीने के भीतर ही उनके कब्जे वाली चोटियों को भारत ने वापस ले लिया। बड़े पैमाने पर सैन्य वृद्धि का डर था, जिसके बाद अमेरिका मजबूरी में पाकिस्तान पर पीछे हटने के लिए दबाव डालने लगा। उस समय के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने बाद में अंतरराष्ट्रीय मीडिया को सूचित किया कि ऑपरेशन में 4000 से अधिक पाकिस्तानी सैनिक मारे गए।

### 2025 का युद्ध 'सिंदूर ऑपरेशन'

**वर्ष** 22 अप्रैल को पाकिस्तान में ट्रेन उग्रवादियों ने पहलगाम कश्मीर में निर्दोष 26 पर्यटन की हत्या कर दी, जिससे पूरा देश आक्रोश में आ गया और इसी का बदला लेने के लिए कठोर कदम उठाए गए, जिसमें सिंधु पानी समझौता को रोकना, पाकिस्तान के नागरिकों का वीजा कैंसिल करना आदि शामिल हैं। इसके पश्चात 6 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में चल रहे 9 उग्रवादियों के अड्डों को निशाना बनाकर ध्वस्त कर दिया और अब संघर्ष विराम हो गया है।

### जीत का श्रेय भारतीय सहस्त्र सेनाओं को

**भारत** ने सभी युद्धों में पाकिस्तान को हराया और इसका मुख्य श्रेय भारतीय सहस्त्र सेनाओं को जाता है, जिन्होंने 1965 के युद्ध में चीन से दो-दो हाथ किए और इसके पश्चात हर युद्ध को जीत में बदला। भारतीय सेना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी देशों को बता दिया कि भारतीय सेना कितनी सक्षम है।

### हिमाचल का रहा बड़ा योगदान, नहीं बनी हिमाचल रेजिमेंट

**इन** युद्धों में हिमाचल प्रदेश का बहुत बड़ा योगदान रहा, जिसमें हिमाचल प्रदेश के सशस्त्र सेनाओं के शूरवीर सैनिक प्रशंसा के पात्र हैं। 1948 में भारतवर्ष का पहला परमवीर चक्र हिमाचल प्रदेश जिला कांगड़ा के मेजर सोमनाथ शर्मा ने प्राप्त किया था। इसके बाद भी दूसरे युद्ध में आज तक पूरे भारतवर्ष में 21 परमवीर चक्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें से चार हिमाचल प्रदेश के नाम हैं। शुरू से ही भारत के इतिहास में हिमाचल प्रदेश का नाम सशस्त्र सेनाओं में सबसे आगे रहता है। इसके बावजूद बड़े दुख की बात है कि आज तक भारतीय सेवा में हिमाचल रेजिमेंट का गठन नहीं हो पाया है, जिसके लिए हमारे प्रदेश और केंद्र सरकार के राजनेता पूर्ण रूप से जिम्मेदार हैं।


मेजर सोमनाथ शर्मा।

### प्रशंसनीय 'ऑपरेशन सिंदूर'

**अभी** हाल ही में चल रहे ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जितना प्रशंसा की जाए वह कम है। यह एक बहुत ही साहसिक कदम है, क्योंकि पाकिस्तान को उनकी ही भाषा में जवाब देना बहुत अनिवार्य था। पाकिस्तान की सेना भारतीय सशस्त्र सेनाओं के सामने एक दिन तक भी टिक नहीं सकती। इसके साथ ही यह भी बताना जरूरी है कि भारतवर्ष के भूतपूर्व सैनिकों को भी देश की सरकार के साथ खड़े रहना चाहिए और किसी भी स्थिति से निकलने के लिए सेकेंड लाइन ऑफ डिफेंस के लिए तत्पर रहना अति आवश्यक है। इसमें कोई शक नहीं कि इस युद्ध में जीत भारत की होगी।

# सीएम ने प्रत्येक हलके में मिशन मोड पर चलाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्राकृतिक रूप से तैयार फसलों को अब सही मंच मिलेगा। रासायनिक खेती से इतर प्राकृतिक उत्पादों को वाजिब दाम मिलेंगे। बाकायदा प्रदेश सरकार ने गुरुवार से कुदरती रूप से उगाई गई फसलों के बेचने के इच्छुक किसानों का पंजीकरण शुरू कर दिया है। यह विशेष पंजीकरण अभियान एक माह तक चलेगा। सीएम सुखविंद्र सिंह

### प्राकृतिक उत्पादों की बिक्री के लिए किसानों के पंजीकरण शुरू

सुक्खू ने कृषि विभाग को इस अभियान को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मिशन मोड पर चलाने के निर्देश दिए हैं, ताकि अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जा सके।

सरकार की तरफ से जानकारी दी गई है कि यह अभियान इस वर्ष 15 जून तक चलेगा। इसके उपरांत प्रदेश सरकार द्वारा बजट का प्रावधान किया जाएगा, जिसमें कृषि विभाग की ओर से शिविर लगाकर किसानों का योजना के तहत पंजीकरण किया जाएगा। विभाग द्वारा खंड स्तर के अधिकारियों को किसानों की हरसंभव सहायता प्रदान करने और अभियान से जुड़ी उनकी शंकाओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं।

### हल्दी और जौ न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में

**मुख्यमंत्री** सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक रूप से उगाई गई गेहूं, मक्की, कच्ची हल्दी और जौ के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने की पहल की है। राज्य सरकार ने प्राकृतिक रूप से उगाई गई गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 40 रुपए से बढ़ाकर 60 रुपए प्रति किलोग्राम और मक्की के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 30 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए प्रति किलोग्राम किया है। इसके अतिरिक्त, प्राकृतिक रूप से उगाई गई कच्ची हल्दी के लिए एमएसपी 90 रुपए प्रति किलोग्राम और चंबा जिला के पांगी ब्लॉक में पैदा होने वाली जौ के लिए 60 रुपए प्रति किलोग्राम एमएसपी निर्धारित की गई है।

### कृषि उत्पादों को एमएसपी प्रदान कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की पहल

**मुख्यमंत्री** की इस अभिनव पहल का उद्देश्य प्राकृतिक रूप से उगाए गए कृषि उत्पादों को एमएसपी प्रदान कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। प्रदेश में दी जाने वाली एमएसपी देश में सबसे अधिक है। इसके अतिरिक्त, हजारों पशुपालकों को लाभान्वित करने के लिए, राज्य सरकार 51 रुपए प्रति लीटर की दर से गाय का दूध भी खरीद रही है, जबकि भैंस के दूध के लिए 61 रुपए प्रति लीटर एमएसपी निर्धारित की गई है। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने और पशुपालकों की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए उठाए गए इन प्रगतिशील कदमों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है।

## पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के खिलाफ अभद्र फेसबुक पोस्ट पर एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के विरुद्ध फेसबुक पर आपत्तिजनक, अशोभनीय एवं मानहानिकारक पोस्ट साझा करने के आरोप में थाना सुंदरनगर के अंतर्गत कमल गौतम, निवासी ननावां तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई सब डिविजनल न्यायालय सुंदरनगर के अधिवक्ता अरुण प्रकाश आर्य द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर की गई है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि बीते 12 मई को आरोपी कमल गौतम ने अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट सांझा की, जिसमें इंदिरा गांधी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग किया गया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि यह पोस्ट अब तक लोगों द्वारा कई बार साझा हो चुकी है, जिससे सामाजिक सौहार्द को खतरा और सार्वजनिक शांति भंग होने की स्थिति उत्पन्न हो रही है। वहीं, पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सहकारिता आसान विकल्प है, कृषि आर्थिकी का आधार : संजय चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने आनी के दलाश में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष मनाए जाने के उपलक्ष में महत्वपूर्ण शिविर बैठकों के एक मुख्य शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सहकारिता समितियों तथा बैंकों के लगभग 150 महत्वपूर्ण प्रतिनिधि उपस्थित हुए, जिन्होंने अपने-अपने संबंधित क्षेत्र में आती सहकारी समिति के कार्यशैली, प्राप्त लाभ तथा आ रही समस्याओं को विधिवत्त रूप से जानकारी उपलब्ध करवाई।

बैठक में बैंक के महाप्रबंधक राज नारायन जमालटा ने किसानों, बागवानों व कामगारों के लिए चलाई जा रही हितकारी ऋण योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर


आनी, दलाश में संजय चौहान का स्वागत करते लोग।

चौहान ने कहा कि बैंक ने वर्तमान में प्रदेश के किसानों के लिए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण में तेजी लाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के दिशा-निर्देशों के अनुसार महिलाओं और युवाओं के लिए नई ऋण योजनाएं लाने पर भी बैंक विचार कर रहा है।

# पारदर्शिता से खरीदें स्वास्थ्य मशीनरी और उपकरण : शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने गुरुवार को विशेष उच्चाधिकार क्रय समिति की बैठक कहा कि समिति पारदर्शी तरीके से विश्व स्तरीय स्वास्थ्य संबंधी मशीनरी और उपकरणों की खरीद सुनिश्चित करें, ताकि राज्य के लोगों को अत्याधुनिक और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य के लगभग 50 विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित किए गए हैं। इन स्वास्थ्य संस्थानों में छह-छह विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों को उच्च स्तरीय सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। यह संस्थान चरणबद्ध तरीके से सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित किए जाएंगे। नव स्थापित आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों सहित प्रदेशभर में सभी स्वास्थ्य संस्थानों को मजबूत करने के लिए अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद का कार्य प्रगति पर है।

उन्होंने कहा कि नवीनतम मशीनों से लैस होने के उपरांत यह स्वास्थ्य संस्थान लोगों को गुणवत्तापूर्ण उपचार सुविधा प्रदान करने में मील पत्थर साबित होंगे। इससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए घरों से दूर या राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

# हिमाचल में इकोनॉमिक इन्वेस्टीगेटर 40 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



हिमाचल में स्टेट विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो कांगड़ा की टीम ने इकोनॉमिक इन्वेस्टीगेटर को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इकोनॉमिक इन्वेस्टीगेटर तिलक राज उद्योग विभाग संसारपुर टैरेस कांगड़ा में सेवारत था।

वह कांगड़ा में सिंगल विंडो क्लीयरेंस एजेंसी (स्ङ्खष्ट) में इकोनॉमिक इन्वेस्टीगेटर के पद पर कार्यरत हैं। विजिलेंस ने उसे शिकायतकर्ता बरवाड़ा निवासी प्रभाकरण की शिकायत पर रिश्वत लेते हुए पकड़ा।

दरअसल, प्रभाकरण से तिलक राज रिश्वत मांग रहा था। उन्होंने इसकी सूचना विजिलेंस को दी। इसके बाद विजिलेंस ने अधिकारी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया और आज रिश्वत के साथ धर दबोचा। विजिलेंस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। तिलक राज मूल रूप से कांगड़ा जिला के ही नगरोटा बगवां का रहने वाला बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने इंडस्ट्री यूनिट की इंस्पेक्शन रिपोर्ट फेवर में देने के लिए रिश्वत मांगी थी। (अनंत ज्ञान)

## अनुसूचित जाति विकास योजना के बजट में कटौती का उठा मामला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने वीरवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना से भेंट की। इस मौके पर आयोग के सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा और दिग्विजय मल्होत्रा भी उपस्थित रहे। कुलदीप ने राज्य से संबंधित विभिन्न मुद्दों, विशेषकर अनुसूचित जाति विकास योजना (एससीडीपी) के अंतर्गत बजट में कटौती के संबंध में चर्चा की। उन्होंने राज्य के लिए अनुसंधान एवं विकास प्रभाग के अंतर्गत बजट प्रावधान करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने छावनी क्षेत्रों के निकट या मध्य में रहने वाली आबादी के मुद्दों को हल करने के लिए आयोग से हस्तक्षेप करने और इन्हें रक्षा मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत करने का भी आग्रह किया। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने उनके मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुना और राज्य को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## 'माय भारत' के तहत युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने का आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की प्रमुख पहल 'माय भारत' के अंतर्गत देशभर के युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी विपिन कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह अभियान युवाओं को राष्ट्रीय हित में सशक्त भूमिका निभाने और आपातकालीन परिस्थितियों में सक्रिय रहने व सहयोग देने के लिए प्रेरित करने की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस राष्ट्रव्यापी पहल का हिस्सा बने और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण करें।

## कसुम्पटी क्षेत्र में विकास कार्यों पर 250 करोड़ किए जा रहे व्ययः अनिरुद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने वीरवार को कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मशोबरा के सीपुर में पारंपरिक दो दिवसीय जिला स्तरीय सीपुर मेले के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पारंपरिक मेले हमारे जीवन में सामाजिक मेल-मिलाप के साथ-साथ समृद्ध संस्कृति को संजोए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा इस विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण के लिए लगभग 250 करोड़ की राशि स्वीकृत की है, जिससे इस विधानसभा क्षेत्र विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इस अवसर पर महापौर सुरेंद्र चौहान, उप-महापौर उमा कौशल, पंचायत समिति अध्यक्षा चंद्रकांता वर्मा आदि मौजूद रहे।

**राहत** — बैंकों से ट्रेजरी में भेजे जा रहे करोड़ों रुपए, अलग-अलग विभागों के खातों से बैंक भेज रहे ब्याज की रिकवरी

# ब्याज से भरेगी हिमाचल सरकार की तिजोरी!

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

वित्तीय संकट से जूझ रही सूबे की सरकार की तिजोरी बैंकों से मंगवाए गए ब्याज से भरने लगी है। इसका सिलसिला शुरू हो चुका है ज्यादातर बैंकों ने बीती देर रात तक विभिन्न विभागों के खातों से करोड़ों की राशि ट्रेजरी में ट्रांसफर कर दी है। जहां अड़चने थीं, वहां पर अभी भी मशक्कत जारी है और अलग-अलग बैंकों के माध्यम से इस पर बड़े स्तर पर काम हो रहा है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

हालांकि, यह सारा काम टाइमबाउंड था, लेकिन तकनीकी कारणों से इसमें अभी देरी भी जारी है। एक मोटे अनुमान के मुताबिक 800 करोड़ के आसपास यह पैसा सरकार के खाते में जाएगा, जिसका उपयोग सरकार करेगी।

सूत्रों के मुताबिक इस पैसे का उपयोग पहले कभी नहीं हुआ। जिन-जिन विभागों के खातों में राज्य सरकार विकास कार्यों के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पैसा आवंटित करती थी। उन खातों में संबंधित बैंक ब्याज भी लगाया करते हैं, लेकिन क्योंकि यह सारा पैसा राज्य सरकार का है और करोड़ों का यह ब्याज अभी तक कहां और कैसे खर्च होता था? इस पर ज्यादा क्लेरिटी नहीं है। अब क्योंकि राज्य



सरकार ने भेजी गई सारी राशि या बकाया राशि पर संबंधित खातों में ब्याज के रूप में जो पैसा अंकित किया गया है, उसे राज्य सरकार के वित्त विभाग ने ट्रेजरी में डालने को कहा है। यह काम तेजी के साथ बैंकों में चल रहा है। राष्ट्रीय स्तर के बैंक इसमें काफी काम कर चुके हैं।

अकेले केसीसी बैंक में ही जिसकी शाखाएं तकरीबन 5 जिलों में हैं, 16 करोड़ के आसपास ब्याज किया राशि अब ट्रेजरी में जमा होनी है। इस पर काम हो रहा है, लेकिन बैंक के भीतर कई तरह की दिक्कतें भी हैं। क्योंकि जिनके खाते हैं, उनकी सहमति लिए बगैर इस ब्याज के पैसे को ट्रेजरी में ट्रांसफर नहीं किया जा सकता, इसी पर केसीसी बैंक में माथापच्ची हो रही है। बैंक की भीतरी व्यवस्था से जुड़े हुए लोगों से जो जानकारी मिल रही है, उसमें कहा गया है कि बुधवार तक ब्याज की इस राशि को ट्रांसफर करने के लिए कहा गया था। देर रात तक यह काम चलता रहा, लेकिन जहां काम अभी फंसा हुआ है, वहां अभी भी जारी है। अगले कुछ दिनों में इस तरह की सारी राशि को ट्रेजरी में वापस भेजने के काम को बैंक अंजाम दे देंगे। कारण साफ है वित्तीय स्थिति की मौजूदगी में यदि राज्य सरकार ऐसा कर भी रही है, तो इसमें बुराई कोई नहीं है, क्योंकि उसी के द्वारा भेजे गए पैसे पर यह इंटरेस्ट यानी ब्याज मिला है और उस राशि को यदि वापस ट्रेजरी में बुलाया जा रहा है, तो इसमें दिक्कत भी कोई नहीं है। राज्य सरकार को इससे बल मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### डीएसपी अनिल कुमार को मिला प्रशंसा पत्र



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** युद्ध की संभावनाओं के बीच सिविल और आर्मी के बीच बेहतरीन सामंजस्य के लिए सेना ने बैजनाथ के डीएसपी अनिल शर्मा की सराहना की है। 39 माउंटेन आर्टिलरी ब्रिगेड की तरफ से उन्हें अनुकरणीय सेवा के लिए प्रशंसा पत्र दिया है। ब्रिगेडियर एमई खान की तरफ से उन्हें प्रशंसा पत्र दिया गया। अनिल शर्मा एक साल से बैजनाथ में डीएसपी के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने नशा तस्करों व असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ एक व्यापक अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है। जरूरतमंद लोगों की यथासंभव सहायता प्रदान करने के लिए डीएसपी अनिल शर्मा ने इलाके में एक अलग ही पहचान बनाई है। (अनंत ज्ञान)

### राजपूत कल्याण सभा धीरा की बैठक 18 को

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजपूत कल्याण सभा धीरा इकाई की बैठक इकाई के मुख्य सलाहकार किशोरी लाल मेहता की अध्यक्षता में काली महादेव मंदिर धीरा में 18 मई को सुबह 10:00 बजे होगी। सभी राजपूत कल्याण सभा धीरा के सदस्यों से अनुरोध है कि वे इस मीटिंग में अधिक संख्या में आकर अपनी हाजिरी सुनिश्चित करें। इस मीटिंग में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती जोकि 29 मई को धर्मगिरि पठियार में मनाई जा रही है, उसको लेकर चर्चा की जाएगी। राजपूत कल्याण सभा धीरा के सदस्य अभियान को गति प्रदान करने हेतु भी चर्चा की जाएगी। यह जानकारी ध्यान सिंह पटियाल प्रधान राजपूत कल्याण सभा धीरा ने दी। (अनंत ज्ञान)

### नैहरनपुखर आईटीआई में 21 को रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान, गरली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नैहरनपुखर में 21 मई को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। यह इंटरव्यू ऑटोमोबाइल कंपनी अशोक लीलैंड, पंतनगर (उत्तराखंड) की ओर से करवाया जा रहा है। आईटीआई 2024-25 सत्र के पास आउट प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिसशिप के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान करना है। संस्थान के प्रधानाचार्य ललित मोहन एवं ट्रेनिंग समन्वय अधिकारी ने जानकारी दी कि यह कैंपस इंटरव्यू केवल फ्रेशर उम्मीदवारों के लिए है, जिन्होंने फिटर, इलेक्ट्रिशियन, डीजल मैकेनिक, टर्नर, वेल्डर, मशीनिस्ट, मोटर मैकेनिक व्हीकल, वायरमैन या ट्रैक्टर मैकेनिक ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 15,000 रुपए का स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा। उम्मीदवार की आयु सीमा 18 से 21 वर्ष निर्धारित की गई है। (अनंत ज्ञान)

### श्रीमद्भागवत कथा: भक्ति रस में डूबा चेलियां गांव



**अनंत ज्ञान, गरली।** टीहरी के चेलियां गांव में ग्रामवासियों के सौजन्य से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। कथा व्यास आचार्य भवानी शंकर ने सती चरित्र, कपिल भगवान की शिक्षाएं और ध्रुव चरित्र का भावविभोर करने वाला वर्णन प्रस्तुत किया। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। ग्रामीणों और दूर-दराज से आए भक्तों ने भागवत कथा का रसास्वादन करते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आचार्य भवानी शंकर की ओजस्वी वाणी और गूढ़ आध्यात्मिक ज्ञान ने श्रोताओं के हृदय को स्पर्श किया। उन्होंने सती माता के आदर्शों, कपिल भगवान के तत्वज्ञान और बालक ध्रुव की अडिग भक्ति के माध्यम से जीवन में धर्म, आस्था और संयम की महत्ता को रेखांकित किया।

### महाराणा प्रताप स्कूल के होनहार चमके



**कोहली, शाहपुर।** महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल सिहवा की स्टूडेंट्स स्मृति ने 91.57 फीसदी और तन्मय ने 90.14 फीसदी अंक हासिल कर एक बार फिर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रबंधक कर्नल एसएस राणा ने सभी अध्यापकों और अविभावकों को को बधाई दी। बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। (अनंत ज्ञान)

# दुर्घटनाओं का कारण बना पंचरुखी का ब्याडा चौक

## लोगों ने की डिवाइडर की ऊंचाई बढ़ाने की मांग, बोले- यहां हो चुके हैं कई हादसे

**अजय पाल, पालमपुर**



डिवाइडर में कोई रिफ्लेक्टर न लगाने से रात के समय होते ज्यादा हादसे।

**पंचरुखी** से बैजनाथ रोड में ब्याडा चौक पर बने डिवाइडर के कारण हर दूसरे दिन कोई न कोई गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो रही है। इस डिवाइडर की ऊंचाई इतनी कम है कि छोटी गाड़ी के चालक को कई बार नजर न आने से गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है।

इस डिवाइडर में विभाग ने कोई रिफ्लेक्टर भी नहीं लगाया है, जिसकी वजह से रात के समय ज्यादा हादसे होते हैं। जबसे यह डिवाइडर बनाया है, तब से लेकर अब तक दर्जनों गाड़ियां इस डिवाइडर से टकराकर टूट चुकी हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार विभाग से इस डिवाइडर की ऊंचाई बढ़ाने की गुहार लगाई, लेकिन विभाग ने कोई

**लोगों ने विभाग को दी विरोध प्रदर्शन की चेतावनी**

कार्रवाई नहीं की। लोगों का कहना है कि अगर जल्द इस डिवाइडर को ठीक नहीं किया गया तो विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी। सहायक अभियंता हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग पंचरुखी ने कहा कि इस डिवाइडर को लेकर हो रही दुर्घटनाओं की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि इस डिवाइडर को हटाकर वहां पर साइन बोर्ड लगा दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## कृषि विश्वविद्यालय को डॉ. एस. चिन्नामणि उत्कृष्टता पुरस्कार मिलने पर गर्व : नवीन



कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने की कृषि वानिकी वैज्ञानिकों के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना।

**अनंत ज्ञान , पालमपुर**

**चौधरी** सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कृषि वानिकी वैज्ञानिकों के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना करते हुए कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने केंद्र की हाल ही में राष्ट्रीय मान्यता पर बहुत गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय के कृषि वानिकी केंद्र, जो देशभर के 32 केंद्रों में से एक है, उसको कृषि वानिकी प्रसार में उत्कृष्ट कार्य करने पर 'डॉ. एस. चिन्नामणि उत्कृष्टता पुरस्कार' प्रदान किया गया है, जो हमारी वैज्ञानिक टीम के समर्पण और उत्कृष्टता का प्रमाण है। इस तरह के प्रयास कृषक समुदाय को लाभान्वित करने और क्षेत्र में सतत हरित विकास को बढ़ावा देने में एक लंबा रास्ता तय करेंगे। भारतीय कृषि वानिकी सोसायटी की ओर से दिया जाने वाला यह पुरस्कार राष्ट्रीय कृषि वानिकी दिवस 8 मई को झांसी में प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार किसानों के खेतों में कृषि वानिकी तकनीकों को स्थानांतरित करने में उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। पालमपुर में कृषि वानिकी के प्रधान वैज्ञानिक और प्रभारी अधिकारी डॉ. रामेश्वर कुमार ने टीम की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार मिलने पर गर्व है।

## गरली स्कूल के अंशुल शेरिया ने झटका टॉप-10 में 8वां स्थान

### 700 में से 672 अंक हासिल कर चमकाया क्षेत्र का नाम

**सालविया शर्मा, गरली**



अंशुल और अक्षिता को मिठाई खिलाकर दी बधाई

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से वीरवार को घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली का प्रदर्शन शानदार रहा। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा और सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की।

इस सफलता में सबसे खास उपलब्धि रही छात्र अंशुल शेरिया की, जिसने 700 में से 672 अंक प्राप्त कर प्रदेशभर की टॉप टेन मेरिट लिस्ट में 8वा स्थान हासिल किया है। अंशुल की इस उपलब्धि से विद्यालय सहित समूचे क्षेत्र में खुशी की लहर है। अक्षिता दयोल ने 685 अंक लेकर अपने स्कूल में दूसरा स्थान व अक्षित ने 672 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया है। प्रधानाचार्य अनिरुद्ध शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई दी। प्रधानाचार्य ने कहा कि अंशुल शेरिया की यह उपलब्धि स्कूल व परिवार और क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

## नंदेहड़ और पुराना मटौर में कल बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल नं. ।। के सहायक अभियंता ने बताया कि 11 केवी बगली फीडर के तहत 17 मई को बिजली लाइन के सामान्य रखरखाव के चलते नंदहेड़, पुराना मटौर, बगली, अंसोली, पटौला, घाना, गंग भैरों, गगल, चैतड़ू, बनवाला, मनेड़, मस्तपुर, कंदरेहड़, सराह, लोअर सकोह, पुलिस लाइन सकोह व साथ लगते क्षेत्रों में सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे या कार्य की समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। वहीं, 250 केवीए लोअर दाड़ी ट्रांसफार्मर के तहत 17 मई को विद्युत लाइन के जरूर रखरखाव के चलते लोअर दाड़ी, जय शिव नगर, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, दाड़ी के निकट, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निकट और साथ लगते क्षेत्रों में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे या कार्य की समाप्ति तक बिजली आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल का 12वीं कक्षा का रिजल्ट 100 फीसदी, अनिरुद्ध 97 फीसदी अंक लेकर टॉपर



**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

**प्रताप** वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार अपनी सफलता का परिचय दिया है। 12वीं कक्षा का रिजल्ट 100 फीसदी रहा है। 20 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, स्कूल के उच्च शैक्षणिक मानकों को दर्शाता है। अनिरुद्ध ने 97 % के साथ टॉप किया है। जिया अत्री ने 96%, सादिया हैदर 94%, रूद्र वर्मा 93%, परीक्षित सिंह 92%, निहारिका नरमा 92%, जैनब अख्तर 91%, श्रेया वर्मा 91%, राहत शब्बीर 91% समीर 91%, कीर्ति 91%, साहिल इंडोरिया 91%, सुहानी ठाकुर 91% तनिष्का 90%, ललिता 90%, स्टैंडजिन चुस्कीत 90% और सय्यम कुंडल ने 90% अंक प्राप्त किए। वहीं, 90 से अधिक विद्यार्थियों ने 80% और उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जो स्कूल की समग्र और निरंतर शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। 5 विद्यार्थियों ने जेईई मैन्स में क्वालीफाई किया है और कई अन्य विद्यार्थियों ने एनडीए, यूसीईईडी जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण की हैं, जो यह दिखाता है कि स्कूल अपने छात्रों को कक्षा से बाहर भी सफलता के लिए तैयार कर रहा है। डायरेक्टर सनी महाजन ने कहा कि यह परिणाम हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रमाण है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी न केवल अकादमिक क्षेत्र में बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

डायरेक्टर ओशिन महाजन ने कहा कि हम प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमताओं को निखारने और उन्हें उत्कृष्टता की दिशा में मार्गदर्शन देने में विश्वास रखते हैं। 100 फीसदी परिणाम और राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता इसी सोच की सफलता को दर्शाता है। प्रिंसिपल शुभ्रा रानी ने विद्यार्थियों बधाई दी।






**गोबिंदसागर झील में शुरू हुआ ऐतिहासिक प्रोजेक्ट**

**चार द्वीपों को बनाया जा रहा पर्यटन केंद्र तीन की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण**

**बिना सरकारी बजट के जन सहभागिता मॉडल से चलेगा यह प्रोजेक्ट**

# बिलासपुर बना हिमाचल का पहला आइलैंड टूरिज्म हब

**हिमाचल प्रदेश पारंपरिक पर्वतीय पर्यटन से आगे बढ़ते हुए जल पर्यटन (वॉटर टूरिज्म) के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखने जा रहा है। इस दिशा में पहला ऐतिहासिक कदम बिलासपुर जिले के गोबिंदसागर झील में शुरू हुए आइलैंड टूरिज्म प्रोजेक्ट के रूप में देखा जा रहा है। इस परियोजना के तहत प्रदेश का पहला आइलैंड टूरिज्म प्रोजेक्ट आरंभ हो चुका है, जो न केवल हिमाचल के पर्यटन मानचित्र को नया आयाम देगा, बल्कि रोजगार, निजी निवेश और स्थानीय विकास की संभावनाओं को भी सशक्त करेगा। गोबिंदसागर झील में चार द्वीपों को आइलैंड टूरिज्म के लिए विकसित किया जा रहा है। इनमें से तीन द्वीपों की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। हाल ही में तीसरे टेंडर को लेकर एक बड़ी सफलता मिली है। यह टेंडर झंडूता तहसील के तहत आने वाले भोलू और ज्योर (ज्योरी पतन) द्वीपों के लिए था, जिसे 3,15,000 रुपए की उच्चतम बोली पर शिमला जिले के वीरेंद्र कुमार (मित्तलघोड़ा चौकी) को सार्वजनिक रूप से आवंटित किया गया।**

### हिमाचल पर्यटन को मिलेगी नई पहचान

यह परियोजना अंडमान-निकोबार और केरल जैसे प्रतिष्ठित वॉटर टूरिज्म स्थलों की तर्ज पर विकसित की जा रही है, जिससे पर्यटकों को रोमांचक अनुभव मिलने के साथ-साथ हिमाचल के पर्यटन की नई पहचान बनेगी। इस परियोजना के तहत जिन सुविधाओं को शामिल किया जा रहा है, वे किसी भी आधुनिक पर्यटन स्थल की जरूरतों को पूरा करती हैं। इनमें बोटिंग, एडवेंचर स्पोर्ट्स, इको-फ्रेंडली स्टे, होटल, रेस्टोरेंट, फिशिंग जोन, बोनफायर साइट्स, डेस्टिनेशन वेडिंग, हाइकिंग ट्रेल्स, और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं। विशेष रूप से रात के समय आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में हिमाचली लोक संगीत और नृत्य के माध्यम से स्थानीय संस्कृति को वैश्विक मंच पर पहुंचाने की योजना बनाई गई है। इसके माध्यम से न केवल पर्यटक आकर्षित होंगे, बल्कि स्थानीय कलाकारों को भी अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। यह परियोजना जन सहभागिता मॉडल पर आधारित है। सरकारी बजट नहीं लगाया जा रहा, बल्कि निजी निवेश को प्रोत्साहित कर प्रशासनिक आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की जा रही है। आपको बता दें कि बिलासपुर के इस आइलैंड टूरिज्म की शुरुआत पूर्व में रहे उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने की है। उनका कहना था कि हमारा उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय रोजगार सृजन, निजी निवेश को प्रोत्साहन और आत्मनिर्भर प्रशासन की दिशा में ठोस कदम बढ़ाना है। यह मॉडल हिमाचल के अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। इस परियोजना से स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। युवाओं को गाइडिंग, बोट ऑपरेशन, फूड सर्विस, सांस्कृतिक गतिविधियों और पर्यटन प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित कर रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। यह युवाओं के पलायन को रोकने में भी मददगार साबित हो सकता है।

*प्रस्तुतिः शुभम राही, बिलासपुर*



### हिमाचल का पहला जल आधारित टूरिज्म हब

इस प्रोजेक्ट के साथ ही बिलासपुर हिमाचल का पहला ऐसा जिला बनने की ओर अग्रसर है, जो आइलैंड टूरिज्म की शुरुआत कर रहा है। आज गोबिंदसागर झील सिर्फ एक प्राकृतिक सौंदर्यस्थल नहीं, बल्कि यह जल, नभ और थल तीनों क्षेत्रों में पर्यटन का समेकित केंद्र बनता जा रहा है। इस योजना की सफलता न केवल हिमाचल को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगी, बल्कि पूरे उत्तर भारत में बिलासपुर को एक प्रमुख जल पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करेगी।

*आइलैंड टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन प्रयासरत है। यहां पर जल्द कार्य शुरू होगा और इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान होंगे। बिलासपुर जिले में वाटर टूरिज्म को बढ़ाया जा रहा है। जिले में कई अन्य प्लानिंग के साथ कार्य किया जा रहा है।*
**-राहुल कुमार, डीसी बिलासपुर।**

# धरती पर स्वर्ग सैंज घाटी का शांघड़ मैदान

## मैदान में नहीं एक भी कंकड़-पत्थर

*शंगचूल महादेव ने पांडवों को दी थी यहां शरण, आज भी होता परंपरा का निर्वहन*

*स्विट्जरलैंड के नाम से जाना जाता है सैंज घाटी का शांघड़*



*सैंज के शांघड़ स्थित मैदान और देवता शङ्चुल महादेव का मंदिर।*

### मंदिर का इतिहास

**अज्ञातवास** के समय जब पांडव यहां रुके थे, तो कौरव उनका पीछा करते हुए यहां पहुंच गए थे। शंगचूल महादेव ने कौरवों को यह कहकर वापस लौटा दिया कि यह मेरा क्षेत्र है और जो भी मेरी शरण में आएगा उसका कोई कुछ बिगाड़ सकता। इसके बाद कौरव वापस लौट गए थे। तभी से यह परंपरा चली आ रही है।

### यहां नहीं आ सकती पुलिस

**आप** यह जानकर हैरान हो जाएंगे कि यहां पर पुलिस के आने पर बैन है यानी की यहां पर पुलिस न आज तक आई है और न ही कभी यहां के स्थानीय लोग उन्हें आने देंगे। यहां पर आप किसी भी तरह का कोई हथियार लेकर भी नहीं जा सकते हैं।

*शांघड़ मैदान का इतिहास अपने-आप में गौरवशाली है, जहां हमेशा देवता के नियमों का पालन किया जाता है। मैदान में लोगों की सुविधा के लिए प्रशासन के सहयोग से यहां बेहतर सुविधाएं देने के लिए हमेशा प्रयासरत हैं।* **-सुधा शर्मा, कारदार देवता शङ्चुल महादेव शांघड़।**

**कुल्लू** जिले के शांघड़ गांव में आपको शांति व अलौकिक दिव्य शक्तियों का अहसास होगा। बंजार उपमंडल की सैंज घाटी के अंतिम छोर पर बसा शांघड़ गांव जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। करीब डेढ हजार की आबादी वाली शांघड़ पंचायत के बीचोंबीच फैला देवता शंगचूल महादेव का मैदान आपको यहां की सुंदरता का बखान करने के लिए बार-बार विवश करेगा। मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से जाना जाने वाला 128 बीघा में फैला यह मैदान अपने चारों ओर देवदार के घने पेड़ों से घिरा ऐसा प्रतीत होता है मानो इसकी सुरक्षा के लिए प्रकृति ने पहरेदार खड़े किए हों। वहीं, मैदान के तीन किनारों पर काष्ठकुणी शैली में बनाए गगनचुंबी मंदिर इसकी शोभा में चार चांद लगा देते हैं। इतने बड़े मैदान में न तो कोई कंकड़-पत्थर है और न ही किसी प्रकार की झाड़ियां। जनश्रुति के अनुसार द्वारयुग में अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने शंगचूल महादेव से शरण ली थी और इस जगह को धान की फसल बीजने के लिए छाना था और तब से लेकर इस जगह पर एक पत्थर तक नहीं है। शांघड़ के आराध्य देवता शंगचूल महादेव के नाम से दर्ज इस स्थान में कुल्लू जिले के साथ-साथ मंडी-सराज के भी कुछ देवता शक्ति अर्जन के लिए यहां आते हैं, जबकि घाटी के मनुऋषि, देवता ब्रह्मा, देवसेवक शांघड़ी सहित अनेकों देवता यहां मूल रूप से शुद्धि लेते हैं। स्थानीय निवासी मोती राम दूमच, प्यारे लाल, मनोज शर्मा ने बताया कि शंगचूल महादेव ने 300 बीघा भूमि में से यह मैदान गोमाता को चराने के लिए रखा है व अन्य भूमि ब्राह्मण पुजारी व बजंतरी मुजारों में देवसेवा के लिए बांटी है।

**प्रस्तुतिः कमलेश वर्मा, कुल्लू।**


# गर्मी से हैं आहत तो हिमाचल में मिलेगी राहत

## प्राकृतिक नजारों का उठाएं लुत्फ और थकान मिटाएं

**देश** में गर्मी अपने यौवन पर है। मैदानी इलाके चिलचिलाती धूप की जद में है। दोपहर में गर्मी सितम ढहा रही है। पारा दिन व दिन बढ़ रहा है, तो अगर आप भी गर्मी से कुछ राहत पाना चाहते हैं और अपने परिवार के साथ चंद खुशनुमा पल बिताना चाहते हैं, तो इन गर्मियों में हिमाचल जरूर आएं। हो सकता है आप हिमाचल पहले भी आए हों, लेकिन इस बार हम आपको हिमाचल की अप्रीतम जगहों के बारे में बताएंगे। जहां आपको भीड़भाड़ कम और सुकून ज्यादा मिलेगा। पालमपुर स्थित चाय के बागानों से कुछ ही दूरी पर बसा अंद्रेटा गांव आपकी गर्मी की थकान मिटाने के लिए बेस्ट जगह है। यह गांव से दूर है और काफी शांत है। धौलाधार पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा यह गांव अपने आप में बेमिसाल है। गांव में मिट्टी के बर्तन बनाने का काम होता है, जो इसकी खूबसूरती को और अधिक निखारता नजर आता है।

***पब्बर नदी देती रोमांचकारी एहसासः*** शिमला जिले के रोहड़ू क्षेत्र में बहने वाली पब्बर नदी भी रोमांचकारी एहसास देती है। आसपास के नजारों का लुत्फ उठाने के साथ-साथ आप और भी कई चीजों का आनंद ले सकते हैं। आप ट्रैकिंग, कैंपिंग, साइक्लिंग आदि जैसी कई मजेदार चीजों का लुत्फ उठा सकते हैं।

- ***बैरल।*** खूबसूरत शहर शिमला से चार घंटे की दूरी पर मौजूद बैरल बेहद खूबसूरत जगह है। यहां के पारंपरिक घर इसकी खूबसूरती में चार-चांद लगाते हैं। इन घरों की खासियत यह है कि यहां के निचले तल पर पालतू जानवर रहते हैं और ऊपरी मंजिल में लोग बसते हैं। जो पुरातन संस्कृति की जीती जागती मिसाल है।
- ***छितकुल।*** जनजातीय किन्नौर जिले में छितकुल गांव इंडो-चाइना बॉर्डर के पास है। यहां का साफ वातावरण और पहाड़ों से आती शीतल हवाएं काफी सुकून देती हैं। यहां घर लकड़ियों से बने होते हैं, जिनका आकार किसी मंदिर जैसा होता है।
- ***बरोट।*** बरोट हिमाचल के लिए किसी खजाने से कम नहीं है। सूरज की किरणों के साथ इसकी खूबसूरती देखते ही बनती है। झील और झरने इसकी खूबसूरती में चार-चांद लगााते हैं। झील का साफ पानी आपको रोमांच से भर देता है। शांत झील बिलकुल नया एहसास दिलाती है। वहीं, खजियार, लांगजा, गुशैनी, रक्षम, चायल में भी प्राकृतिक आनंद उठा सकते हैं। **प्रस्तुति : सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।**



## न्यूज ब्रीफ

### क्षेत्रीय रोजगार ऑफिस धर्मशाला में साक्षात्कार 21 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि डॉक्टर रेड्डी लैबोरेट्रीज लिमिटेड, बद्दी की ओर से सेल्फ मैनेज्ड टीम के 55 पद क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी, धर्मशाला को अधिसूचित किए गए हैं। इन पदों के लिए पुरुष एवं महिला दोनों ही आवेदक पात्र होंगे व शैक्षणिक योग्यता बाहरवीं पास( साइंस), कम से कम 60 प्रतिशत तथा आयु 18 से 20 वर्ष रखी गई है। आवेदक 2024-25 का पासआउट होना चाहिए। अभ्यर्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कॉपी व अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो) तो 20 मई, 2025 को उप रोजगार कार्यालय, देहरा व 21 मई को क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय धर्मशाला में सुबह 10:00 बजे पहुंचकर कंपनी के समक्ष साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये मो 07807822548 पर संपर्क कर सकते हैं।

### अंजली बनना चाहती प्रशासनिक अधिकारी



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** अंजली का सपना प्रशासनिक अधिकारी बनने का आरती निवासी स्थाना का उद्देश्य प्रशासनिक अधिकारी बनने का है। मीडिया से बात करते हुए आरती ने बताया कि वह अपने परिणाम का श्रेय अपने माता-पिता तथा अध्यापकों को देती है । आरती के पिता पेशे से ड्राइवर तथा माता गृहिणी है। वहीं, उनके ताया चमन कुमार स्कूल प्रबंधक कमेटी के प्रधान हैं। उन्होंने बताया कि बेटी बचपन से ही मेहनती है। उन्होंने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

फ़ोटो : अपने माता पिता के साथ अंजली।

### उपमुख्य सचेतक ने स्टूडेंट्स को दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि यह उल्लेखनीय परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, निरंतरता और पढ़ाई के प्रति समर्पण को दर्शाता है। विद्यार्थियों को अपने माता-पिता, शिक्षक एवं शुभचिन्तकों के योगदान को सदैव याद रखना चाहिए, जिनके मार्गदर्शन में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है।

### रमेड़ और दैहण में देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के तहत भवारना पुलिस की टीम ने ब्लॉक रोड रमेहड़ में नारायण सिंह निवासी दैहन तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा से 7500 रुपए मिलीलीटर देसी शराब बरामद की। इसके साथ-साथ 14 मई को दैहण में सुरेंद्र कुमार निवासी दैहण तहसील पालमपुर जिले की दुकान से 6000 रुपए मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है । पुलिस ने मामले दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नगरोटा सूरियां कॉलेज में सॉफ्टवेयर डेवेलपमेंट स्पर्धा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां में राष्ट्रीय तकनीकी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका आयोजन इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की ओर से डॉ. पुष्पा यादव की अध्यक्षता में किया गया। महाविद्यालय में सॉफ्टवेयर डेवेलपमेंट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए एक प्रवेश सॉफ्टवेयर विकसित किया। आशीष बामटा ने राष्ट्रीय तकनीकी दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों की स्वदेशी तकनीक के विकास में भूमिका को स्पष्ट किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने अपनी तकनीकी प्रतिभा का परिचय देते हुए एक प्रभावी व उपयोगी एडमिशन सॉफ्टवेयर तैयार किया, जो आगामी प्रवेश प्रक्रिया को सरल व डिजिटल बनाने में मदद करेगा। प्राचार्य अरुण चंद्र ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

# धर्मशाला में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

## पाकिस्तान के खिलाफ गरजे भाजपा नेता, जयराम बोले- पीएम मोदी ने अभी ऑपरेशन सिंदूर को रोका, खत्म नहीं हुआ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की सोच व भारतीय सेना के शौर्य से पाकिस्तान के खिलाफ सफल हुए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भाजपा नेताओं, पूर्व सैनिकों, विभिन्न एनजीओ व समस्य वर्ग की ओर से धर्मशाला के कोतवाली बाजार से कचहरी चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान भारतीय सेना के शौर्य को लेकर नारे लगाए और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और लोग शामिल हुए।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से भारत की सेना, जिसने वीरता के साथ पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध लड़ा और पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया, उस सेना का सम्मान किया जा रहा है। तिरंगा यात्रा के जरिए ऑपरेशन में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि अभी ऑपरेशन को रोका है, खत्म नहीं हुआ है, अगर पाकिस्तान के ओर से जरा भी नापाक हरकत की गई तो युद्ध आर-पार होगा। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व वर्तमान सुलह के विधायक विपिन परमार, धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा आदि मौजूद रहे।



सफल ऑपरेशन सिंदूर व सेना के साहस के लिए धर्मशाला में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा नेता।

### भारत की मारक क्षमता को दुनिया ने देखा : बिंदल

**डॉ.** बिंदल ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने अदम्य साहस, वीरता दिखाते हुए पाकिस्तान की ओर से प्रायोजित आतंकवाद के ठिकानों को ध्वस्त किया। आधुनिक तकनीक के माध्यम से अचूक निशानेबाजी करते हुए बिना पाकिस्तान में घुसे पाकिस्तान की रक्षा प्रणाली को ध्वस्त किया है। इस ऑपरेशन सिंदूर ने सारे विश्व की आंखे खोलकर रख दीं और भारत की मारक क्षमता को दुनिया ने देखा और सराहा। उन्होंने कहा कि चार लोकसभा क्षेत्र में 14 से लेकर 17 मई तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी

### सैनिकों के साहस के लिए तिरंगा यात्रा : विपिन परमार

**पूर्व** विधान सभा अध्यक्ष विपिन परमार ने कहा कि भारतीय सेना ने अदम्य साहस दिखाया है और प्रधानमंत्री मोदी के निर्णय के साथ मिलकर इस ऑपरेशन के परिणामस्वरूप उन आतंकवादियों का सफलतापूर्वक सफाया हो गया। हमारी सेना ने केवल उन जगहों पर सटीक हमला किया है, जहां आतंकवादी मौजूद थे। मैं सैनिकों और वैज्ञानिकों को धन्यवाद देता हूं। यह इतिहास रहा है कि जब भी कोई हमला हुआ है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जवाबी कार्रवाई की गई है। मैं ऑपरेशन सिंदूर के लिए पीएम मोदी और भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई देता हूं।

### भाजपा नेताओं ने शहीद पवन के घर जाकर दी श्रद्धांजलि

**जयराम** ठाकुर, डॉ. राजीव बिंदल, विपिन सिंह परमार, त्रिलोक कपूर व अन्य भाजपा नेताओं ने वीरवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी में पाकिस्तान सेना की गोलीबाली में शहीद हुए शाहपुर से संबंध रखने वाले सूबेदार मेजर पवन कुमार के घर पहुंचकर परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं जताई और उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि मां भारती की रक्षा के लिए पवन ने दुश्मनों को वीरता का परिचय दिया है, देश उनके बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा।

### ऑपरेशन सिंदूर पर बेवजह और अनुचित सवाल न उठाए कांग्रेस : जयराम

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने धर्मशाला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का लक्ष्य आतंकी ठिकानों को समाप्त करना, जो अब तक अछूते और सुरक्षित माने जाते थे, क्योंकि यह लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों के खिलाफ थी, पाकिस्तान की सेना के खिलाफ नहीं। भारतीय सेना ने 9 आतंकी ठिकाने ध्वस्त किए, जिनमें से 5 पाक अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओके) में और 4 पाकिस्तान के भीतर स्थित थे। भारतीय सेना ने कई आतंकियों का सफाया किया है। उन्होंने कहा कि आज का भारत बदल चुका है। यह नया भारत शांति चाहता है, पर आतंक के समूल विनाश के लिए किसी भी सीमा तक जाने को तत्पर है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने स्पष्ट कर दिया है कि अब भारत किसी प्रकार के आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेसऑपरेशन सिंदूर पर बेवजह और अनुचित सवाल न उठाए।

## शायना ने प्रदेशभर में पहला स्थान हासिल कर चमकाया स्कूल का नाम



न्यूगल पब्लिक स्कूल भवारना की छात्रा शायना ठाकुर के प्रदेशभर में प्रथम आने पर खुशी मनाते अध्यापक।

**राकेश डोगरा, डरोह**

**उपमंडल** भवारना के तहत न्यूगल पब्लिक स्कूल भवारना की छात्रा शायना ठाकुर ने हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित दसवीं कक्षा के परिणाम में प्रथम स्थान हासिल करके प्रदेश में विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय चेयरमैन अंकुर कटोच, निदेशक अशोक कटोच व प्रधानाचार्या निशा गुलेरिया ने इस शानदार सफलता पर बेटी व उसके माता-पिता को विशेष रूप से बधाई दी व समस्त स्टाफ को इस सफलता का श्रेय दिया। गत वर्ष भी इस विद्यालय की छात्रा ने प्रदेशभर में द्वितीय स्थान हासिल किया था। प्रधानाचार्या निशा गुलेरिया कहा कि शायना कक्षा नर्सरी से इस विद्यालय में पढ़ रही है व पढ़ाई के अतिरिक्त भाषण प्रतियोगिता, कला स्पर्धा व अन्य गतिविधियों में भी अग्रणी रही है। वहीं, चेयरमैन अंकुर कटोच कहा कि बेटी की कड़ी मेहनत रंग लाई है। रात 2 बजे तक पढ़ना व अध्यापकों से हर तरह से विषय वस्तु पर ज्ञान लेना भी काम आया। डायरेक्ट अशोक कटोच ने इसका श्रेय अध्यापकों को दिया।

शायना ने कहा कि उसकी माता गृहिणी है व पिता होटल में कार्यरत हैं। उन्होंने मुझे सदैव पढ़ने के लिए प्रेरित किया। वर्तमान में शायना कक्षा 11 में नॉन मेडिकल की पढ़ाई कर रही है। चेयरमैन अंकुर कटोच ने कहा कि लगातार दो वर्ष इस शानदार सफलता ने विद्यालय की गुणात्मक शिक्षा पर मोहर लगा दी है। उन्होंने आशा व्यक्त की आगामी वर्षों में भी शानदार परीक्षा परिणाम का क्रम जारी रहेगा। (अनंत ज्ञान)

### पीएम श्री बीटीसी कन्या स्कूल की ईशा चौधरी ने झटके 689 अंक

**भूषण शर्मा, नूरपुर।** विधानसभा नूरपुर के पीएम श्री बीटीसी गर्ल्स स्कूल की छात्रा ईशा चौधरी ने दसवीं कक्षा के रिजल्ट में 700 में 689 अंक हासिल कर स्कूल व नूरपुर का नाम पूरे प्रदेश में चमकाया है।



नूरपुर की पंचायत भलूण गांव बारल निवासी ईशा चौधरी का एक छोटा भाई भी है, जो आठवीं कक्षा में पढ़ रहा है, जबकि पिता रशपाल सिंह (प्रिंटिंग) और माता सोनी देवी गृहिणी हैं। ईशा की माता ने बताया कि ईशा पढ़ाई में शुरू से ही बहुत अच्छी रही है। ईशा ने बताया कि वह आज बहुत खुश है तथा इसका सारा श्रेय मेरे माता-पिता तथा अध्यापकों को देना चाहती हूं, जिन्होंने हर वक्त मेरा सपोर्ट किया तथा आगे चलकर वह साइंटिस्ट बन कर देश की सेवा करना चाहती है। (अनंत ज्ञान)

## कनिष्क हेड ब्वॉय और ओशीन को चुना हेड गर्ल



नगरोटा सूरियां डीएवी स्कूल में कार्यक्रम के दौरान अध्यापकों के साथ स्टूडेट्स।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां**

**डीएवी** सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां का अलंकरण समारोह स्कूल कैंपस में आयोजित किया गया। छात्र परिषद चयन में कनिष्क को हेड ब्वॉय, ओशीन को हेड गर्ल, सूर्यांश राणा को कैप्टेन, सानवी को वाइस कैप्टन, अर्नव कौशल को वाइस हेड ब्वॉय, कनिका को वाइस हेड गर्ल, परनीत काहलों व कृतिक को डिसिप्लिन कैप्टन, अरमान एवं दीक्षा को स्पोर्ट्स कैप्टन चुना गया। स्कूल प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल ने छात्र परिषद की सराहना की और उन्हें अपने कर्तव्यों के निर्वहन में निष्पक्ष और ईमानदार रहने की सलाह दी।

## भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ के आठ विद्यार्थी टॉप-10 में



**जितेंद्र कौशल बैजनाथ**

**स्कूल** शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ के आठ विद्यार्थियों ने टॉप टेन में स्थान हासिल किया है। स्कूल के एमडी नवनीत डोगरा ने सभी बच्चों को बधाई दी है। मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों में आरुषि ठाकुर बीड़, तेजस चौधरी गांधीग्राम, वान्य शर्मा बीड़, अमीषा पॉल बीड़, पुरंजय बसोना, समीक्षा कटोच कंदराल, दिशा ठाकुर, हर्षित शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### 17.91 ग्राम चिट्टे के साथ सास-बहू गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस की ओर से नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहित एक महिला के पास से 17.91 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया है। एपी अशोक रतन ने बताया कि बुधवार को छन्नी गांव के एक घर में छापेमारी की गई। चंपा व उसकी बहू साक्षी पत्नी राजन के रिहायशी मकान में छापामारी करके चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने सास और बहू को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## प्रदेश सरकार कर रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सृदृढ़ : बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

- बोले- कृषि व बागवानी के विकास पर खर्च होंगे 2 हजार करोड़ रुपए

**पर्यटन** निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि व बागवानी क्षेत्र को सुदृढ़ कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर रही है। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष के दौरान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रदेश सरकार 2 हजार करोड़ रुपए व्यय करेगी।



वीरवार को नगरोटा बगवां तथा कांगड़ा में जनसमस्याएं सुनने के उपरांत आरएस बाली ने कहा कि कृषि व बागवानी उत्पादों का प्रसंस्करण कर उनका विपणन करने के लिए बेहतरीन व्यवस्था विकसित की जा रही है। इसी दृष्टिकोण के साथ दुग्ध क्षेत्र के विकास के लिए भी नवोन्मेषी प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में पशुधन का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश सरकार की ओर से हिम गंगा योजना को प्रथम चरण में पायलट आधार पर हमीरपुर और कांगड़ा जिलों में आरंभ किया गया है। मिल्कफेड की ओर से मंडी, कुल्लू और शिमला जिलों में 120 स्वचालित और 32 डिजिटल दूध संग्रहण इकाइयां स्थापित की गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित हल्दी गेहूं और मक्का के समर्थन मूल्य को इस वित्त वर्ष में क्रमशः 90 रुपए 60 रुपए तथा 40 रुपए प्रति किलोग्राम करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस वर्ष एक लाख नए किसानों को प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लाने का लक्ष्य रखा है तथा प्राकृतिक खेती करने वाले सभी किसानों को हिम परिवार रजिस्टर से जोड़ा जाएगा। बाली ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए सरकार कारगर कदम उठाए जा रहे हैं, राज्य में राजीव गांधी योजना आरंभ की गई है इसके साथ ही नियमित तौर पर रोजगार मेलों का आयोजन भी किया जा रहा है, ताकि युवाओं को घरद्वार पर रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें।

## न्यू ईरा स्कूल छतड़ी के पांच स्टूडेंट्स ने टॉप 10 में बनाई जगह



**कोहली, शाहपुर**

दसवीं के परीक्षा परिणाम में शाहपुर न्यू ईरा स्कूल ऑफ साइंस छतड़ी के पांच विद्यार्थियों ने प्रदेश में टॉप 10 में जगह बनाई, जिसमें एंजल धीमान, वंशिका अवस्थी ने 692 अंक लेकर प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया एंजल भविष्य में सर्जन बनकर देश की सेवा करना चाहती है एंजल के पिता दुकानदार तथा माता अध्यापिका है वंशिका अवस्थी ने 692 अंक लेकर प्रदेश में पांचवा स्थान हासिल किया वंशिका अवस्थी के पिता विजय अवस्थी दुकानदार तथा माता अलक्षा एक कुशल गृहणी है वंशिका अवस्थी भविष्य में डॉक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहती है । इशिता ने 690 अंक लेकर प्रदेश में सातवां स्थान इशिता भविष्य में पायलट बनना चाहती है इशिता के पिता ड्राइवर तथा माता आंगनवाड़ी वर्कर है और युवांशी तथा यादिका चंदेल ने 687 अंक लेकर दसवां स्थान हासिल किया युवांशी के पिता सॉफ्टवेयर इंजीनियर और माता ग्रहणी है तथा यादिका के पिता इलेक्ट्रीशियन तथा माता गृहणी है भविष्य में हृदय रोग विशेषज्ञ बनाकर अपनी सेवाएं देगी,यादिका डॉक्टर बनकर सेवाएं देगी । इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री कंचन सिंह भडवाल, प्रधानाचार्य श्री सचिन पगरोत्रा ने स्कूल अध्यापकों व बच्चों और उनके माता-पिता को बधाई दी । (अनंत ज्ञान)

## ग्रीन व्यू पब्लिक हाई स्कूल डाढ का नतीजा शानदार

**राज, चामुंडा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में ग्रीन व्यू पब्लिक हाई स्कूल डाढ ने शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट परिणामों के साथ सफलता का नया मुकाम हासिल किया है। मनत ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया। अक्षिता ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कनिष्का ने 93.1 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। त्रिशा ने 92.5 प्रतिशत और ख़ुशी ने 91 प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय ने उनके समर्पण और कड़ी मेहनत का उत्सव मनाया। स्कूल के प्रबंध निदेशक हरबंस लाल कौंडल ने सभी मेधावी छात्रों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही सभी विद्यार्थियों से अपनी पढ़ाई पर फोकस करने तथा कड़ा परिश्रम करने की प्रेरणा दी ताकि, आगामी वर्षों में भी यह स्कूल सफलता के मामले में गौरव का कारण बने।




**कार्यक्रम** सेंट्रल यूनिवर्सिटी शाहपुर में राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ पर कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने किया आह्वान

# सफल अनुसंधान के लिए 'लैब टू फील्ड' पर काम करें शोद्यार्थी

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

- जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें: डॉ. नवीन

**नवाचार** के लिए युवा मस्तिष्कों का पोषण विषय पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ केंद्रीय विश्वविद्यालय के शाहपुर परिसर में हुआ। स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज की ओर से हिमालयन लाइफ साइंस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से प्रमुख वैज्ञानिक, शिक्षाविद् एवं शोधार्थी शामिल हुए।

सम्मेलन के संयोजक एवं सीयूएचपी के स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज के डीन, प्रो. सुनील कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए सम्मेलन के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि एवं सीयूएचपी के कुलपति, प्रो. सत प्रकाश बंसल ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में छात्रों और शोधकर्ताओं को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय में बहुविषयक दृष्टिकोण व नवाचार वृद्धि पर प्रकाश डाला। उन्होंने 'लैब टू फील्ड' पर जोर डालते हुए शोधार्थियों को सफल अनुसंधान के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों की ओर से एब्स्ट्रैक्ट बुक का विधिवत उद्घाटन किया गया, जो इस कार्यक्रम की शैक्षणिक उपलब्धियों का प्रतीक है। चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति, प्रो. नवीन कुमार ने कहा कि छात्रों की संबोधित करते हुए कहा कि अपने जीवन का एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें। छात्रों से आग्रह किया कि वे रणनीतिक कार्य योजना तैयार करें और दृढ़ परिश्रम के साथ आगे बढ़ें।



एब्स्ट्रैक्ट बुक का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि एवं सीयूएचपी के कुलपति, प्रो. सत प्रकाश बंसल।

उन्होंने कहा कि जीवन में केवल एक ही योजना पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि 'प्लान बी' भी सदैव तैयार रखना चाहिए, जिससे असफलता की स्थिति में निराशा के बजाए सकारात्मक विकल्प पर काम किया जा सके।

बदलते समय में युवाओं के पास विभिन्न परिस्थितियों में समाधान खोजने की योग्यता होनी चाहिए, तभी वे समाज और राष्ट्र निर्माण में सशक्त योगदान दे सकते हैं। अंत में सम्मेलन के आयोजन सचिव, डॉ. राकेश ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, सहभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त कर राष्ट्रगान के साथ इस सत्र का समापन किया। (अनंत ज्ञान)

**कार्यालय ग्राम पंचायत लागधार**
**विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी (हि.प्र.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

**ग्राम** पंचायत लागधार विकास खंड सदर मंडी जिला मंडी में आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित्त वर्ष 2025-26 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 24-05-2025 को 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएगी व दिनांक 26-05-2025 की अपराहन 12 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी।

**सामग्री का विवरण:** 1. रेत (KANSA QUERRY)- Per cubic meter, 2. रेत (CRUSHER)- Per cubic meter, 3. बजरी (KANSAQUERRY)- Per cubic meter, 4. बजरी 10mm (CRUSHER), 5. बजरी 20mm (CRUSHER) Per cubic meter, 6. बजरी 40mm (CRUSHER)- Per cubic meter, 7. सोलिंग/बोल्डर पत्थर Per cubic meter, 8. पत्थर (Cut Stone)- Per cubic meter, 9. ईट Per Bricks,10. ह्युम पाईप (ब्यास (dia) के अनुसार-Per Pipe, 11. जेसीबी Per Hours, 12. सटरिंग Per Square Meter, 13. सीमेंट ढुलाई, 14. सुचना पट्ट -4*4 फुट।

**शर्तें-** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीयन, पैन संख्या, TIN नम्बर होना आवश्यक है। 2. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएं। 3. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री Per Bag Mandi to Tarnoh ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Farm जमा करवाने होंगे। सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 4. निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरिक्षत रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा।
किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक। 5. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाड़ी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी। 6. सामग्री की आपूर्ति पंचायत से सप्लाई आर्डर जारी होने के बाद ही दी जाएगी अन्यथा सप्लाई कर्ता स्वयं उतरदायी होगा। 7. निविदादाताओं को 25000/-रु धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सुचना पट्ट के निविदाताओं को अलग से 5000/-रु धरोहर राशि जमा करवानी होगी। 8. निविदाताओं को दरें निविदा में टैक्स सहित या बिना टैक्स के दर्शानी अनिवार्य होगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत लागधार, विकास खंड सदर मंडी**

## न्यूज ब्रीफ

### डीसी ने केंद्र की योजनाओं को लागू करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय आयुष मिशन को प्रभावी बनाने के लिए सोसायटी का दफ्तर जिला आयुष कार्यालय में स्थापित होगा। जिला आयुष सोसायटी द्वारा आयुर्वेद विभाग में किए जाने वाले कार्यों जैसे कि बिल्डिंग निर्माण, दवाइयां खरीदना व अन्य कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। सोसायटी के गठन को लेकर उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बैठक में बताया कि सोसायटी का पंजीकरण शीघ्र किया जाए, इसके अलावा केंद्र सरकार से प्रायोजित योजनाओं का क्रियान्वयन करवाना है, इनमें मुख्य तौर पर मैन पावर की नियुक्ति करना, केंद्र सरकार के विभिन्न प्रोजेक्टों की निगरानी करना, सोसायटी के बेहतर संचालन के लिए नियम तैयार करना और समय समय पर उनमें बदलाव किया जाएगा। इस सोसायटी की समय-समय पर बैठक भी आयोजित होंगी। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### 31 तक पूर्ण करें परिसीमन प्रक्रिया : अनुपम

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य चुनाव इस वर्ष के अंत तक होने की सम्भावना है। इस संदर्भ में सभी खंड विकास अधिकारियों को अपने क्षेत्र के अधीन पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन क्षेत्र (वार्डों) के परिसीमन की प्रक्रिया को तुरंत प्रभाव से आरम्भ कर 31 मई, 2025 या उससे पूर्व प्रकाशित करने के निर्देश दिए हैं।

### विक्रमादित्य आज टुटू में करेंगे एमसी पार्किंग का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 16 मई, 2025 को शिमला के टुटू क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने यहां जारी अपने बयान में दी। उन्होंने बताया कि विक्रमादित्य सिंह 16 मई को प्रातः 11:45 बजे टुटू में नवनिर्मित एमसी पार्किंग का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत वह 'मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम' के तहत लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

### उपभोक्ता 22 तक करवाएं बिजली मीटर की ईकेवाईसी

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** विद्युत उपमंडल चोपाल के तहत आने वाले विद्युत उपभोक्ताओं की घरेलू विद्युत मीटर संख्या को उपभोक्ता के आधार कार्ड से जोड़ने/केवाईसी की प्रक्रिया जिसकी शुरुआत 1 अक्टूबर 2024 से की गई थी, लेकिन अब तक केवल 61 प्रतिशत घरेलू उपभोक्ताओं का ही सर्वेक्षण किया गया है जो कि एचपीएसईबीएल के सभी सब डिवीजन में सबसे कम है। जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक केवाईसी नहीं करवाया है वे 22 मई से पहले सबडिवीज़न कार्यालय में या अनुभाग केंद्र चौपाल, चम्बी, मैड़ोग, सरैन, धवास, खदर जो भी उपयुक्त हो जाकर केवाईसी करा लें। विद्युत उपमंडल चोपाल के सहायक अभियंता हिमांशु ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग करने की अपील की है।

### चूड़धार पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए लंगर सेवा प्रारंभ

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** जिला शिमला, सिरमौर व उत्तराखंड के जौंसार बाबर क्षेत्र के लोगों के आराध्य देवता शिरगुल महाराज की तपोस्थली चूड़धार में बुधवार से हर साल की तरह निशुल्क लंगर सेवा शुरू कर दी गई है। अब चूड़धार पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालुओं को दो समय निशुल्क लंगर उपलब्ध रहेगा। लंगर सेवा शुरू होने के बाद पहली ही रात्रि चूड़धार पहुंचे सैकड़ों लोगों ने भंडारा ग्रहण किया। चूड़धार यात्रा बैसाखी से आरंभ मानी जाती है और बिजट महाराज की कार्तिक एकादशी, देवठठनी यात्रा के साथ ही नवंबर में समाप्त हो जाती है। इस भंडारे का आयोजन चूडेश्वर सेवा समिति पिछले करीबन पच्चीस वर्षों से नियमित रूप से करती आ रही है। यह भंडारा श्रद्धालुओं के सहयोग से चलता है। इस अवसर पर नंबरदार मोहर सिंह, सूर्य प्रकाश ठाकुर, जोगिंद्र ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, सोमदेव, नितिश, भक्तजन, पुजारी, चुडेश्वर सेवा समिति के सदस्य अमर सिंह शास्त्री, बालक राम हिमटा, दिनेश भण्डारी, प्रताप नेगी दीप राम शास्त्री, प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना, कार्यक्रम अधिकारी ललित कुमार हिमटा भी उपस्थित रहे ।(अनंत ज्ञान)

# परीक्षा परिणाम में स्वास्तिका, आदि जोक्टा, वैष्णवी और यथार्थ रहे टॉपर

## प्रशासनिक अधिकारी बनेगी स्वास्तिका



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा बुधवार को दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी की छात्रा स्वस्तिका ने पूरे प्रदेश में आठवां स्थान हासिल किया। स्वस्तिका ने 689/700 अंक प्राप्त करके आठवां स्थान हासिल किया। स्वस्तिका के पिता लीलाधर पंचायत सहायक के पद पर सेवारत हैं एवं माता गृहणी है। स्वास्तिका ने बताया कि वह प्रशासनिक अधिकारी बन देश की सेवा करेगी और दिन रात मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है।

स्वस्तिका ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं विद्यालय में गुरुजनों को दिया है। स्वस्तिका ने कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि मैंने इस उपलब्धि को प्राप्त किया इस उपलब्धि पाने के लिए माता-पिता का मार्गदर्शन एवं निरंतर विद्यालय के गुरुजनों का सहयोग मुझे मिलता रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्य चंपा वर्मा एवं प्रबंधक समिति ने स्वास्तिका तथा उनके माता-पिता एवं सभी गुरुजनों को शुभकामनाएं दी है। (अनंत ज्ञान)

## इंजीनियर बनेंगे आदि जोक्टा




**दशमी रावत, रोहड़ू।** ग्लोरी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल रोहड़ू के छात्र आदि जोक्टा ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में प्रदेशभर में नौवां स्थान हासिल किया है। आदि जोक्टा नावर क्षेत्र की टिक्कर तहसील में गांव टिल्लूधार कोटी का निवासी है। आदि के पिता प्रमोद जोक्टा पेशे से बागवान है और मां रिचा जोक्टा गृहणी है। आदि आईआईटी इंजीनियर बनना चाहता है।

वहीं छात्रा वैष्णवी ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में दसवां स्थान हासिल किया है। वैष्णवी नावर क्षेत्र की टिक्कर तहसील में गांव धनोटी की निवासी है। वैष्णवी के पिता लोकेंद्र धांटा पेशे से बागवान व सरकारी ठेकेदार है और मां प्रभा धांटा गृहणी है। वैष्णवी ने केजी से लेकर दसवीं कक्षा तक इसी स्कूल से शिक्षा ग्रहण की है। स्कूल के प्रधानाचार्य विनय जिंटा ने शुभकामनाएं दी।(अनंत ज्ञान)

## यथार्थ बनेंगे चिकित्सा विशेषज्ञ

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समोली के होनहार छात्र यथार्थ ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में पूरे प्रदेश भर में दसवां स्थान हासिल किया है। यथार्थ की माता ऊमा एवं पिता बहादुर नेपाली मूल के नागरिक है



जो पिछले लंबे समय से रोहडू के दशालनी गांव में किराये के कमरे में रहते है। यथार्थ का पिता रोहडू में ट्रेंपो ट्रेवलर चलाता है और मां दिहाड़ी मजदूरी का काम करती है। वह आगे जाकर शल्य चिकित्सा का विशेषज्ञ बनना चाहता है। यथार्थ ने बताया कि वह नियमित रुप से हर दिन पांच से छह घंटे पढ़ाई करता है। स्कूल के प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा ने शुभकामनाएं दी है।

# पीरन पंचायत में नई जीपीसीसी गठित, 16 सदस्य हुए शामिल



**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

पंचायतों के विकास कार्यों को सुचारु रूप से कार्यान्वित करने के लिए वीरवार को ग्राम पंचायत पीरन में प्रधान किरण शर्मा की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत समन्वय समिति का गठन किया गया, जिसमें डेजी राजू मेंटर रिसोर्स पर्सन, सुनिता वर्मा मेंटर, रंजना और मीरा एलआरपी विशेष रूप से मौजूद रही। किरण ने बताया कि पंचायत प्रधान को अध्यक्ष के अतिरिक्त 16 सरकारी और गैर सरकारी सदस्य बनाए गए।

समिति के सदस्यों में उपप्रधान संदीप मेहता, सचिव राजीव ठाकुर, पटवारी शुंभम शर्मा, प्रभारी पशुपालन विभाग हरिचंद, शिक्षा विभाग से राहुल, बीपीएम हंसराज वर्मा, आयुष विभाग से कमल, जल शक्ति विभाग से कुलदीप, ग्राम संगठन प्रधान बिमला, सचिव विद्या चौहान, आंगनबाड़ी वर्कर गायत्री शर्मा, आशा वर्कर सुमन, स्वयं सहायता समूह से अंजना, प्रिया, सुलेखा को सदस्य बनाया गया है।

प्रधान किरण शर्मा ने बताया कि जीपीसीसी का उददेश्य पंचायत स्तर पर विकास को बढ़ावा देना, अभिसरण को सुगम बनाना, योजनाओं का एकीकरण, सामुदायिक विकास, क्षमता निर्माण, हितधारक सहभागिता सहित अन्य पंचायत स्तर के कार्य शामिल है।

उन्होने बताया कि जीपीसीसी का गठन होने के उपरांत बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक में पानी का मुद्दा छाया रहा है जिसमें खालटू में पानी के नलके न लगना, निचले बागड़ा में पानी की गंभीर समस्या, पशु औषधालय में बीते दस वर्षों से पानी न होना के अतिरिक्त ठूंड बस को आरंभ बारे चर्चा की गई ।

# नवोदय विद्यालय ठियोग का बेहतरीन रहा परीक्षा परिणाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग के चेयरमैन एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग के सीबीएसई बोर्ड के जमा दो कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहने पर सराहना की। उपायुक्त ने पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग की प्रधानाचार्य संगीता शौणिक को शॉल एवं टॉपी पहनाकर सम्मानित किया।



स्कूल प्रिंसिपल को सम्मानित करते उपायुक्त।

इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय में पढ़ाई बेहतरीन है। शिक्षक बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मुहैया करवाने का हर अथक प्रयास करते है। इसी वजह से आज स्कूल में वार्षिक परीक्षा के दौरान बच्चों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है।

उन्होंने कहा कि जिन बच्चों ने बेहतर अंक हासिल किए है उन्होंने स्कूल के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा देने का कार्य किया है।

इसी प्रकार स्कूल के सभी बच्चों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल में कौशल से जुड़े कार्यों पर प्राथमिकता दी जा रही है। बच्चें शिक्षा के साथ-साथ कौशल में भी निपुण बनते जा रहे हैं ।

### इन छात्रों ने किया उम्दा प्रदर्शन

**कक्षा** बारह के तीनों संकाय में कुमारी मुस्कान (मानविकी) 96.6 प्रथम, मास्टर निखिल पांडे (विज्ञान) 96.2 द्वितीय तथा कुमारी उर्वशी (मानविकी) 95.2 तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार, कक्षा दसवीं में मास्टर ललित कुमार 94.8 प्रथम, कुमारी चंद्रप्रभा सिंह 93.8 द्वितीय, कुमारी कावली 93 तृतीय स्थान पर रहे। कुल 3 विद्यार्थियों ने कक्षा बारह में कम्प्युटर साइंस विषय में 100 अंक प्राप्त किए व कक्षा दसवीं व कक्षा बाहरवीं में 20 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 99 अंक प्राप्त किए।

# सरैन स्कूल में अध्यापकों और छात्रों के लिए स्मार्ट यूनिफार्म शुरू

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

स्कूल प्रशासन ने शिक्षा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय और प्रेरणादायक पहल करते हुए अपने विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट यूनिफॉर्म की शुरुआत की है ।

विशेष बात यह है कि इस पहल को केवल छात्रों तक ही सीमित नहीं रखा गया, बल्कि विद्यालय के प्रधानाचार्य के मार्गदर्शन में सभी अध्यापकों ने भी स्वेच्छा से स्मार्ट यूनिफॉर्म को अपनाकर अनुशासन, समर्पण और समानता का अद्‌भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। पंचायत सराह के प्रधान नरेंद्र ठाकुर ने विद्यालय की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक साहसिक और सकारात्मक कदम है, जिससे शिक्षकों की कार्यशैली, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का स्पष्ट परिचय मिलता है।

वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष दीप राम दराईक ने इस निर्णय को क्रांतिकारी बताते हुए कहा कि सरैन विद्यालय ने जिला शिमला में न केवल सरकारी विद्यालयों, बल्कि कई निजी विद्यालयों को भी पीछे छोड़ते हुए एक नया मानक स्थापित किया है। इससे सरकारी विद्यालयों के प्रति अभिभावकों और आम जनमानस का विश्वास और अधिक दृढ़ होगा, और निजी विद्यालयों की ओर हो रही अनावश्यक दौड़ में भी कमी आएगी।

# जिले में आयोजित होगी चुनाव पाठशाला

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने बताया कि जिला शिमला में मतदाताओं में जागरूकता प्रदान करने के उद्देश्य से चुनाव पाठशाला और इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब की गतिविधियां आयोजित की जाएगी। उन्होंने जिला के सभी उपमंडलाधिकारी सह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को सभी मतदान केंद्रों पर 'चुनाव पाठशाला' और तृतीय शनिवार को सभी शिक्षण संस्थानों में 'इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब' की गतिविधियां अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएंगी। यह पहल मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप है।

# 10वीं कक्षा के रिजल्ट में बिलासपुर के होनहारों का दबदबा

### मिनर्वा स्कूल घुमारवीं की पर्णिका शर्मा सिविल सर्विस में जाकर करना चाहती देश की सेवा

**अनंत ज्ञान टीम, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी 10वीं कक्षा का रिजल्ट में बिलासपुर जिले के बेटियों ने बाजी मारी है। टॉप-10 लिस्ट में राधा कृष्णा पब्लिक स्कूल घंडालवीं की रिद्धिमा शर्मा ने 99.29 प्रतिशत अंक लेकर कर दूसरा व मिनर्वा स्कूल घुमारवीं की पर्णिका शर्मा ने 99.14 प्रतिशत अंक झटका तीसरा स्थान।

मिनर्वा स्कूल घुमारवीं नित्या प्रत्यक्षा राजे ने 98.71 प्रतिशत अंक लेकर छठा स्थान हासिल किया है। स्वामी विवेकानंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल कंदरौर की शगुन शर्मा ने 98.57 प्रतिशत अंक लेकर कर सातवां स्थान प्राप्त किया है। नवचेतना पब्लिक स्कूल लेहड़ी सरेल की अंशिका शर्मा ने 98.43 प्रतिशत अंक लेकर आठवां स्थान प्राप्त किया है। स्वामी विवेकानंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल कंदरौर के सिद्धार्थ, राजकीय उच्च पाठशाला सिल्ह की हर्षिता, मिनर्वा स्कूल रुद्रांश व्यास और स्वामी विवेकानंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल कंदरौर की सना ने 98.29 प्रतिशत अंक लेकर 9वां स्थान हासिल किया है। राधा कृष्णा पब्लिक स्कूल घंडालवीं की कंचन शर्मा, विवेकानंद मॉडल हाई स्कूल गेहड़वीं मानसी और अल्फा पब्लिक स्कूल बरठीं की इशिता चंदेल ने 98.14 प्रतिशत अंक लेकर 10 वां स्थान हासिल किया है। मिनर्वा स्कूल घुमारवीं की पर्णिका शर्मा ने कहा कि सिविल सर्विस में जाकर देश की सेवा करना चाहती है ।

## मेरिट लिस्ट में मिनर्वा के तीन स्टूडेंट्स ने मारी बाजी

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित दसवीं के परीक्षा परिणाम में मिनर्वा स्कूल के होनहारों का दबदबा रहा। मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं के तीन छात्रों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है।

स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। पाठशाला प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने सभी बच्चों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। पर्णिका ने 700 में से 694 अंक प्राप्त किए हैं। नित्या प्रत्यक्षा राजे ने मेरिट सूची में छठा स्थान हासिल कर स्कूल कर स्कूल के नाम रोशन किया है। नित्या प्रत्यक्षा राजे ने 700 में से 691 अंक हासिल किए हैं। वहीं, रुद्रांश व्यास ने 700 में से 688 अंक प्राप्त किए हैं। मिनर्वा स्कूल घुमारवीं के प्रिंसिपल प्रवेश चंदेल ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मिनर्वा स्कूल घुमारवीं का दसवीं का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। स्कूल से तीन बच्चों ने मेरिट में स्थान हासिल किया है। यह बहुत ही खुशी के पल है। स्कूल के सभी बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके लिए बच्चों के साथ अध्यापक व माता-पिता को बधाई। (अनंत ज्ञान)



मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं के तीन छात्रों के मेरिट सूची में स्थान हासिल करने पर मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# श्यामवीर कोहली बने घागस देव मेले के विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** घागस में आयोजित तीन दिवसीय घागस देव मेले का विधिवत समापन हो गया। वहीं, दंगल का आयोजन भी किया गया। दंगल के समापन पर सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। समिति के प्रधान राकेश कपूर व कृष्ण सोनी सहित समस्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मुख्यातिथि का विधिवत रूप से स्वागत किया। विशेष अतिथि के रूप में बीडीसी सदस्य राम दास ठाकुर, चमलोग से बाबा कमल दास, समाजसेवी बलदेव शर्मा, सुरेंद्रा भाटिया मौजूद रहे। आयोजक कृष्ण सोनी ने बताया कि बड़ी माली में पहलवान श्यामवीर कोहली पंजाब ने दिल्ली के पहलवान विक्रांत को हराया। विजेता को एक लाख 21 हजार रुपए की व राशि देकर नवाजा गया। छोटी माली का खिताब मंडी के पहलवान नवीन सोनी ने बिलासपुर बैरी के पहलवान लक्ष्य को हराकर जीता। विजेता पहलवान को 21 हजार रुपए की राशि बतौर इनाम दी गई। विधायक त्रिलोक ने विजेता पहलवानों को सम्मानित किया।

# घुमारवीं कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में आईक्यूएसी व एचईआईएस के संयुक्त तत्वावधान में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' पाठ्यक्रम एवं क्रेडिट फ्रेमवर्क डिजाइन एवं कार्यान्वयन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम सत्र की शुरुआत डॉ. अंजू की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति, एबीसी आईडी की महत्ता, स्नातक सर्टिफिकेट डिप्लोमा, डिग्री आदि की पात्रता शर्तों, तीन वर्षीय स्नातक एवं चार वर्षीय स्नातक डिग्री, क्रेडिट सिस्टम, महाविद्यालयों के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

# शंकर सेवा समिति भराड़ी ने दान की मशीन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** शंकर सेवा एवं लंगर समिति भराड़ी ने सिविल अस्पताल घुमारवीं को एक आधुनिक सर्जिकल काउटरी मशीन दान की गई। यह मशीन अस्पताल के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी, क्योंकि पहले से मौजूद मशीन काफी समय से खराब पड़ी थी। मशीन की अनुमानित कीमत 75,000 रुपए है, जिसे समिति ने अपनी स्वयं की निधि से खरीदकर अस्पताल प्रशासन को सौंपा।

# टीम ने किया सदर वन परिक्षेत्र के जंगलों का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय (आईआरओ), नई दिल्ली से उप महानिदेशक एसपी नेगी व राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वरिष्ठ सलाहकार आदित्य कुमार ने बिलासपुर वन मंडल के अंतर्गत डीपीएफ बरयांस वन क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सदर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत कुड्डी क्षेत्र में आग संभावित तथा हाल ही में आग से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। टीम ने नुकसान की स्थिति का आकलन किया, बल्कि स्थानीय निवासियों और वन सुरक्षा समितियों के सदस्यों से संवाद भी किया।

# बाडी मझेडवां में गोशाला में लगी आग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं के अंतर्गत बाड़ी मझेडवां गांव में वीरवार को गोशाला में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। अग्निशमन विभाग की टीम अपने वाहन सहित तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। गोशाला जलकर राख हो गई है और 30 हजार रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। पंचायत प्रधान पंकज चंदेल ने बताया कि प्रशासन की ओर से प्रारंभिक स्तर पर नुकसान का जायजा लिया है।

# शुभम मिस्टर व शालिनी बनी मिस फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में स्नातकोत्तर अंग्रेजी द्वितीय सत्र के विद्यार्थियों की ओर से स्नात्तकोत्तर अंग्रेजी चतुर्थ सत्र के विद्यार्थियों के लिए विदाई पार्टी दी गई। द्वितीय सत्र के विद्यार्थियों ने एकल नृत्य, समूह नृत्य, नाटक, प्रश्नोत्तरी आदि प्रस्तुतियां दीं। समारोह में चतुर्थ सत्र के विद्यार्थियों के लिए मिस्टर फेयरवेल एवं मिस फेयरवेल प्रतियोगिता भी करवाई गई। इस समारोह में स्नात्तकोत्तर अंग्रेजी चतुर्थ सत्र के छात्र शुभम को मिस्टर फेयरवेल एवं शालिनी को मिस फेयरवेल चुना गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। अंत में अंग्रेजी विभाग से प्रोफेसर रीना शर्मा एवं डॉक्टर चंचल शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को मेहनत एवं लगन के साथ आगे बढ़ते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया।

### एम्स बिलासपुर के लिए प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय के लिए भूमि चयन प्रक्रिया जारी

# डीसी ने सुंगल क्षेत्र में स्थल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**एम्स** बिलासपुर में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना प्रस्तावित है। इस संबंध में पूर्व में कई बार भूमि चयन किया जा चुका है, लेकिन वन स्वीकृति (फॉरेस्ट क्लीयरेंस) प्राप्त न होने के कारण अब तक अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका है। इसी क्रम में बुधवार को नवनियुक्त उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बिलासपुर शहर के समीप सुंगल क्षेत्र में संभावित स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीसी ने बताया कि सुंगल क्षेत्र में लगभग 200 बीघा भूमि उपलब्ध है, परंतु विद्यालय निर्माण के लिए केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी तकनीकी और कानूनी औपचारिकताओं की समीक्षा के उपरांत ही भूमि का चयन किया जाएगा। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अन्य संभावित स्थलों की भी पहचान की जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वैकल्पिक विकल्प उपलब्ध रहें। उपायुक्त ने कहा कि एम्स के कर्मचारियों के बच्चों की सुविधा के लिए केंद्रीय विद्यालय की शीघ्र स्थापना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालय का निर्माण प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है और इसके लिए भूमि चयन की प्रक्रिया को यथाशीघ्र पूर्ण कर फॉरेस्ट क्लीयरेंस प्राप्त किया जाएगा, ताकि निर्माण कार्य में कोई बाधा न आए। उन्होंने जानकारी दी कि घुमारवीं में केंद्रीय विद्यालय के लिए पूर्व में चयनित भूमि का फॉरेस्ट क्लीयरेंस स्टेज-1 स्वीकृत हो चुका है और शेष औपचारिकताओं को पूर्ण कर वहां भी शीघ्र निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा।



सुंगल क्षेत्र में संभावित स्थल का निरीक्षण करते उपायुक्त राहुल कुमार।

# एसडीएम सदर ने नोग गांव के लोगों की सुनी समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीसी बिलासपुर राहुल कुमार के निर्देशों पर एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह खैरा ने उपमंडल कार्यालय में गांव नोग के प्रभावित ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कई मकानों में दरारें आ गई हैं, जिससे उन्हें संरचनात्मक नुकसान हो रहा है। इसके अलावा गांव की पारंपरिक बावड़ी (जल स्त्रोत) सूख चुकी है, जिससे पेयजल संकट गहराया है। एसडीएम सदर ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सहायक भूवैज्ञानिक को गांव नोग में भेजने और मकानों की स्थिति का भूवैज्ञानिक मूल्यांकन करवाने के निर्देश दिए। साथ ही, जांच समिति को शीघ्र मौके पर जाकर प्रभावित मकानों का निरीक्षण कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय ग्रामीणों को जांच प्रक्रिया की जानकारी भी दी जाएगी। जल संकट के समाधान के लिए एसडीएम ने संबंधित कंपनी को निर्देश दिए कि सूखी बावड़ी के स्थान या समीपवर्ती क्षेत्र में जल स्त्रोत की जांच कर जल्द से जल्द हैंडपंप लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि लोगों को पीने के पानी की परेशानी से राहत मिल सके। एसडीएम डॉ. राजदीप सिंह खैरा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

# गरामौड़ा में 1 किलो 84.5 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**शुभम राही, बिलासपुर**

**बिलासपुर** जिले की पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम की ओर से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक और सफलता हाथ लगी है।

बुधवार देर रात को पुलिस टीम ने आरटीओ बैरियर गरामौड़ा के पास एक युवक को 1 किलो 84.5 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संदीप सिंह (30) पुत्र बहादुर सिंह, निवासी मकान नंबर 72, मोहाली, चंडीगढ़ के रूप में हुई है। स्पेशल डिटेक्शन टीम ने किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर नाका लगाया हुआ था। इस दौरान बिलासपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक ऑल्टो कार को रोकने का इशारा किया। चालक ने तेजी से गाड़ी को भगाकर किरतपुर की ओर मोड़ दिया। पुलिस टीम ने पीछा कर आरटीओ बैरियर गरामौड़ा के पास रोका। युवक बैग लेकर पैदल भागने लगा, जिसे दबोच लिया। जब बैग की तलाशी ली गई, तो उसमें 1 किलो 84.5 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और स्वारघाट थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। डीएसपी हेडक्वार्टर मदन धीमान ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम के साथ चरस के साथ आरोपी युवक।

## न्यूज ब्रीफ

### कल होगी निबंध लेखन प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक अवसर सामने आया है। युवा सेवाएं एवं खेल विभाग, हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से 'स्पोर्ट्स विजन फॉर हिमाचल प्रदेश 2048' विषय पर दो-स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में रचनात्मक अभिव्यक्ति, खेलों के प्रति दृष्टिकोण और राज्य के भविष्य की कल्पना को प्रोत्साहित करना है। जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी रूपेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के चंबा जिले से संबंधित युवा भाग ले सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 17 मई शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागियों को अपना नाम, व्हाट्सएप मोबाइल नंबर, और स्थायी पता ईमेल द्वारा ysschamba@gmail.com (mailto: ysschamba@gmail.com पर भेजना होगा। पंजीकरण के बाद, 18 मई दोपहर 1 बजे तक प्रतियोगिता विषय प्रतिभागियों को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा जाएगा। जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग ने जिले के युवाओं से इस रचनात्मक पहल में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। यह प्रतियोगिता न केवल लेखन कौशल को मंच प्रदान करेगी, बल्कि युवाओं को हिमाचल प्रदेश के खेल भविष्य की दिशा में सोचने के लिए भी प्रेरित करेगी।

### प्रशिक्षुओं के लिए लगाया जागरूकता शिविर

अनंत ज्ञान, डलहौजी। मेंटर्स स्टडी एंड वर्क वीजा सर्विसिस चंडीगढ़ के द्वारा बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग बोंखरी मोड़ में 17 मई(शनिवार) को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मेंटर्स स्टडी एंड वर्क वीजा सर्विसिस की ओर से विकास डोगरा ने उक्त आशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेंटर्स स्टडी एंड वर्क वीजा सर्विसिस विगत कई वर्षों से वीजा सर्विसिस के क्षेत्र में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि मेंटर्स सर्विसिस के द्वारा विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने व विदेश में शिक्षा के साथ साथ आजीविका अर्जित करने हेतु स्टडी वीजा, वर्क वीजा व स्टडी के साथ साथ वर्क वीजा उपलब्ध करवाने का कार्य किया जाता है। उन्होंने बताया कि शिविर दौरान लोगों को स्टडी वीजा व वर्क वीजा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। डोगरा ने क्षेत्वासियों से शिविर शिविर में बढ़-चढ़कर उपस्थिति दर्ज करवाने की अपील की है।

### प्रवासी श्रमिकों के पंजीकरण के लिए आदेश जारी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला दंडाधिकारी अपूर्व देवगन ने मंडी जिला में आने वाले प्रवासी श्रमिकों के अनिवार्य रूप से पंजीकरण एवं सत्यापन संबंधी आदेश जारी किए हैं। अपूर्व देवगन ने कहा कि हाल ही में मंडी जिला में हुई विभिन्न आपराधिक घटनाओं में बाहर से आने वाले प्रवासी मजदूरों व श्रमिकों की संलिप्तता पाई गई है। ऐसे तत्वों के विरुद्ध जिला पुलिस द्वारा मामले दर्ज करने के साथ ही गिरफ्तारियां कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं पर कड़ाई से अंकुश लगाने तथा ऐसे तत्वों को आपराधिक वारदातों में संलिप्त होने से रोकने व जन सुरक्षा के दृष्टिगत कठोर कदम उठाए जाने आवश्यक हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए गए हैं। इन आदेशों के अनुसार मंडी जिला में जिला अथवा राज्य से बाहर के श्रमिकों को कार्य पर रखने पर संबंधित निवेशक, ठेकेदार, व्यापारी, कृषक अथवा अन्य व्यक्तियों को ऐसे श्रमिकों के बारे में पूर्ण ब्यौरा उनके फोटोग्राफ सहित संबंधित थाना में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही मंडी जिला में कहीं भी अस्थायी आश्रय लेकर रहने वाले सभी रेहड़ी-फड़ी वालों और अनुबंध श्रमिकों (कॉन्ट्रैक्ट लेबर) को भी नजदीकी थाना में पंजीकरण करवाना आवश्यक होगा। आदेशों के अनुसार मंडी जिला में बाहर से आने वाले शॉल, कंबल विक्रेता, रेहड़ी-फड़ी वाले, गांवों में खेती के लिए व घरेलू मजदूर, टेंट हाउस, हलवाई इत्यादि की दुकानों पर कार्य करने के लिए कम अथवा लंबी अवधि के आधार पर श्रमिक व मजदूर आते हैं। ऐसे प्रवासी मजदूरों एवं श्रमिकों के पंजीकरण के उपरांत उनके मूल निवास स्थलों से सत्यापन करना भी आवश्यक है।

### चिकनी खड्ड में एक युवक की पानी में डूबने से मौत

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** नालागढ़ के चिकनी खड्ड में एक युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मनोज कुमार निवासी मरवारी तहसील घनारी जिला ऊना से हुई। जानकारी के अनुसार मोहित गौतम अपने दोस्त मनोज कुमार के साथ चिकनी खड्ड में देर रात नहाने गए थे इस दौरान मनोज खड्ड में चला गया और मोहित गौतम सड़क पर उसका इंतजार कर रहा जब काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो मनोज अपने कमरे चला गया। वीरवार सुबह मोहित ने पुलिस को सूचना दी कि मनोज वापस नहीं लौटा। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंची तो पाया कि जिस स्थान पर नहा रहा था वहां पानी काफी गहरा है। पुलिस ने एनडीआरएफ को सूचना दी जिसके बाद एनडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू कर मनोज का शव पानी से निकाला। थाना प्रभारी राकेश रॉय का कहना है कि सूचना मिलते ही मौके पर जाकर पड़ताल की थी वीरवार को मनोज कुमार का शव निकाला जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



### सुंदरनगर के नौलखा में नाबालिग ने लगाया फंदा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर के नौलखा में नाबालिग ने कमरे में मंगलवार शाम को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। नाबालिग के माता-पिता बीते मंगलवार को अपने पुश्तैनी घर सरकाघाट शादी में गए थे। शाम को जब वह घर लौटे तो उन्होंने देखा कि उनका बेटा फंदे पर लटका हुआ है। परिजन उसे फंदे से उतार कर सिविल अस्पताल सुंदरनगर ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलते ही धनोटू पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर बुधवार को पोस्टमार्टम करवाया। हालांकि कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। उधर, डीएसपी सुंदरनगर भारतभूषण ने बताया कि थाना धनोटू में मामला दर्ज कर लिया है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है।

## जिला परिषद परिसीमन में उठी जनभावनाओं की आवाज

# कोलका पंचायत को करियां वार्ड में जोड़ने की उठी मांग

**आरके सहगल, चंबा**

जिला परिषद वार्डों के परिसीमन को लेकर गुरुवार को चंबा सदर विधायक नीरज नैय्यर से एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर कोलका पंचायत, रजेरा और बैली गांवों से जुड़ी जनभावनाएं उनके समक्ष रखीं।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कोलका पंचायत को हालिया परिसीमन में अनुचित रूप से सुनारा वार्ड में डाल दिया गया है, जबकि यह पंचायत भौगोलिक, सामाजिक और प्रशासनिक दृष्टि से करियां वार्ड से अधिक जुड़ी हुई है।

प्रतिनिधियों ने यह भी स्पष्ट किया कि कोलका पंचायत, कूपहाड़ा बीडीसी क्षेत्र में आती है और जब कूपहाड़ा को करियां वार्ड में जोड़ा गया है, तो कोलका को सुनारा में डालना पूरी तरह तर्कहीन व अनुचित है। उन्होंने इसे जनभावनाओं के खिलाफ और स्थानीय संतुलन को भंग करने वाला निर्णय बताया।(अनंत ज्ञान)



### रजेरा और बैली की मांग : हमें किलोड़ वार्ड से अलग रखा जाए

**प्रतिनिधिमंडल** ने विधायक के समक्ष यह भी मांग रखी कि रजेरा और बैली गांवों को किलोड़ वार्ड में शामिल न किया जाए। उनका कहना था कि ये गांव भौगोलिक, सामाजिक और संसाधनगत दृष्टि से किलोड़ से भिन्न हैं, और जबरन उन्हें किलोड़ में जोड़ना स्थानीय प्रशासनिक ढांचे को प्रभावित करेगा।

### विधायक का आश्वासन व प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**विधायक** नीरज नैय्यर ने प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि इन जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता पर लेकर राज्य निर्वाचन आयोग व जिला प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा। बाद में प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त चंबा से भी भेंट की और एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरन महिंद्र (वार्ड मेंबर), राजेश कुमार (पूर्व वार्ड मेंबर), दौलत राम (पूर्व प्रधान), अशोक कुमार, रमेश कुमार, प्रभेद कुमार, वींरेंद्र कुमार, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

# छात्रा स्तुति ने 98.43 प्रतिशत अंक लेकर जिले में किया टॉप

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**



हिमालय पब्लिक स्कूल, चुवाड़ी की होनहार छात्रा स्तुति ने 98.43 प्रतिशत अंकों के साथ असाधारण सफलता प्राप्त कर जिला चंबा का नाम पूरे प्रदेश में रोशन कर दिया है। स्तुति पूरे जिले की एकमात्र ऐसी छात्रा हैं जिन्होंने इतने उच्च अंक प्राप्त कर चंबा का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। विद्यालय के प्रबंधक, शिक्षकों और समस्त स्टाफ ने स्तुति को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए दिल से बधाई दी है। उन्होंने कहा कि स्तुति की यह सफलता उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का परिणाम है। उसने यह सिद्ध किया कि ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं भी अपनी लगन से प्रदेश और देश का गौरव बन सकती हैं। स्तुति की यह उपलब्धि न केवल हिमालय पब्लिक स्कूल बल्कि पूरे चंबा जिला के लिए गर्व की बात है। नई पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा स्रोत बनकर उभरी हैं।

### बनीखेत स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा 94 प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनी खेत में परिणाम 94 प्रतिशत रहा। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रीतम ठाकुर ने बताया कि कुल 32 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें विद्यार्थियो 30 ने परिक्षा उत्तीर्ण की जबकि दो की विद्यार्थी अनुतीर्ण रहे। विद्यालय की दसवीं की परीक्षा में चंद्र प्रकाश 636 अकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि समृद्धि ठाकुर 613 अकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। 557 अकों के साथ नेहा देवी तीसरे स्थान पर रही। प्रधानाचार्य प्रीतम ठाकुर ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई और शुभकामाएं दी। प्रधानाचार्य ने बताया कि दसवी की इस परीक्षा में 25 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी जबकि 5 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा पास की ।


## यूनिटी स्कूल की दो छात्राओं ने प्रदेशभर में चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान, रिवालसर**

यूनिटी पब्लिक स्कूल रिवालसर की दो छात्राओं ने मेरिट सूची में नाम चमकाया है।

परीक्षा परिणाम में दिवांशी शर्मा सपुत्री अजय शर्मा गांव रियुर ने 700 में से 690 अंक जबकि दिवांशी गुप्ता सुपुत्री नलिन महाजन निवासी रिवालसर को 689 अंक प्राप्त हुए है। भविष्य में दिवांशी शर्मा का सपना आईआईटियन बनना है जबकि दिवांशी गुप्ता आर्मी ऑफिसर बनकर देश सेवा करना है चाहती है। स्कूल के प्रधानाचार्य डीडी शर्मा ने बताया कि यूनिटी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल एक छात्रा प्रणिता शर्मा ने 686 अंक लेकर स्कूल में तीसरा स्थान हासिल किया है।





# भारत को परिवार की तरह संगठित रहने की जरूरत : डॉ. जनक राज

**अनंत ज्ञान, चंबा/भरमौर**



अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर पांगी-भरमौर से विधायक डॉ. जनक राज ने भारत की वैश्विक भूमिका को लेकर एक गहन, प्रेरणादायक और भावनात्मक संदेश साझा किया। उन्होंने भारत को विश्व रूपी गांव में एक 'मेहनती, आत्मनिर्भर और प्रगतिशील परिवार' के रूप में चित्रित किया, जो अब वैश्विक मंच पर अपनी अलग पहचान बना रहा है।

डॉ. जनक राज ने कहा, 'अगर दुनिया एक गांव होती, तो भारत वह परिवार होता, जो कभी अभावों में रहा लेकिन अब अपनी मेहनत, विज्ञान, तकनीक, शिक्षा और आत्मबल के दम पर उस गाँव के अग्रणी परिवारों की बराबरी कर रहा है। डॉ. जनक राज ने स्पष्ट किया कि जब कोई परिवार तरक्की करता है, तो प्रतिस्पर्धा और संदेह स्वाभाविक प्रतिक्रिया होते हैं। 'देश भी दरअसल इंसानों से बने होते हैं, वे भी सोचते और महसूस करते हैं। भारत को परिवार की तरह संगठित रहने की जरूरत है। हमें आत्मनिर्भरता, शिक्षा और समावेशी विकास की राह पर बिना रुके आगे बढ़ना होगा।

## शिक्षण संस्थानों में होंगी चुनावी साक्षरता गतिविधियां

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत जिला चंबा में युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के लिए एक नई पहल की गई है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने बताया कि जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में चुनावी साक्षरता क्लब का गठन किया गया है, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को मतदान की प्रक्रिया और उसके महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि युवाओं को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही मतदाता पंजीकरण के लिए प्रेरित करने, ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली और समूची चुनावी प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए क्लब सक्रिय रूप से कार्य करेंगे।

# धर्मशाला का एसआईएचएम बना सफलता की गारंटी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संचालित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (एसआईएचएम), धर्मशाला ने एक बार फिर सफलता का नया इतिहास रचते हुए अपने छात्रों के लिए 100 प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित किया है। संस्थान के विभागाध्यक्ष डॉ. राजन शर्मा ने कहा कि छात्रों को हयात, रेडिसन, द लीला, ओबेरॉय, जेडब्ल्यू मैरियट जैसे विश्वविख्यात होटल समूहों में नियुक्ति मिली है।

एसआईएचएम धर्मशाला के छात्रों को दिल्ली, गोवा, बेंगलुरु, चंडीगढ़, नोएडा और धर्मशाला जैसे प्रमुख शहरों में अवसर मिले हैं। एसआईएचएम धर्मशाला, राष्ट्रीय होटल प्रबंधन परिषद (एनसीएचएमसीटी) एवं जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), दिल्ली से मान्यता प्राप्त है। संस्थान का आधुनिक परिसर 1.83 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है, जिसमें 70,000 वर्ग फुट का अकादमिक ब्लॉक तथा अत्याधुनिक लैब्स फूड प्रोडक्शन, हाउसकीपिंग, बेकरी, एफएंडबी सर्विस, फ्रंट ऑफिस और कंप्यूटर लैब शामिल हैं। डॉ. शर्मा ने जानकारी दी कि 2025 सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। कक्षा 12वीं उत्तीर्ण अथवा अध्ययनरत विद्यार्थी, जिन्होंने अंग्रेजी को अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ा हो, वे बीएससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन (3-वर्षीय) और डिप्लोमा कोर्स (1.5-वर्षीय) के लिए आवेदन कर सकते हैं। कोई अधिकतम आयु सीमा नहीं है, जिससे हर वर्ग के इच्छुक युवाओं को अवसर प्राप्त हो सके।



**हर वर्ग के इच्छुक युवा कर सकते हैं आवेदन**

डॉ. शर्मा ने बताया कि प्रत्येक कोर्स में सीटें सीमित हैं, इसलिए इच्छुक छात्र जल्द से जल्द आवेदन करें और होटल इंडस्ट्री में चमकदार करियर की ओर कदम बढ़ाएं।

## नेशनल चैंपियनशिप में आर्यन ने जीता रजत पदक

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बिहार के पटना में आयोजित खेलो इंडिया यूथ नेशनल चैंपियनशिप में सुंदरनगर के बॉक्सर आर्यन राघवा ने अंडर-17 में 90 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया है। आर्यन राघवा का फाइनल में महाराष्ट्र के मुक्केबाज के साथ मुकाबला हुआ। जिसमें विरोधी आर्यन पर थोड़ा हावी रहा और जीत गया। लेकिन फाइनल तक का सफर तय करने पर आर्यन राघवा को रजत पदक से सम्मानित किया गया। आर्यन के पिता डिंपल राघवा किसान है और बेटे की उपलब्धि पर बेहद खुश है।



# चुराह के राजेश ठाकुर गांव से पहुंचे गोल्ड तक

**आरके सहगल, चंबा**

कभी किसी ने नहीं सोचा होगा कि चुराह तहसील के एक छोटे से गांव पट्टी (पोस्ट ऑफ़िस-जसोरगढ़) का एक साधारण किसान पुत्र राजेश ठाकुर, एक दिन देशभर के मंच पर झंडा गाड़ेगा ,और ये उसने कर दिखाया।



राजेश का बचपन सुविधाओं से दूर, खेतों और जिम्मेदारियों के बीच बीता। आर्थिक कठिनाइयों के कारण उन्हें कम उम्र में ही हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में 10-10 घंटे की नौकरी करनी पड़ी। लेकिन उनके भीतर कुछ और ही ऊर्जा पल रही थी एक आग, जो उसे आम नहीं, खास बनाना चाहती थी। दो साल पहले जब उन्होंने सरोल स्थित आयरन पैराडाइज़ जिम में कदम रखा, तो ये सिर्फ शरीर को बेहतर बनाने का प्रयास नहीं था , ये स्वयं को दिशा देने की शुरुआत थी। वहीं मुलाकात हुई भूपिंदर से, जिन्होंने राजेश की ताक़त को पहचानते हुए उन्हें पावरलिफ्टिंग की दुनिया में उतरने की प्रेरणा दी।

राजेश की राह आसान नहीं थी। प्रशिक्षण के लिए खाने पर हर महीने 50,000 रुपए तक खर्च करना, प्रतियोगिता के लिए खुद का पैसा लगाना। मानसिक तनाव के बीच एक ही बात उन्हें आगे बढ़ाती रही की 'मैं भारत के लिए खेलूंगा।' अब तक सिर्फ प्रवीण टंडन (डलहौजी) ने एक बार आर्थिक मदद की है, बाकी हर मंच तक राजेश खुद के दम पर पहुंचे हैं।(अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रीय स्तर पर दोहरा स्वर्ण

**राजेश** ने 2024 सोनीपत, हरियाणा में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीता। फिर 2025 में आगरा (उत्तर प्रदेश) में 2 से 4 मई को आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में उन्होंने 120 किग्रा वर्ग के बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट दोनों में सीनियर कैटेगरी का गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया।

### देश को है ऐसे सपूतों की जरूरत

**राजेश** ठाकुर की कहानी सिर्फ एक खिलाड़ी की कहानी नहीं ये उस 'असली भारत' की तस्वीर है जो पसीना बहाकर, भूख सहकर, अपने सपनों को सींचता है। जरूरत है कि खेल मंत्रालय, राज्य सरकार और निजी संस्थाएँ इन रत्नों को पहचाने, समर्थन दें ताकि भारत, सिर्फ खेलों में हिस्सा लेने वाला देश नहीं, हर वर्ग में विजेता राष्ट्र बन सके।

# बिल न भरने पर 360 उपभोक्ताओं को बिजली विभाग की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड उपमंडल ब्रंगाल में 360 बिजली उपभोक्ताओं पर विभाग की सख्ती की तलवार लटक गई है। विभाग का कहना है कि ये सभी उपभोक्ता लंबे समय से डिफॉल्टर हैं और 3.81 लाख रुपये से अधिक की राशि बिजली बिल के रूप में बकाया है। बिजली बोर्ड की मानें तो कई बार लिखित नोटिस और मौखिक चेतावनियों के बावजूद इन उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं किए हैं। अब विभाग ने क्लेशन काटने यानी बिजली आपूर्ति बाधित करने की चेतावनी जारी की है।

राजेश कुमार, सीनियर असिस्टेंट, बिजली बोर्ड ब्रंगाल ने बताया हमारे उपमंडल में 360 उपभोक्ता समय पर बिजली बिल नहीं जमा कर रहे हैं, जिससे विभाग को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। इन डिफॉल्टर उपभोक्ताओं पर 3 लाख 81 हजार रुपए की राशि लंबित है।

उन्होंने आगे कहा कि बिल जमा करने के लिए बार-बार नोटिस भेजे गए, लेकिन अधिकतर उपभोक्ताओं ने लापरवाही दिखाई है। अब विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर बकाया राशि शीघ्र नहीं चुकाई गई, तो बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे और आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

राजेश कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि बिजली विभाग सभी उपभोक्ताओं से आग्रह करता है कि वे समय पर अपने बिल जमा करें। यह न केवल उनकी सुविधा के लिए आवश्यक है, बल्कि राज्य की ऊर्जा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी जरूरी है।

### सूडोकू नवताल- 7431 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7430 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

# 6 महीने से मानदेय को तरसे धर्मपुर के सैकड़ों जनप्रतिनिधि

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर विकास के अंतर्गत आने वाले सभी पंचायत प्रतिनिधियों प्रधान, उप प्रधान बीडीसी सदस्यों, वार्ड सदस्यों को पिछले 6 महीने से सरकार की ओर से दिया जाने वाला मानदेय नहीं मिल रहा है। इसके अलावा पंचायत चौकीदारों सिलाई अध्यापिका को भी मानदेय नहीं मिल रहा है। धर्मपुर विकासखंड के प्रधानों बीडीसी सदस्यों एवं वार्ड सदस्यों ने कई बार विकास खंड अधिकारी धर्मपुर से कार्यालय में जाकर जब इस बारे में जानना चाहा है तब उनकी ओर से यही सुनने को मिलता है कि पीछे सरकार की ओर से ही अभी पैसे नहीं डाल रहे हैं। जैसे ही पैसे डालेंगे आपके मानदेय की अदायगी कर दी जाएगी।

सकलाना पंचायत के प्रधान सुरेंद्र ठाकुर समोड़, प्रताप सकलानी सिद्धपुर, रीता देवी खनौड़, आशा देवी बहरी, पूजा देवी धर्मपुर, ज्योति देवी घनाला, कश्मीर सिंह ग्वला, पंकज ठाकुर कौठुवां, आशा देवी बेरी, अंजू देवी स्योह, प्रीति देवी बिंगा, तंबो देवी कमलाह, शैलेंद्र कुमार धवाली, राजमल ततोहली परडाना, ममता ठाकुर तनहेर, दलेर सिंह बीडीसी अध्यक्ष, राकेश कुमार बीडीसी सदस्य, विपिन कुमार, कमला देवी, बीडीसी उपाध्यक्ष देवराज, बीडीसी सदस्य रूप सिंह, सुमन ठाकुर एवं प्रधान रितु नीराला, प्रधान अंजू रांगड़ा, प्रधान मीना देवी इत्यादि ने सरकार से आग्रह करते हैं कि जल्द से जल्द पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय की अदायगी की जाए और यह आरोप भी लगाया है कि एक तरफ सरकार अपने मंत्री विधायकों के वेतन भत्ते बढ़ा रही है और दूसरी तरफ पंचायत प्रतिनिधियों को पिछले 6 महीनों से मानदेय नहीं दे रही है।



**पंचायत चौकीदारों और सिलाई अध्यापिकाओं का भी यही हाल**

### पूरे हिमाचल में नहीं मिल रहा बजट : बीडीओ

**इस** बारे में विकास खंड के कार्यवाहक बीडीओ बालम राम ने बताया कि धर्मपुर की बात छोड़िए पूरे हिमाचल प्रदेश के विकास को जनप्रतिनिधियों को बजट नहीं मिल रहा है। जैसे ही सरकार से बजट मिलेगा इनका मानदेय ट्रेजरी में डाल दिया जाएगा।

# असेंट स्कूल के अथर्व राणा ने हासिल की पोजिशन

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

असेंट पब्लिक स्कूल, जोगिंद्रनगर के छात्र अथर्व राणा ने हिमाचल प्रदेश बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में 700 में से 688 अंक प्राप्त कर प्रदेश में नौंवा स्थान प्राप्त किया है।



अथर्व राणा मूलत: कुठेहड़ा पंचायत के गांव पंजालतर के निवासी हैं। उनके पिता नाग देव, जोगिंद्रनगर ट्रेजरी में कार्यरत हैं और माता सोनिका ठाकुर, जेबीटी अध्यापिका हैं। वह भविष्य में सिविल सर्विसेज में जाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि वे अब से ही इसकी तैयारी की रूपरेखा बना रहे हैं। स्कूल निदेशक लक्की ठाकुर ने अथर्व को मिठाई खिलाकर बधाई दी ।(अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

16 मई, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : ज्येष्ठ, **तिथि** चतुर्थी (05:14): **नक्षत्र** मूल (16:08), **पक्ष**: कृष्ण, **योग** : सिद्ध (07:14) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:51-12:44), **राहुकाल** (10:30-12:00)।

**विशेष दिन**

» 16 मई 2025 : संकष्ट चतुर्थी व्रत कल।
» 17 मई को होगी कृष्ण पक्ष चतुर्थी।

**मेष:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी।

**वृषभ:** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है।

**मिथुन:** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

**कर्क:** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**कन्या :** अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**तुला:** आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी लाभ की आशा कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

**धनु:** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा।

**मकर :** यात्रा परिणाम शुभ रहेगा। उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**मीन :** व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में परेशानियां पैदा करेगी। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत दांदडू
विकास खंड बिझड़ी, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

निविदा सूचना

बैठक में अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सदस्यों सम्मुख प्रस्ताव रखा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिनके लिए सामाग्री आपूर्ति वैंडर से विकास कार्यों के लिए सामाग्री आपूर्ति खरीद करना है। इसके लिए निविदाधारक द्वारा निविदाएं प्राप्त की जानी हैं। इस पर चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया कि निम्नलिखित सामाग्री हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाएं।

1. रेता धुला, 2. रेता कैशर रेता डस्ट, 3. बजरी कैशर 10mm,20mm,40mm, 4. ईंट पक्की प्रथम क्लास पक्की दर प्रति हजार, 5. कट-स्टोन 80mm,120mm, 6. शटरिंग लकड़ी/शटरिंग लोहा प्रति Sqft. 7. बोर्ड प्रति लिखाई-प्रति बोर्ड, 8. लोडिंग-अनलोडिंग ढुलवान सिविल सप्लाई बड़सर से ग्राम पंचायत दांदडू तक प्रति बैग।

प्रस्ताव प्रचार-प्रसार के लिए उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार-विर्मश उपरांत सर्वसम्मति से पारित किया। निविदाएं दिनांक 20-05-2025 को पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी।

प्रधान/सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत दांदडू
विकास खंड बिझड़ी, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

अनंत Classifieds

In the court of Sh. Maneesh Chaudhary (H.A.S.) Marriage officer cum-Sub Divisional Magistrate, Joginder Nagar District Mandi (H.P.)
In the matter of :-
1. Sh. Gulshan Kumar aged about 31 years (DOB 06-07-1993) S/O Sh. Jai Pal R/o Village Machyallu, P.O. Bassi, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi H.P.
2. Shreya Verma aged about 31 years (DOB 09-08-1993) D/o Sh. Ajit Kumar Verma R/O New Bus Stand Behind Harinandan Market, New Bigrahpur, Phulwari, Patna, Bihar, 800001.
Applicants.
Versus
General Public
Respondents
Subject: Proclamation for the registration of Marriage under section 15 of special Marriage Act, 1954.
In the above noted Sh. Gulshan Kumar and Shreya Verma have filed an application on dated 21-04-2025 along with affidavits in the court of undersigned under section 15 of special marriage Act, 1954 that they have solemnized their marriage on dated 06-03-2025 according to the custom & ritual of Hindu religion since from the date of marriage they are living together as Husband & wife, hence their marriage may be registered under special marriage Act, 1954.
Therefore, the general public & the parents of the applicants are hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding this marriage can file the objection personally in writing or through their legal advisor before this court on or before dated 26/05/2025 The objection received after 26/05/2025 will not be entertained and marriage will be registered accordingly.
Issued today on 22/04/2025 under my hand and seal of this court.
Sd/-
Marriage Officer-cum,
Sub Divisional Magistrate Joginder Nagar, District Mandi H.P.

**मैं** चाहता हूं कि भारत एक महान राष्ट्र बने। शक्तिशाली बने, संसार के राष्ट्रों में प्रथम पंक्ति में आए। -**अटल बिहारी वाजपेयी**

## संपादकीय

# चीन की चालें

चीन की चालें कभी खत्म नहीं होने वाली। वह भारत को हमेशा उलझाकर रखना चाहता है। अतिक्रमण की वर्षों पुरानी उसकी आदत अभी भी गई नहीं। चीन की विस्तारवादी नीतियां और उसकी सीमा पार करने की आदतें दशकों पुरानी हैं। भारत के साथ उसका संबंध सदैव उलझनों और तनावों से भरा रहा है। चीन ने एक बार फिर भारत की संप्रभुता को चुनौती देते हुए अरुणाचल प्रदेश की 27 जगहों के नाम बदल दिए हैं। यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि चीन पहले भी कई बार इस तरह की चालें चल चुका है, जिनका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय मंच पर भ्रम पैदा करना और क्षेत्रीय वर्चस्व जताना होता है। चीन ने पिछले साल 30 स्थानों को अपना नाम देते हुए बकायदा सूची जारी की थी। चीन बार-बार ऐसी सूचियां जारी करता रहता है। चीन की यह रणनीति 'नक्शे और नाम के हथियार' के रूप में जानी जाती है। वह जिन इलाकों पर दावा करता है, वहां के पारंपरिक नामों को बदलकर उन्हें मानचित्रों में अपनी संप्रभुता के अंतर्गत दर्शाता है। इसका उद्देश्य यह जताना होता है कि ये क्षेत्र उसके ऐतिहासिक या सांस्कृतिक अधिकार क्षेत्र में आते हैं।

हालांकि, यह कदम न तो अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार मान्य है, न ही इसका कोई वास्तविक प्रभाव है, लेकिन इससे भू-राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश अवश्य होती है। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। यह न केवल कानूनी और प्रशासनिक रूप से भारत का हिस्सा है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से भी पूरी तरह भारत में रचा-बसा है। भारत ने चीन के इस कदम को खारिज करते हुए इसे निराधार और हास्यास्पद करार दिया है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि नाम बदलने से जमीन पर वास्तविकता नहीं बदलती और यह क्षेत्र भारत का अभिन्न हिस्सा बना रहेगा। अब सवाल उठता है कि चीन आखिर ऐसी ओछी हरकत करता क्यों है? संभवत: यह चीन की ओर से एक संकेत भी हो सकता है कि वह भारत की विदेश नीति, खासकर अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के साथ संबंधों से असहज है। वह भारत को सीमा पर उलझाकर उसका ध्यान भटकाना चाहता है। हाल ही में भारत ने आरोप लगाया कि चीन, पाकिस्तान की सहायता कर रहा है, खासकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद की स्थिति में।

यह कूटनीतिक आरोप चीन को असहज कर सकता है और इसीलिए वह इस तरह की जवाबी रणनीति अपना रहा है। चीन में आर्थिक सुस्ती, आंतरिक असंतोष और अंतरराष्ट्रीय आलोचनाओं से ध्यान हटाने के लिए भी ऐसे मुद्दे उठाए जाते हैं। भारत को चाहिए कि वह इस मामले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक स्पष्टता से उठाए। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर चीन की इस रणनीति की निंदा की जानी चाहिए। भारत को यह दिखाना होगा कि चीन की हरकतें नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के खिलाफ हैं। सीमा पर सैनिक तैयारियों को निरंतर मजबूत बनाए रखना आवश्यक है। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर निगरानी और बुनियादी ढांचे को बेहतर करने की जरूरत है ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके। अरुणाचल प्रदेश के नागरिकों का विश्वास जीतना और उन्हें भारत की मुख्यधारा से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है।


शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार और रोजगार के क्षेत्र में विकास तेज करना चीन की दुष्प्रचार रणनीति को मात देने का प्रभावी तरीका है। चीन की इस तरह की चालबाजियों को केवल कूटनीतिक रूप से नहीं, बल्कि जनमत के माध्यम से भी बेनकाब करने की जरूरत है। मीडिया, सोशल मीडिया और अंतरराष्ट्रीय संवाद माध्यमों का उपयोग कर चीन की नीतियों की वास्तविकता को सामने लाया जा सकता है। भारत को अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया जैसे लोकतांत्रिक देशों के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को और गहरा करना चाहिए।

क्वाड जैसे मंचों का उपयोग चीन के विरुद्ध संतुलन बनाने के लिए किया जा सकता है। चीन की चालें भारत के लिए कोई नई बात नहीं हैं, परंतु हर बार नाम बदलना, नक्शा छापना या बयान देना केवल एक प्रचारात्मक कदम है, जो जमीनी वास्तविकता को नहीं बदल सकता। भारत को चाहिए कि वह अपने भू-राजनीतिक हितों की रक्षा के लिए ठोस रणनीति बनाए और साथ ही वैश्विक समुदाय को भी चीन की इस नकारात्मक रणनीति से अवगत कराए। भारत की संप्रभुता अमिट है और उसे इस तरह की चालबाजियों से डिगाया नहीं जा सकता। चीन की आक्रामक रणनीति का जवाब सिर्फ कूटनीति या सैन्य बल से नहीं, बल्कि एक समग्र और दृढ़ नीति से दिया जाना चाहिए, जिसमें जनता का सहयोग, अंतरराष्ट्रीय समर्थन और आंतरिक मजबूती सबसे अहम स्तंभ होंगे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### पद्म भूषण से सम्मानित भारतीय शिक्षाविद

**करमशी** जेठाभाई सोमैया भारतीय शिक्षाविद थे। शिक्षा के क्षेत्र में उनका विशेष योगदान है। उन्होंने महाराष्ट्र में कई शैक्षिक संस्थानों की स्थापना की। वर्ष 2000 में समाज के लिए उनकी सेवा के लिए उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। कई कॉलेजों का नाम उनके नाम पर रखा गया है। सोमैया जी एक उद्योगपति और सोमैया समूह के उद्योगों के संस्थापक भी थे करमशी जेठाभाई सोमैया जन्म मालुंजा के श्रीरामपुर तालुका, जिला अहमदनगर, महाराष्ट्र में हुआ। अपनी हाई स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद करमशी जेठाभाई सोमैया अपने गृहनगर



**करमशी जेठाभाई सोमैया**
**जन्म :** 16 मई, 1902
**मृत्यु :** 9 मई, 1999

वापस आ गए और पिता के व्यवसाय में सहयोग देने लगे। उनके पिता किराना व्यवसाय की देखरेख में लगे हुए थे, जो कि गांव से गांव तक किराने का सामान और बुकिंग के ऑर्डर लेकर जाते थे। सन 1939 में सोमैया ने अपने स्वयं के चीनी व्यवसाय के शुभारंभ के लिए सकरवाड़ी और लक्ष्मीवाड़ी में दो चीनी कारखाने शुरू किए। उन्हें जल्द ही भारत के शुगर किंग के रूप में जाना जाने लगा। करमशी जेठाभाई सोमैया अहमदनगर जिले में श्रीरामपुर के शोभचंद रामनारायण खटोड़ की एक अग्रणी चीनी ट्रेडिंग फर्म में भागीदार बने। डेक्कन नहरों का संचालन भारत सरकार द्वारा किया गया था। ■



कविता

## पागल कौन ?

*प्रोमिला गौतम, बरठीं ( घुमारवीं )*

*जो सीने पे गोलियां खा जाए,*
*मां की लाज बचा जाए—पागल है?*
*जो ठंडी बर्फ में सो जाए,*
*पर गर्म लहू बहा जाए—पागल है?*
*जिसको न जिंदा रहने की चाह,*
*बस तिरंगे से वफा की राह—पागल है?*
*जिसके लिए न चांदी सोना,*
*बस मिट्टी की खुशबू सबकुछ—पागल है?*
*जो हर पर्व अपनों से दूर रहे,*
*और मौत को गले से लगाने से न डरे—पागल है?*
*जिसकी रग-रग में हो मातृभूमि,*
*जिसकी पूजा हो बस तिरंगी धूम—पागल है?*
*तो हां! अगर यह पागलपन है—तो सलाम है*
*हर उस पागल फौजी को,*
*जो हमें चैन की नींद सुला देता है,*
*और खुद शहीद हो जाता है...*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# आईएएस अधिकारी : सोशल मीडिया स्टार या सच्चे सेवक ?

भारत में सिविल सेवा हमेशा से ही सम्मान और प्रतिष्ठा का प्रतीक रही है। एक आईएएस अधिकारी का दायित्व न केवल नीतियों को लागू करना होता है, बल्कि जनता की समस्याओं को समझकर उन्हें हल करना भी है, लेकिन हाल के वर्षों में एक नया चलन देखने को मिल रहा है-आईएएस अधिकारियों का सोशल मीडिया की ओर बढ़ता आकर्षण। कुछ अधिकारी इंस्टाग्राम, यूट्यूब और ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म पर लगातार सक्रिय रहते हैं, अपने जीवन के पहलुओं को साझा करते हैं, व्लॉग बनाते हैं और अपने प्रशासनिक अनुभवों के जरिए प्रेरणा देने का प्रयास करते हैं, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या यह डिजिटल सक्रियता उनके मूल कर्तव्यों से ध्यान भटकाने का कारण बन रही है या फिर यह एक नई तरह की जनसेवा है?



लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
कवि, स्वतंत्र पत्रकार

**सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव :** सोशल मीडिया का युग आते ही हर क्षेत्र ने अपनी उपस्थिति वहां दर्ज की है, तो भला नौकरशाही कैसे पीछे रह सकती थी। आईएएस अधिकारी भी इस डिजिटल दुनिया का हिस्सा बन चुके हैं। वे अपने अनुभव, सरकारी योजनाएं, और प्रेरणादायक कहानियां साझा करते हैं, जिससे आम जनता का प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है। उदाहरण के लिए, बिहार की चर्चित आईएएस अधिकारी टीना डाबी हों या फिर कश्मीर के शाह फैसल, इन अधिकारियों ने अपनी ऑनलाइन उपस्थिति से लाखों युवाओं को प्रेरित किया है।

**जनजागरूकता का नया माध्यम :** सोशल मीडिया पर सक्रिय आईएएस अधिकारी अपने फॉलोअर्स को न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हैं, बल्कि सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता भी फैलाते हैं। वे आपदाओं के समय महत्वपूर्ण सूचनाएं साझा करते हैं और जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हैं। यह पारंपरिक नौकरशाही के उस पुराने ढर्रे से बिलकुल अलग है जहां अधिकारी केवल कागजों पर या सरकारी बैठकों में ही सीमित



रहते थे।

**लोकप्रियता और चुनौती :** लेकिन सवाल यह है कि क्या इस डिजिटल सक्रियता का मतलब है कि ये अधिकारी अपने असली कर्तव्यों से भटक रहे हैं? क्या सोशल मीडिया पर छवि निर्माण का यह खेल उनकी प्रशासनिक जिम्मेदारियों से समझौता है? कई बार यह देखा गया है कि कुछ अधिकारी सोशल मीडिया पर इतना व्यस्त हो जाते हैं कि उनकी मूल जिम्मेदारियां प्रभावित होने लगती हैं। उदाहरण के लिए, किसी जिले के डीएम का समय अधिकतर क्षेत्रीय समस्याओं और विकास कार्यों में जाना चाहिए, न कि इंस्टाग्राम रील्स बनाने में।

**अधिकारियों का स्टारडम :** कुछ अधिकारी अपने सोशल मीडिया फॉलोअर्स की संख्या बढ़ाने में इतने लिप्त हो जाते हैं कि वे सेलिब्रिटी जैसी पहचान बना लेते हैं। यह न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि उनके निर्णयों की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करता है। क्या यह संभव है कि एक अधिकारी जनता की सेवा और लोकप्रियता की होड़ के बीच संतुलन बना सके?

**प्रभाव और पारदर्शिता का सवाल :** इसके अलावा, यह भी ध्यान देने वाली बात है कि जब अधिकारी सोशल मीडिया पर अपने व्यक्तिगत विचार साझा करते हैं, तो इससे उनकी निष्पक्षता पर भी सवाल उठ सकते हैं। जनता के प्रति उनकी जवाबदेही और निष्पक्षता का संतुलन बनाए रखना कठिन हो सकता है।

**निजता और सुरक्षा का मुद्दा :** सोशल मीडिया पर अधिक सक्रियता से अधिकारियों की निजता और सुरक्षा भी खतरे में आ सकती है। वे जिस प्रकार से अपने दिनचर्या, लोकेशन और व्यक्तिगत जीवन की जानकारी साझा करते हैं, वह सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक हो सकता है। साथ ही, साइबर अपराधों और ट्रोलिंग का खतरा भी बना रहता है।

**संवेदनशील मुद्दों पर जिम्मेदारी :** इसके अलावा, अधिकारियों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि वे कौन सी जानकारियां साझा कर रहे हैं। कई बार उनका एक बयान या विचार राजनीतिक विवादों को जन्म दे सकता है। इससे न केवल उनकी व्यक्तिगत छवि बल्कि पूरे प्रशासनिक ढांचे की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो सकते हैं।

**आम आदमी की अपेक्षाएं:** जब जनता एक अधिकारी को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखकर उसकी तारीफ करती है, तो कहीं न कहीं उनकी अपेक्षाएं भी बढ़ जाती हैं। वे यह मानने लगते हैं कि जो अधिकारी ऑनलाइन इतना सक्रिय है, वह जमीनी हकीकत में भी उतना ही समर्पित होगा।

डिजिटल दुनिया में उनकी उपस्थिति समाज को प्रेरित कर सकती है, जागरूकता बढ़ा सकती है, लेकिन इसके लिए एक संतुलन बनाए रखना अनिवार्य है। आखिरकार, एक अधिकारी का सबसे बड़ा धर्म उसकी जनता की सेवा है, न कि केवल डिजिटल स्टारडम।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# ईमानदारी से कमाया धन हमेशा बरकत देता है

कहते हैं ईमानदारी से कमाया पैसा बरकत देता है। ईमानदार आदमी अपने मानवता के लिए किए गए पुनीत कार्यों से अमर हो जाता है। समाज में ईमानदारों की मिसालें दी जाती है। ईमानदारी के रास्तें में मुसीबते बहुत है, लेकिन ईमानदारी से किए गए कार्यों के बाद जो खुशी होती है उसे करोडों रुपयों से भी हासिल नहीं किया जा सकता। ईमानदार आदमी पहले दूसरों का भला सोचता है कि कौन असली जरूरतमंद है। ईमानदार समाज के हित में अपना जीवन समर्पित कर देता है। ईमानदारी कर कोई सानी नहीं है। ईमानदारी युगों-युगों तक रहती है। ईमानदारी की कभी हार नहीं होती। ईमानदारी एक अच्छी नीति है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उड़ाई जाती है। ईमानदारों के खिलाफ पडयंत्र रचे जाते हैं, मगर ईमानदारों पर आंच नहीं आती। ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है। यह एक शाश्वत सत्य है। ईमानदार आदमी द्वारा समाज के लिए निस्वार्थ भाव से किए गए महान कार्यों के लिए समाज उसे युगों युगों तक याद रखता है। वर्तमान समाज में ईमानदारी पर बेईमानी हावी होती जा रही है, मगर बेईमानी औंधें मुंह गिर जाती है। सांच को आंच नहीं आती। ईश्वर भी ईमानदारों का साथ देता है। समाज की रचना के लिए सादगीपूर्ण जीवन जीने की कोशिश करनी चाहिए।

मानव को हमेशा समानता व एक समान व्यवहार करना चाहिए। क्योंकि जो आदमी भेदभाव करता है वह मानवता के नाम पर कलंक है। कहते हैं कि व्यक्ति को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए भले ही आदमी कितनी ही ऊंचाइयां छू लें। एक कहावत है कि मानव कितना भी अमीर हो जाए वह अपना अतीत नहीं खरीद सकता? आज दुनिया में कुछ ऐसे लोग है जो कभी दाने-दाने को मोहताज थे। मानव को सदा अच्छे कर्म करने चाहिए, क्योंकि अगर तुम



अच्छा करोगे अच्छाई ही मिलेगी दुनिया युगों-युगों तक याद रखेगीं। अभावग्रस्त लोगों की सहायता करनी चाहिए। भूखे को रोटी खिलाओं, जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हमेशा अच्छा करोगे तो अमर हो जाओगे। अगर तुम किसी का अच्छा नहीं कर सकते तो बुरा भी मत करो किसी को मत सताओ। पैसे से गुजरा हुआ समय खरीदना नामुमकिन है। पैसा ही सब कुछ नहीं होता मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते हैं अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है।

वक्त बदलते देर नहीं लगती, इसलिए आदमी को अपना अतीत याद करते रहना चाहिए। ताकि विपत्तियों का अहसास होता रहे। वर्तमान परिवेश में मानव इतना स्वार्थी व मौकापरस्त होता जा रहा है कि खुद को खुदा से उपर समझने लगा है। आज वह भगवान के साथ छल - कपट तक करने से नहीं चुकता मगर जब उसकी मार पड़ती है तो होश ठिकाने आ जाते हैं।

ऐसे लोगों को आदमियों की पहचान नहीं होती कि कौन अच्छा है कौन बुरा है। आज चापलूस लोगों का बोलबाला हो गया है, लेकिन खुदा सब देख रहा है समय ने करवट बदली और उनका भाग्य भी बदल गया, लेकिन वह लोग अपनी औकात भूल गए कि एक समय ऐसा भी था कि उनके पास एक जोडी कपड़े होते थे। खाने के लाले पड़े होते थे। आज अच्छे दिन आ गए तो अपनों को भूल गए और हवा में उड़ने लगें, लेकिन असली व नकली पंखों में फर्क होता है कार-कोठी को ही जीवन का लक्ष्य मान अन्य लोगों को को नीचा दिखाने की कोशिश में लगे व्यक्तियों की पोल आखिकार खुल जाती है, समाज में आत्मकेंद्रीत लोगों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है ऐसे लोग सिर्फ अपनों के सिवाय दूसरों का अच्छा नहीं कर सकते ऐसे लोग जानवरों से भी बदतर हैं।

एक पत्थर सिर्फ एक बार मंदिर जाता है और भगवान बन जाता है इंसान हर रोज मंदिर जाते हैं फिर भी पत्थर ही रहते हैं प्रत्येक इंसान का एक स्वाभिमान होता है उसे बनाए रखना चाहिए भले ही कितनी ही विपत्ति आ जाए अपना स्वाभिमान बरकरार रखना चाहिए मानव को अपने स्वाभिमान के आसू हर जगह नहीं बहाने चाहिए। हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए, क्योंकि सच्चाई की सदा जीत हुई है। यह अटल सत्य है। समाज में बेईमानों का सत्यनाश हुआ है। खुदा के घर में देर है अंधेर नहीं है। ईमानदारी की सदा ही विजय हुई है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भारत** के जम्मू-कश्मीर राज्य के पहलगाम स्थान बैसरन घाटी में पाक पोषित आतंकियों द्वारा 22 अप्रैल को दिन दिहाड़े 26 गैर-मुस्लिम भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या से उपजे तनाव के बाद भारतीय सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के नाम से की गई सैन्य कार्रवाई के बाद शनिवार को युद्ध विराम की खबरों से कई भारतीयों ने जहां राहत की सांस ली है, तो कई राष्ट्रभक्त भारतीयों को लगता है कि भारत सरकार का यह फैसला जल्दबाजी में लिया गया है। पाकिस्तान द्वारा आतंकियों के द्वारा करवाए गए इस हमले का मकसद भारत की अवाम में दहशत फैलाना और हिंदू-मुस्लिम दंगे करवाना था, लेकिन यह सत्य है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने कम समय में पाक को भारी नुकसान पहुंचाकर, पाक सेना और आतंवादियों पर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल की है। भारत सरकार और रणनीतिकारों ने इस ऑपरेशन से हासिल नतीजों और सफलता का ज्यादा ढिंढोरा नहीं पीटा है,परंतु जिस अंदाज में मात्र चार दिनों के भीतर पाक ने युद्धविराम की पेशकश की है। **विनय कुमार, धर्मशाला**

# तिरंगा यात्राएं आतंकवाद के खिलाफ अलख जगाएंगी

पुलवामा हमले का बदला भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान से आपरेशन सिंदूर जरिए लेना काबिले तारीफ है। इस जीत का जश्न वैसे तो सभी भारतीयों को मनाना जरूरी चाहिए। अमेरिका की बात मानकर भारत सरकार द्वारा संघर्ष विराम करना कुछेक लोगों को रास नहीं आया है। फिलहाल कुछेक लोग सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार खिलाफ इस मुद्दे को लेकर भड़ास भी निकाल रहे हैं। ठीक इसी विरोधाभास की बेला पर भाजपा ने पूरे देश में तिरंगा यात्राएं निकालने का श्री गणेश करके सेनाओं का मनोबल बढ़ाने की अलख जगाई है। तिरंगा यात्राओं की गूंज में तमाम विरोधाभास गौण होकर रह जाएंगें ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

तिरंगा यात्राओं से पूरे देश में राष्ट्रवाद की भावना जागृत होकर आतंकवाद खिलाफ आवाज बुलंद करने का काम करेगी। इतिहास गवाह है कि भारतीय सेनाओं ने पड़ोसी देश साथ अभी तक तमाम लड़ाइयों में उसे धूल चटाई है। बेशक हार न मानना उस देश की फितरत में शामिल है। आपरेशन सिंदूर के चलते भारतीयों सेनाओं ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों के ठिकानों को तहस नहस करके अपनी ताकत का एहसास करवाया था। आई एमएफ के रहमोंक्रम पर पलने वाले पाकिस्तान को तुर्की, अजरबेजान का साथ मिलने पर उसने भारत खिलाफ रणनीति बनाई।

पाकिस्तान की सेना ने भारत खिलाफ कई मिसाइल, ड्रोन छोड़े, मगर भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें मलबे का डेर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पाकिस्तान की सेना ने कायरता की हदें लांघकर भारत के रिहायशी इलाकों पर गोलीबारी करके लोगों को अपनी बंदूक का निशाना बनाने से गुरेज नहीं किया। भारतीय सेनाओं ने जवाबी कार्यवाही में पाकिस्तान के एयरबेस, सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर उसे अमेरिका समक्ष गिड़गिड़ाने के लिए मजबूर कर



दिया। भारत,पाकिस्तान सेनाओं के बीच चले तनाव कारण नुकसान दोनों ही तरफ लोगों को उठाना पड़ा है। पाकिस्तान बर्बादी की पटकथा वहां की सेना लिख रही है।

सेना सरहदों की रक्षा करने के बजाए सरकारें बनाने, गिराने में अधिक दिलचस्पी रखती है। भारतीय सेनाओं के हमले में जिन आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा, पाकिस्तानी सेना ने उन्हें सलामी देकर शहीद करार दिया है। 22 अप्रैल को पुलवामा में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को मौत घाट उतारकर मानवता को शर्मसार किया था। आतंकवादियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर उन पर गोलियां चलाकर दोनों धर्मों के बीच नफरत पैदा करने की कोशिश की गई थी। क्या ऐसा संभव की आतंकवादियों ने पर्यटकों पर बंदूक तानने से पूर्व उनका धर्म पूछा होगा आज बड़ा सवाल है?। आपरेशन सिंदूर के खिलाफ पाकिस्तान द्वारा की गई कार्यवाही को आज हम अपना मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम का खिताब देने से नहीं चूक रहे हैं।

वहीं पुलवामा हमला हमारी सुरक्षा एजेंसियों की लापरवाही का नतीजा है। सीमा पार से आतंकवादी आखिर पुलवामा तक ऐसे पहुंचे जिसकी भनक हमारी सुरक्षा एजेंसियों तक को नहीं लगी। माता वैष्णों देवी मंदिर को जाने वाले पर्यटकों की बस पर हमले उपरांत पुलवामा हमला भारत खिलाफ किसी बड़ी साजिश का हिस्सा है। आतंकवादी बेशक सीमा पार से आ रहे, मगर उनका पालन पोषण जम्मू, कश्मीर में देश के खिलाफ किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर उसे विकसित राज्य बनाने की मुहीम शुरू की गई। जम्मू-कश्मीर के कुछेक लोग भारत, पाकिस्तान के साथ शामिल होने का दावा करते हैं। अन्य अपना अलग देश बनाने की बात करते हैं। धारा 370 का विरोध करने वाले जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की आमद को फिर कैसे स्वीकार कर सकते हैं। देश का अधिकांश बजट सुरक्षा पर खर्च किया जा रहा है। वर्तमान समय भारतीय सेनाएं इतनी सक्षम किसी भी देश को नाकोचने चबा सकती हैं। भाजपा द्वारा पूरे देश में तिरंगा यात्राएं निकाले जाने से युवा पीढ़ी को अपनी सेनाओं के पराक्रम जानने सहित उनमें देश भक्ति की भावना जागृत होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बॉयकॉट तुर्की-राष्ट्रभाव और सशक्त जनभावना

भारत और पाकिस्तान के बीच का तनाव कोई नया अध्याय नहीं है, लेकिन जब यह तनाव अंतरराष्ट्रीय मंचों से उतरकर भारत के बाजारों, उपभोक्ताओं, किसानों और नीति-निर्माताओं के निर्णयों को प्रभावित करने लगे, तो यह स्पष्ट संकेत बन जाता है कि कूटनीति अब केवल राजधानी के गलियारों तक सीमित नहीं रही।



लेखक : हितेंद्र शर्मा
कुमारसैन, शिमला (हि.प्र.)

हाल ही में तुर्की द्वारा पाकिस्तान को सैन्य ड्रोन की आपूर्ति, आतंकवाद जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भारत विरोधी रुख और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर बार-बार पाकिस्तान का पक्ष लेना-इन सबने भारतीय जनमानस को झकझोर दिया। यही वह क्षण था जब भारत के भीतर 'बॉयकॉट तुर्की' अभियान की चिंगारी जली, जो अब राष्ट्रव्यापी जनभावना और आचरण का अंग बन चुकी है। यह अभियान केवल सोशल मीडिया तक सीमित नहीं रहा। महाराष्ट्र के पुणे से लेकर राजस्थान के उदयपुर, मध्य भारत के इंदौर और हिमाचल प्रदेश की मंडियों तक व्यापारी समुदाय ने तुर्की से आयातित वस्तुओं, विशेषकर सेब और सजावटी संगमरमर का खुला बहिष्कार किया है।

पुणे के एपीएमसी फल बाजार, जहां हर साल 1,000 करोड़ से अधिक के तुर्की सेब बिकते थे, अब वहां इन सेबों की आपूर्ति बंद हो चुकी है। व्यापारी अब हिमाचल, उत्तराखंड और ईरान जैसे वैकल्पिक स्रोतों से सेब मंगवा रहे हैं।



यही बदलाव संगमरमर व्यापार और पर्यटन उद्योग में भी देखा जा रहा है, जहां तुर्की व अजरबैजान के टूर पैकेजों का बहिष्कार हो रहा है।

हिमाचल प्रदेश, जो स्वयं सेब उत्पादक राज्यों की अग्रिम पंक्ति में है, इस आंदोलन के केंद्र में खड़ा दिखाई देता है। प्रदेश के वरिष्ठ नेता और कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर की स्पष्टवादी भूमिका ने इस बहस को न केवल एक राजनीतिक दृष्टिकोण दिया, बल्कि एक ठोस नीतिगत दिशा भी प्रदान की। उन्होंने 'ऑपरेशन दोस्त' की याद दिलाई, जब भारत ने तुर्की में आए भीषण भूकंप के समय सबसे पहले मानवीय सहायता भेजी थी, लेकिन आज वही तुर्की भारत की पीठ में छुरा घोंपने जैसा व्यवहार कर रहा है। राठौर ने एक और महत्वपूर्ण तथ्य प्रस्तुत किया-भारत हर साल तुर्की से करीब 1.3 लाख मीट्रिक टन सेब आयात करता है, जिसकी लागत 822 करोड़ के लगभग होती है।

यह व्यापार सीधे-सीधे हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के किसानों के हितों को चोट पहुंचाता है। उन्होंने इसे 'सांप को दूध पिलाने जैसा कार्य' कहा, जहां देश अपनी ही कृषि अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाकर विदेशी निर्भरता को बढ़ावा देता है। यह वक्तव्य केवल एक राजनीतिक आरोप नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में सोचने वाले हर व्यक्ति की आवाज है। यह उस जन-चेतना का हिस्सा है जो अब तय कर रही है कि थाली में क्या आए, घर की दीवारों पर कौन-सा पत्थर लगे। आज भारतीय उपभोक्ता केवल उत्पाद का मूल्य नहीं देखता, वह उसके पीछे छुपे राष्ट्रहित, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय गौरव को भी तौलता है। यह बदलाव केवल बाजार या उपभोक्ता व्यवहार तक सीमित नहीं।

यह एक व्यापक सामाजिक, राजनीतिक और रणनीतिक सोच का प्रतिबिंब है। भारत अब उन आर्थिक फैसलों की ओर बढ़ रहा है जो केवल लाभ-हानि की गणना नहीं करते, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान को प्रमुखता देते हैं। 'बॉयकॉट तुर्की' इसी सोच की एक जीवंत मिसाल है। यह जनआंदोलन किसी सरकारी आदेश से नहीं चला। यह जनता का स्वाभाविक और सजग निर्णय था। 'बॉयकॉट तुर्की' अब कोई साधारण आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रचेतना से प्रेरित एक संगठित और सशक्त जनभावना की स्पष्ट घोषणा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मंडी जिले के 19 होनहार दसवीं की मेरिट में, छात्राओं का रहा दबदबा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें पहले 10 स्थानों (मैरिट लिस्ट में) पर 117 छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी। इनमें से मंडी जिला के 19 छात्र और छात्राएं भी शामिल हैं।

जिला से आठवें और दसवें स्थान पर 6-6 छात्राएं शामिल हैं। नवें स्थान पर तीन, चौथे तथा सातवें स्थान पर एक-एक और पांचवें स्थान पर दो छात्र छात्राएं मेरिट लिस्ट में स्थान पाने में कामयाब रहे हैं।

## फाइटर जेट उड़ाना चाहती है अवनी पराशर



**सरकाघाट।** मॉडल पब्लिक स्कूल बल्द्वाड़ा की अवनी पराशर ने 98.86 प्रतिशत अंक लेकर प्रदेश भर में पांचवें स्थान हासिल किया है। अवनी पराशर ने बताया कि वह प्रतिदिन सात से आठ घंटे पढ़ाई करती थी। शुगन की माता निजी स्कूल में अध्यापिका है और पिता निजी कंपनी में मार्केटिंग करते हैं। अवनी पराशर भविष्य में पायलट बनना चाहती है और फाइटर जेट उड़ाना चाहती है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है।

## प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहते हैं शिवांग



**सरकाघाट।** हिम ज्योति आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नबाही का परिणाम शतप्रतिशत रहा। इसमें शिवांग ठाकुर ने 692 अंक लेकर पूरे हिमाचल में 5वां स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर यशपुनिया व अभिषेक ठाकुर व सुनील, रेखा देवी तीसरे स्थान पर रहे। स्कूल के चेयरमैन रविंद्र सिंह चौहान ने सभी अध्यापकों, विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई दी है। शिवांग का चयन सैनिक स्कूल टिहरा के लिए हो गया था, लेकिन शिवांग ने अपनी पढ़ाई इसी पाठशाला में रखने का फैसला किया है। शिवांग बड़ा होकर प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहता है।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती है कोमल राणा

**सुंदरनगर।** वर्धमान महावीर पब्लिक स्कूल सुंदरनगर की छात्रा कोमल राणा ने दसवीं कक्षा की परीक्षा में 98.14 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश भर में दसवां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुराधा जैन ने इस अवसर पर मिठाई बांटकर कोमल को शुभकामनाएं दी। कोमल राणा का सपना एक सफल सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने का है। कोमल के पिता किशन चंद राणा भारतीय सेना में कार्यरत हैं और माता लता देवी गृहिणी हैं।



## एलविना ने हासिल किए 687 अंक



**धर्मपुर।** डॉ. विजय मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल धर्मपुर (साई इंटरनल फाउंडेशन) की एलविना नेगी ने 687 अंक लेकर टॉप 10 में स्थान बनाया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश व शारीरिक शिक्षक विजय कुमार ने एलविना नेगी के टॉप 10 में आने पर आज विद्यालय परिसर में बच्चों को मिठाई बांटी और विद्यालय स्टाफ, व स्कूली बच्चों द्वारा एलविना नेगी को बधाई दी।

## प्रतिदिन छह घंटे पढ़ता है अक्षर ठाकुर



**सरकाघाट।** दयानंद आदर्श विद्यालय सरकाघाट के छात्र अक्षर ठाकुर ने मार्च महीने में हुई दसवीं की परीक्षा में 687 अंक लेकर प्रदेश भर में मेरिट में दसवां स्थान प्राप्त किया है। अक्षर ठाकुर ने बताया कि वह प्रतिदिन छह घंटे पढ़ाई करता था। अक्षर ने बताया कि उसे पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी रुचि है और वह अपने स्वास्थ्य के प्रति भी हमेशा जागरूक रहता है। अक्षर ठाकुर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है। अक्षर की इस सफलता पर क्षेत्र में खुशी की लहर है।

## मेरिट में आई लेदा की साधना और चांदनी

**अमन, लेदा।** एमजेसीएम पब्लिक स्कूल लेदा की दो छात्राओं साधना ठाकुर पुत्री हंसराज व चांदनी पुत्री गंगा राम ने 10वीं कक्षा के परिणाम में टॉप 10 मेरिट लिस्ट में स्थान हासिल किया है। दोनों छात्राओं को 687 अंक हासिल हुए हैं। स्कूल प्रिंसिपल हंसराज शर्मा ने बताया कि यह दोनों ही बेटियां बहुत होनहार हैं। दोनों बेटियों को हंसराज शर्मा ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### चिकित्सा शिविर में 200 लोगों ने करवाई जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** दीर्घायु क्लीनिक चुराग में 2 दिवसीय निःशुल्क चिकित्सीय जांच शिविर का आयोजन श्री धनवंतरी हर्बल्स तथा शर्मा इग्स हाउस सुंदरनगर के सौजन्य से किया गया। इस शिविर में 200 से ज्यादा लोगों का निशुल्क बीएमडी टेस्ट तथा शुगर टेस्ट के साथ निशुल्क चिकित्सीय परामर्श दिया गया और साथ ही साथ उत्तम जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। दीर्घायु क्लिनिक चुराग के संचालक डॉ. लोकेश ठाकुर ने बताया कि इस तरह का यह दूसरा जांच शिविर था जिसका आयोजन एक फॉलोअप जांच के रूप में किया गया। इस शिविर में डॉ. लोकेश ठाकुर के साथ शर्मा इग्स हाउस की तरफ से राजेश्वर शर्मा, हेमंत तथा श्री धनवंतरी हर्बल्स की तरफ से मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव हेम सिंह ठाकुर तथा बीएमडी टेक्नीशियन अजय महाजन तथा चंद्रमणि और खुशी राम ने सहयोग दिया।

### कृषि विक्रय केंद्र में फसलों के बीज उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** कृषि विभाग के विक्रय केंद्रों में खरीफ मौसम आधारित फसलों के बीज उपलब्ध हैं, जिनमें मुख्यतः धान, मक्की, चरी व बाजरा के बीज शामिल हैं। विषयवाद विशेषज्ञ (कृषि) पधर सोनम कुमारी ने बताया कि किसानों के लिए सस्ती दरों पर विभिन्न कृषि विक्रय केंद्रों में खरीफ मौसम आधारित फसलों के बीज उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि द्रंग कृषि खंड के जोगिंद्रनगर के लिए 30 क्विंटल हाइब्रिड मक्की, 10 क्विंटल हाइब्रिड धान, 10 क्विंटल परमल धान, लगभग 100 क्विंटल चरी तथा लगभग 40 क्विंटल बाजरा का बीज उपलब्ध है।

### मई-जून में खेलकूद प्रतियोगिताएं करवाने की मांग

**कविता, पधर।** राजकीय सीएंडवी अध्यापक संघ जिला मंडी ने प्रदेश सरकार से ग्रीष्मकालीन स्कूलों के शैक्षणिक कैलेंडर में हाल ही में किए गए परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए एक विशेष अनुरोध किया है। संघ के जिला अध्यक्ष दयाराम ठाकुर ने बताया कि संघ ने माननीय मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से आग्रह किया है कि अंडर-14 छात्र और छात्राओं की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं मई के अंतिम सप्ताह से जून के पहले सप्ताह तक आयोजित की जाएं। संघ का तर्क है कि इस वर्ष 1 से 8 जून तक ग्रीष्मावकाश निर्धारित है और इस दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन बच्चों की पढ़ाई को प्रभावित नहीं करेगा। अतः मौसम और शैक्षणिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए मई-जून का समय इन प्रतियोगिताओं के लिए सर्वाधिक उपयुक्त रहेगा। इस मांग को मंडी जिले के सभी खंड अध्यक्षों ने भी समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि चौंतड़ा खंड के अरविंद कुमार, सदर के हेमराज ठाकुर, साईं गल्लू के प्रकाश चंद, द्रंग-2 के सीआर यादव, द्रंग-1 के नरोतम सिंह, चच्योट-1 के भूप सिंह, चच्योट-2 के नरेश कुमार नायक, सुंदरनगर के कमलेश राव, औट के दीपक कुमार, रिवालसर की दीक्षा कुमारी, गोपालपुर-1 के देवराज, गोपालपुर-2 के राकेश राव, करसोग के कृष्ण कुमार और तेज सिंह शामिल हैं। संघ ने पुनः मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से अपील की है कि खेलकूद प्रतियोगिताएं मई के अंतिम या जून के पहले सप्ताह में करवाई जाएं।

### इलेक्ट्रोल लिटरेसी शिविर कल लगेगा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने बताया कि आगामी 17 मई को 35- सरकाघाट विधानसभा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बल्द्वाड़ा व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बलैन में विशेष इलैक्ट्रोल लिटरेसी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार प्रत्येक शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता साक्षरता क्लब (ईएलसी) के माध्यम से नियमित रूप से मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को उपमंडल के सभी शैक्षणिक संस्थानों में इलेक्टोरल लिटरेसी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत छात्रों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने की प्रक्रिया, मतदान प्रक्रिया की जानकारी, नैतिक मतदान का महत्त्व तथा जिम्मेदार नागरिक बनने व मतदान से संबंधित अधिकायों के बारे प्रेरित किया जाएगा।

### मंडी विधानसभा क्षेत्र में मतदाता पंजीकरण अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, मंडी।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 33-मंडी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं एसडीएम रुपिंद्र कौर ने बताया कि आगामी चुनावों के लिए 1 अप्रैल तक 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा और अन्य सभी मतदाता 33-मंडी विधानसभा क्षेत्र में अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं। पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, आधार कार्ड, आयु एवं निवास प्रमाण पत्र बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को जमा करने होंगे। इसके अतिरिक्त मतदाता सेवा पोर्टल और वोटर हेल्पलाइन ऐप से ऑनलाइन भी पंजीकरण संभव है। उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए 17 मई को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मंडी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कोटली में भाषण, पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### एफआरए को लेकर आयोजित हुई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम 2006 को लेकर एक बैठक व प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला तीन दिन तक चलेगी। कार्यशाला में वन अधिकार अधिनियम 2006 संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि वन भूमि पर निर्वाह करने वाले लोगों को निर्धारित फार्म पर आवेदन करना होगा। उन्होंने कहा कि दावेदार के आवेदन को पंचायत की ग्राम सभा से वन अधिकार समिति (एफआरसी) के माध्यम से अनुमोदित किया जाएगा। एफआरसी में अधिकतम 15 लोग हो सकते हैं, जिसमें एक तिहाई महिलाओं का होना अनिवार्य है। इस दौरान तहसीलदार मुनीश कुमार, रेज अधिकारी मदन लाल, कानूनगो, पंचायत सचिव, पटवारी वन रक्षक उपस्थित रहे।

### चौकड़ी में मनाया कम्युनिटी बेस्ड इवेंट

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** बाल विकास परियोजना सदर मंडी के वृत्त सलवाहन के तहत ग्राम पंचायत ब्रिखमणी के आंगनबाड़ी केंद्र चौकड़ी में कम्युनिटी बेस्ड इवेंट -सीबीई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वृत्त पर्यवेक्षक संदीप चौहान ने ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य एवं पोषाहार के बारे जागरूक किया। उन्होंने निदेशालय महिला एवं बाल विकास द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है। उन्होंने मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत बीपीएल परिवार की लड़की की शादी के लिए 31 हजार शगुन के तौर पर अनुदान देने की बात कही। इस मौके पर कुपोषण को दूर करने की भी चर्चा की गई। उन्होंने पोषण अभियान के अंतर्गत सीबीई के तहत पांच थीमों पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए गर्भवती व धात्री माता को एनीमिया से दूर रहने के लिए हरी सब्जी, पालक व आयरन फोलिक एसिड लेने की सलाह दी।

### विभाग निष्क्रिय बैंक खातों को करवाएं सक्रिय : अंकित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** एसडीएम कार्यालय सुंदरनगर में कार्यकारी एसडीएम एवं तहसीलदार सुंदरनगर अंकित शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों, शिक्षण संस्थानों के लंबे समय से निष्क्रिय चल रहे बैंक खातों की समीक्षा की गई तथा उन्हें सक्रिय बनाने के निर्देश दिए गए। कार्यकारी एसडीएम ने निर्देश दिए कि जिन विभागों व अन्य संस्थानों के बैंक खाते किसी कारणवश लंबे समय से निष्क्रिय स्थिति में हैं, उन्हें शीघ्र सक्रिय बनाया जाए, ताकि इन खातों में नियमित रूप से वित्तीय लेनदेन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने बैंक खातों की स्थिति की शीघ्र जांच करके कल दोपहर तक अपनी रिपोर्ट एसडीएम कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें।

# बच्ची सहित 11 लोग बने पागल कुत्ते के शिकार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



लोगों द्वारा मारा हुआ पागल कुत्ता।

भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड की सुंदरनगर टाउनशिप में वीरवार सुबह एक पागल कुत्ते ने जमकर आतंक मचाया। इस हमले में कुत्ते ने मात्र 3 वर्षीय बच्ची सहित कुल 11 लोगों को अपना शिकार बनाया है, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और दोपहर तक खौफ का माहौल बना रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पागल कुत्ता अचानक लोगों पर झपटना शुरू कर देता था, जिससे स्थानीय लोगों में घंटों भय व्याप्त रहा।

बच्चों, महिलाओं, पुरुषों और बुजुर्गों सहित कुल 11 लोग इस हमले में घायल हुए, जिन्हें आनन-फानन में सिविल अस्पताल सुंदरनगर पहुंचाया गया। वहां सभी को रेबीज से बचाव के लिए आवश्यक वैक्सीनेशन दिया गया और प्रारंभिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। इस घटना की जानकारी स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद सुंदरनगर को तुरंत दी

### घायल अस्पताल में वैक्सीनेशन कर भेजे घर

और सहायता मांगी। लेकिन लोगों का कहना है कि समय पर कोई कार्रवाई नहीं की गई और कोई टीम मौके पर नहीं पहुंची।

इससे लोगों ने मिलकर पागल कुत्ते को चारों ओर से घेर लिया और उसे मार गिराया है। लोगों का कहना है कि टाउनशिप में पहले भी आवारा कुत्तों की समस्या रही है, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। उन्होंने नगर परिषद और प्रशासन से मांग की है कि इस ओर गंभीरता से ध्यान देकर आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण पाया जाए।

### नहीं मिली सहायता : सैनी



**बीबीएमबी** कॉलोनी व्यापार मंडल के प्रधान अश्विनी सैनी नेआरोप लगाया है कि घटना की सूचना समय पर स्थानीय पार्षदों और नगर परिषद को दी गई, लेकिन कोई सहायता नहीं मिली और लोगों ने कुत्ते को घेर कर मार गिराया है। घायलों को सिविल अस्पताल में उपचार और वैक्सीनेशन देकर घर वापस भेज दिया है।

### विशेष अभियान जरूरी : जितेंद्र



**नगर** परिषद सुंदरनगर के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि कुत्तों द्वारा लोगों पर इसी माह में हमला करने का दूसरा मामला है। इसको लेकर नगर परिषद द्वारा लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को लेकर कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## कोटली में संचालित होगा अपना पुस्तकालय : डीसी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन ने आज कोटली उपमंडल के तहत निर्माणाधीन राष्ट्रीय उच्चमार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने कोटली में स्थापित किए जा रहे अपना पुस्तकालय के कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने सर्वप्रथम जालंधर-मंडी राष्ट्रीय उच्चमार्ग के अंतर्गत कोटली उपमंडल में निर्माणाधीन इस महत्वाकांक्षी परियोजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

उन्होंने संबंधित एजेंसी से इस सड़क के निर्माण कार्यों के बारे में विभिन्न जानकारी प्राप्त की और लोगों की सुविधा के दृष्टिगत इसके कार्य को गति प्रदान करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने साइगलू से कोटली तक इस सड़क पर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया और इनमें जन सुविधा के दृष्टिगत आवश्यक सुधार करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने ग्राम पंचायत कोटली में स्थापित किए जा रहे अपना पुस्तकालय का दौरा किया। उन्होंने इस पुस्तकालय की स्थापना के लिए अब तक के कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए इसके संचालन से संबंधित भविष्य की योजनाओं पर भी ग्राम पंचायत के लोगों व संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। युवाओं से आह्वान किया कि पुस्तकालय का लाभ उठाएं ।

## सुंदरनगर डकैती कांड : दो आरोपियों की हुई पहचान

# मुजफ्फरनगर का रहने वाला तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

नगर परिषद सुंदरनगर के नया बाजार में हुई लाखों की डकैती मामले में पुलिस ने वांछित तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान जुनैद पुत्र सामोन अली निवासी गांव रोहिणी हाजीपुर, जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को मामले के अन्य आरोपियों को शरण देने के आरोप गिरफ्तार किया है। मामले गिरफ्तार किए गए आरोपी को आज शुक्रवार को न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी में दर्ज डकैती मामले की जांच जारी रखते हुए मंडी पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का पुलिस रिमांड लेकर उससे गहन पूछताछ की जाएगी।

बता दें कि बीते रविवार को नगर परिषद सुंदरनगर के नया बाजार में दिन-दिहाड़े गन प्वाइंट और तेजधार हथियार की नोक पर घर में वृद्ध दंपत्ति को बंधक बनाकर लाखों के गहने और कैश की लूट को अंजाम देने का मामला सामने आया था। इसमें आरोपियों द्वारा घटना में प्रयोग में लाई गई बाइक मंडी शहर से चोरी की गई थी। इस बाइक को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी ने एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर अब दो आरोपियों की शिनाख्त और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिला मंडी पुलिस की विशेष टीम उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में आगामी कार्रवाई कर रही है। पुलिस पहचान में दोनों आरोपियों की पहचान जावेद पुत्र खलील निवासी मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश और शाहिद निवासी मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के तौर पर हुई है। (अनंत ज्ञान)

### सुरक्षा पर उठे सवाल

**पुलिस** थाना बीएसएल कॉलोनी के नया बाजार में पेश आए डकैती मामले ने प्रवासियों की थाना में एंट्री प्रक्रिया पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। जहां पुलिस बाहरी प्रवासी लोगों की थाना में एंट्री को लेकर व्यापक अभियान चलाती है। पुलघराट में ढाबा संचालक के साथ हुए गोलीकांड तथा लूटपाट और सुंदरनगर डकैती मामलों ने पुलिस प्रक्रिया को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

## मेरा मंडी ऐप से मिलेगी ऑटो की सुविधा की जानकारी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में नगर निगम मंडी के क्षेत्राधिकार में मेरा मंडी ऐप के माध्यम से ऑटो की सुविधा आम जनमानस को प्रदान करने के संदर्भ में ऑटो यूनियन और सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के छात्रों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि ऑटो यूनियन की आम सभा में इस मुद्दे पर चर्चा की जाएगी और शीघ्र ही इस विषय पर उचित निर्णय लिया जाएगा।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 20 से करें आवेदन

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** जिला स्तरीय देवता मेला बालीचौकी की बैठक मेला कमेटी के अध्यक्ष दिले राम ठाकुर की अध्यक्षता में पंचायत समिति हॉल बालीचौकी में आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार निधि सकलानी और विकास खंड अधिकारी वबनेश चड्ढा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में महादेव चुंजवाला व महर्षि मार्कण्डेय के प्रतिनिधि भी शामिल रहे।

समस्त मेला कमेटी सदस्यों ने 27 मई को मेले के समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बतौर मुख्यातिथि बनाए जाने की अनुशंसा की। रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए 20 मई से ही आवेदन लिए जाने का निर्णय किया गया और मेला कमेटी की अंतिम मुख्य बैठक भी 20 मई को आयोजित करवाने का निर्णय किया गया। मेला कमेटी ने साफ-सफाई की व्यवस्था की ओर विशेष ध्यान देने की भी इच्छा जताई है। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने एकमत से सभी निर्णयों पर मोहर लगाई।

# जपनीत और रिध्वान बने हेड प्रीफेक्ट्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, मंडी में छात्र परिषद 2025-26 के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए भव्य अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशिष्ट सेवा मेडल (वीएसएम) से सम्मानित कर्नल सुनील भट्ट रहे, जो गोरखा राइफल्स की पहली बटालियन के वीर अधिकारी रह चुके हैं। वहीं इस वर्ष के सीनियर बिंग से हेड प्रीफेक्ट्स के रूप में जपनीत कौर और रिध्वान अरोड़ा को नियुक्त किया गया। विभिन्न क्लबों के लिए डिसिप्लिन क्लब से नंदिनी व तनमय सोनी स्पोर्ट्स क्लब से इप्शिता व विशाल लिटरेरी क्लब से ऐशान्या व प्रथमवीर सिंह वॉल मैगजीन से इशांत पटियाल व रिंचेन कार्पा काउंसलिंग क्लब से आदित्य शर्मा व रिया सूद आईसीटी क्लब से अंशुमान व रणवीर सिंह इलेक्टोरल क्लब से विभोर बिष्ट व अक्षिता एस्थेटिक क्लब से वैष्णवी व श्रेया योगा क्लब से अर्श व दीप्ति, हाइजीन क्लब से याशिका व अध्यात्म शर्मा कम्युनिटी सर्विस क्लब से अविका व प्रज्ञान्या वैद्य हेरिटेज क्लब से कशिश व ईशांत वर्मा ईको क्लब से चयनित शगुन व आदर्श पाल को कैप्टन व वाइस कैप्टन से अलंकृत किया गया। वहीं गांधी हाउस से कैप्टन मननत, वाइस कैप्टन आरुषि, नेहरू हाउस से कैप्टन सुश्रुत, वाइस कैप्टन अनुशी, टैगोर हाउस से कैप्टन तंजिल, वाइस कैप्टन राघव गुलेरिया तथा तिलक हाउस से कैप्टन मोक्ष और वाइस कैप्टन दक्ष गोयल को अलंकृत किया गया।

# बसों में बेतहाशा किराया वृद्धि को तुरंत वापस ले सरकार : रणवीर

**अनंत ज्ञान, मंडी**



हिमाचल सरकार द्वारा बसों के किराये में वृद्धि करके गरीब की जेब पर डाका डाला है और स्पष्ट किया है कि यह सरकार केवल अपने हितों को साधने तक सीमित है। यह आरोप भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणवीर सिंह ने लगाए हैं।

प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने ने कहा कि पिछले लगभग ढाई वर्षों के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार के सभी निर्णय महंगाई को बढ़ाने वाले और आम जनता पर बोझ डालने वाले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आर्थिक मामले पर हर क्षेत्र पर पिछड़ी है और वित्तीय कुप्रबंधन की मिशाल बन कर रह गई है। उसके बाद पढ़े लिखे युवाओं को जो लोक निर्माण जैसे विभाग में मल्टी टास्क वर्कर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे उन्हे शराब के ठेकों पर बिठा कर इस सरकार ने उनके और उनके भविष्य के साथ भधा मजाक किया गया।

# किराये की वृद्धि से बढ़ा आर्थिक बोझ : माकपा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



एसडीएम के माध्यम से सीएम और राष्ट्रपति को मांगपत्र भेजते हुए पार्टी के सदस्य।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्कसवादी की सरकाघाट एवं धर्मपुर लोकल कमेटी बस किराये में की गई बढ़ोतरी और कर्नल सोफिया कुरैशी पर भाजपा नेता व मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह को तुरंत पद से हटाने और उन्हें कड़ी सजा देने बारे एसडीएम सरकाघाट के माध्यम से मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपे, जिसका नेतृत्व पार्टी सचिव भुपेंद्र सिंह ने किया और पार्टी पदादिकारी दिनेश काकु, सुरेश, दिनेश ठाकुर, बीडी शर्मा इत्यादि शामिल हुए। भुपेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार ने पहले न्यूनतम किराया 5 से 10 रुपए बढ़ाया था और अब लंबी दूरी का किराये में वृद्धि करके जनता पर आर्थिक बोझ डाल दिया।

माकपा ने धर्मपुर तथा सरकाघाट डिपुओं में खाली पड़े दर्जनों चालकों के पदों को भरने की मांग की है साथ ही बंद किए बस रूट को बहाल करने की मांग की है। ऐसा नहीं किया गया तो पार्टी 20 मई को सरकाघाट में सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करेगी।

## सज्योपीपलू में 25 को नशे के खिलाफ होगी सड़क दौड़ : भूप्पी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर नशा मुक्त अभियान के तहत आज सज्योपीपलू में सज्यों क्षेत्र नशा मुक्ति अभियान कमेटी की बैठक अध्यक्ष रणताज राणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें खंड अध्यक्ष भूपिंद्र भूप्पी और मंडी साक्षरता समिति की सचिव सुनीता विष्ट सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

बैठक में तय किया गया कि युवा बचाओ भविष्य बचाओ अभियान के तहत युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने और नशे से दूर रखने के उद्देश्य 25 मई को अंडर 16 आयु 18 आयु वर्ग के लड़कों व लड़कियों के लिए 2 व 4 किलोमीटर दौड़ का आयोजन सजाओ व जोडन के बीच किया जाएगा। दौड़ में पहले पांच स्थानों तक पहुंचने वालों को नगद ईनाम दिया जाएगा। खंड अध्यक्ष व अंतराष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच भूपिंद्र भूप्पी ने बताया कि सजाओ के बाद संधोल, बरोटी, धर्मपुर, चोलथरा और टिहरा में अगले एक महीने में इनका आयोजन किया जाएगा।

**रोष** सड़क निर्माण में न लगी सुरक्षा दीवार और न बनीं नालियां, लोग करेंगे प्रदर्शन

# एनएच निर्माण कार्य से चोलथरा के लोग परेशान

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र का चोलथरा कस्बा एनएच निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही और अनियमत्ताओं के कारण पिछले लंबे अरसे से परेशानी झेल रहे हैं। इस बारे पूर्व जिला पार्षद भुपेंद्र सिंह किसान सभा के करतार सिंह चौहान, बलदेव ठाकुर ने प्रभावित परिवारों और व्यापार मंडल तथा ग्राम पंचायत और जनकल्याण सभा चोलथरा के पदाधिकारियों से मुलाकात करके ताजा स्थिति का जायजा लिया।

स्थानीय लोगों, व्यापार मंडल और पँचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि इसके बारे में कई बार प्रशासन और कंपनी को अवगत करवाया गया है लेकिन कार्य में कोई सुधार नहीं हो रहा है। चोलथरा बाजार और साधोट से धर्मपुर की ओर तथा पपलोग होते हुए सरकाघाट की ओर जाने वाली सड़क को बनाए गए बाईपास के चलते दोनों ओर से काट दिया गया है और स्थिति ये है कि बच्चे बुजुर्गों व बीमार व्यक्तियों को आने जाने में भारी समस्या हो रही है।

घरों के आगे की गई कटिंग की रोकथाम के लिए सुरक्षा दीवारें नहीं लगाई गई हैं और न ही पानी की निकासी के लिए नालियां बनाई जा रही हैं। सूबेदार भूप सिंह गुलेरिया और श्रवण कुमार के घरों के पास पिछली बरसात से पहले कम्पनी द्वारा की गई कटिंग से इनके गिरने का खतरा पैदा हो गया है। पूर्व जिला पार्षद भुपेंद्र सिंह ने कहा कि निर्माण कंपनी मनमाने तरीके काम कर रही है। भूप सिंह के घर का रास्ता तोड़ दिया गया है। वहीं वासी में सूबेदार श्रवण कुमार के घर के पीछे डेढ़ फुट ऊंची कटिंग की गई है, जिससे घर को खतरा हो गया है।

हिमाचल किसान सभा ने 20 मई को सरकाघाट में कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है और उसके साथ साथ ही इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।(अनंत ज्ञान)

# विद्यार्थियों की करवाई वाद-विवाद प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

रवींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एमए राजनीति विज्ञान के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में सहायक प्रो. संजीव कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में कुल पांच टीमों ने भाग लिया, जिनमें टीम 'बी' ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम में कुसुम, प्रिया चंदेल, अभिषेक और शिवानी शर्मा शामिल थे। द्वितीय स्थान टीम 'सी' ने प्राप्त किया, जिसमें दिव्या, आकांक्षा, नेहा वर्मा और अंजली ने भाग लिया। तृतीय स्थान टीम 'डी' को मिला, जिसमें वेदिका, आरती, प्रिया और मोनिका सम्मिलित थीं।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस में भरे जाएंगे 30 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड में यूनिट मैनेजर के मार्केटिंग और सेल्स में 20 पद रेगुलर और 10 पद टेम्परेरी भरे जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने जानकारी दी कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 17 मई को सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित होगा। अक्षय शर्मा ने बताया कि यूनिट मैनेजर पद के लिए शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन, किसी भी फील्ड में तीन साल का अनुभव होना अनिवार्य है, लेकिन मार्केटिंग और सेल्स में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को पहले प्राथमिकता दी जाएगी। इन पदों के लिए आयु सीमा 23 से 32 वर्ष और वेतन 12 से 15 हजार रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि योग्य और इच्छुक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड नंबर, दो पासपोर्ट आकार की फोटो, मूल प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 83508-24354 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जल स्रोतों की सफाई रखना हमारा कर्तव्य : अनीता



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी ऊना के द्वारा ऑनलाइन माध्यम से एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन जिलाभर के उपमंडलों में हुआ। इसमें सचिव डीएलएसए ऊना अनीता शर्मा के द्वारा लोगों को प्राकृतिक जल स्रोतों के आवश्यक रखरखाव के बारे में जागरूक किया गया, जिसमें जिले के पांचों उपमंडलों में सेवाएं दे रहे पीएलवी के माध्यम से किया गया। इसी कड़ी के तहत उपमंडल बंगाणा की पंचायत पीपलू के लोअर थाना ओर तलपी गांव के दर्जनों लोगों ने फायदा उठाया। बंगाणा के पीएलवी जितेंद्र कुमार ने बताया कि आज न्याय प्रणाली के तहत विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है और विशेषकर प्राकृतिक स्रोतों के रखरखाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सचिव डीएलएसए ऊना अनीता शर्मा ने लोगों से निवेदन किया कि अपने आसपास के ऐसे जलस्रोतों जो कि प्रयोग में नहीं हैं, उन्हें किस प्रकार से प्रयोग करने योग्य बनाया जाए। इस मौके पर पंचायत पिपलू प्रधान मोहिंद्र सिंह, वार्ड सदस्य संजीव राणा, बाबू खान, रणवीर सिंह, मेहर सिंह, जगदीश कुमार, सीमा देवी, मीना कुमारी, रेखा देवी, रुको देवी, सुनील कुमार, अंजू वाला, जीत सिंह, ओम प्रकाश, पवना देवी, कमलेश कुमारी, सुनीता देवी, सुनील कुमार, बिहारी लाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### हिमाचल एक्सप्रेस का ठहराव बंद होने से यात्री परेशान




**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के अंतर्गत पड़ते चुरारू टकराला रेलवे स्टेशन पर कोरोना समय से पहले गाड़ी संख्या 14053-54 हिमाचल एक्सप्रेस रेलगाड़ी का ठहराव हुआ करता था, जिससे इस स्टेशन के साथ लगतीं दर्जनों पंचायतों के वासियों को इसका फायदा मिलता था, लेकिन अब उक्त रेलगाड़ी का ठहराव बंद होने से दर्जनों पंचायतों के वासियों को अंब अंदौरा या ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन जाना पड़ता है, ऐसे में यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ-साथ जनता को समय और पैसा भी ज्यादा खर्च करना पड़ता है, ऐसे में रेल यात्रियों की मांग है कि दौलतपुर चौक-दिल्ली के बीच चलने वाली हिमाचल एक्सप्रेस रेलगाड़ी का ठहराव इस स्टेशन पर किया जाए और प्लेटफॉर्म की लंबाई को 180 मीटर से बढ़ाकर 515 मीटर किया जाए ताकि यात्रियों को 23 डिब्बों वाली ट्रेन में चढ़ने-उतरने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

### भूतपूर्व सैनिकों व आश्रितों की समस्याओं पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के डीसी जतिन लाल की अध्यक्षता में वीरवार को जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की त्रैमासिक बैठक उनके कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से जुड़ी सेवाओं और सुविधाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा उनके शीघ्र समाधान के लिए उचित दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान सैनिक कल्याण बोर्ड भवन परिसर में पार्किंग व्यवस्था, गार्ड्स की तैनाती, आवश्यक सामग्री की उपलब्धता तथा सैनिक कल्याण लीग के लिए लैंड आपूर्ति जैसे विषयों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त भूतपूर्व सैनिकों ने पुराना होशियारपुर रोड से सैनिक कैंटीन ऊना तक आने-जाने के लिए ऑटो रिक्शा का किराया निर्धारित करने की मांग भी की। बैठक में जिला सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक ले. कर्नल (सेवानिवृत्त) एसके कालिया, संयुक्त निदेशक उद्योग अंशुल धीमान, जिला राजस्व अधिकारी अजय कुमार, भूतपूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष, कर्नल दर्शन सिंह, कर्नल जोगिंद्र पॉल, कमांडर कालिदास, कर्नल पाराशर और मैनेजर आकाश कैंटीन कमांडर विजय सहित अन्य उपस्थित रहे।

### जिले में शुरू होंगी चुनावी साक्षरता कार्यशालाएं

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के सभी सरकारी एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों स्कूल, कॉलेज, आईटीआई में चुनावी साक्षरता कार्यशाला गतिविधियां शुरू की जा रही हैं। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की निर्वाचन प्रक्रिया, लोकतांत्रिक अधिकारों तथा मतदाता के महत्व के प्रति शिक्षित व जागरूक करना है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने जानकारी दी कि ये चुनावी साक्षरता कार्यशालाएं प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान में हर महीने में दो बार नियमित रूप से आयोजित होंगी जो कि निर्वाचन प्रक्रिया, लोकतांत्रिक सहभागिता तथा मतदान के महत्व जैसे विषयों पर केंद्रित रहेंगी। इनमें निर्वाचन संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताएं (लोकतंत्र व मतदान विषय पर), मॉक पोल सत्र (मतदान की वास्तविक प्रक्रिया का अभ्यास), पोस्टर/नारा लेखन आदि जागरूकता कार्यक्रम जैसी गतिविधियां शामिल रहेंगी जिसके माध्यम से छात्रों को न केवल चुनावी प्रक्रिया का व्यावहारिक ज्ञान मिलेगा, बल्कि उनमें लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उत्तरदायित्व की भावना भी विकसित होगी। उपायुक्त ने जिला समस्त शैक्षणिक संस्थानों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से आह्वान किया है कि वे भारत निर्वाचन आयोग की इस पहल में उत्साहपूर्वक भाग लें तथा ऊना जिले को चुनावी साक्षरता व लोकतांत्रिक जागरूकता के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल बनाने में सहयोग दें।

### वॉलीबाल अभ्यास के लिए मशीन की भेंट



**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियाणी में खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब लठियाणी की ओर से वॉलीबाल खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए विशेष वॉलीबाल मशीन भेंट की है। यह मशीन खिलाड़ियों को उनके कौशल को निखारने में सहायक सिद्ध होगी। स्कूल के शारीरिक शिक्षा अध्यापक राजीव कुमार ने क्लब के सदस्यों को खिलाड़ियों की इस आवश्यकता से अवगत करवाया। इस जरूरत को देखते हुए क्लब के सदस्यों ने सहर्ष आगे आकर यह मशीन स्कूल को भेंट की। क्लब के सचिव संजय कौशल एवं शशि कुमार ने कहा कि युवाओं को खेल की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। स्कूल के शारीरिक शिक्षा अध्यापक राजीव कुमार ने भी इस नेक कार्य में अपना आर्थिक सहयोग देते हुए सात हजार रुपए की सहायता राशि स्वयं प्रदान की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब लठियाणी के सदस्यों और स्कूल के शारीरिक अध्यापक राजीव कुमार का धन्यवाद किया।

### कुठेड़ा जसवालां में नलकूप 2 माह से खराब



**अनंत ज्ञान, पंजावर।** कुठेड़ा जसवालां पंचायत में बहुत समय से नाबार्ड के तहत बने नलकूप 11 नंबर ठप है। यह नलकूप लगभग 2 महीने से खराब चल आ रहा है, जिससे किसान वर्ग में बहुत रोष है। विभाग को बार-बार बोलने पर भी यह चालू नहीं हो पाया जिस कारण उनको फसल बीजने में परेशानी हो रही है। अनिल, प्रकाश, अजय आदि का कहना है कि एक तो बारिश कम हो रही है और दूसरा लोगों को अपनी जमीन में पानी लगाने के लिए पर्याप्त साधन न होने के कारण परेशान होना पड़ रहा है। अधीक्षण अभियंता से उन्होंने समस्या हल करने की गुहार लगाई है।

# होनहारों ने 10वीं की परीक्षा में टॉप टेन में बनाई जगह

## हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने किया रिजल्ट घोषित, कई स्कूलों में अच्छा रिजल्ट आने पर बांटी मिठाई और दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस परीक्षा परिणाम में जिले के कई स्कूलों के छात्रों ने टॉप टेन में जगह बनाई है। इस दौरान मेधावी छात्रों को मिठाई बांटी गई और एक-दूसरे को बधाई दी गई।

वहीं, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल टकराला का परिणाम 97 फीसदी रहा है। प्रथम स्थान पर सुल्ताना बेगम पुत्री लाल दीन 94 फीसदी, जानवी शर्मा पुत्री रविंद्र कुमार 93 फीसदी, राहुल पुत्र कृष्ण कुमार 92 फीसदी अंक लेकर स्कूल का और अपने गांव का नाम रोशन किया है प्रधानाचार्य अनिल बख्शी ने बढ़िया रिजल्ट आने पर प्रसन्नता जाहिर की है और बच्चों के प्रथम द्वितीय और तृतीय रहने वालों के इतने अंक लेना बच्चों की प्रतिभा को दर्शाता है। प्रधानाचार्य ने बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दी है तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की है

### परीक्षा परिणाम में सिया ने मारी बाजी, हासिल किया 10वां स्थान

**विकास शर्मा, चिंतपूर्णी**



हिमाचल प्रदेश मेट्रिक की बोर्ड परीक्षा में नारी-चिंतपूर्णी पंचायत के वार्ड नं-1 की बेटी सिया ठाकुर ने मेरिट में 10वां स्थान हासिल कर अपने परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है। सिया ठाकुर की इस उपलब्धि से उसके परिवार में खुशी का माहौल है। सिया ठाकुर में 687 अंक प्राप्त किए हैं।

सिया ठाकुर के पिता गुरबक्श सिंह उर्फ गोगी पेशे से टैक्सी चालक हैं और उनकी माता अनीता रानी गृहिणी हैं। सिया की सफलता ने साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत और लगन से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के अध्यापकों ने सिया ठाकुर को उसके घर पहुंचकर बधाई दी और मिठाई खिलाई। अध्यापकों ने सिया की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**आईपीएस बनना चाहती है सिया**

सिया ठाकुर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और अध्यापकों को दिया है। सिया ने कहा कि वह आगे चलकर आईपीएस की तैयारी करेगी और अपने देश की सेवा करना चाहती है। (अनंत ज्ञान)

### ऊना जिले की टॉपर एंजल शर्मा बनेगी डॉक्टर



**अनंत ज्ञान, गगरेट।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं की वार्षिक परीक्षा में प्रदेश भर में चौथा स्थान हासिल करने वाली सेंट डीआर पब्लिक स्कूल गगरेट की छात्रा एंजल शर्मा ने सात सौ में से 693 अंक हासिल कर ऊना जिले में भी टॉप किया है। एंजल शर्मा का सपना डॉक्टर बनकर पीड़ित मानवता की सेवा करना है। इसके लिए एंजल अब दस जमा एक में विज्ञान संकाय की पढ़ाई कर रही है। एंजल ने अपनी सफलता का श्रेय सेंट डीआर पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल सरोज शर्मा व स्कूल स्टाफ के साथ अपने माता-पिता को दिया है।

### आईएएस अफसर बनेगी यशिता



**अनंत ज्ञान, गगरेट।** प्रदेश भर में नौंवा स्थान हासिल करने वाली अमर नाथ शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बढेड़ा राजपूतां की यशिता भारतीय प्रशासनिक अधिकारी बन समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के लिए काम करना चाहती है। मीना कुमारी के पिता हिमाचल पथ परिवहन निगम में बस चालक के पद पर तैनात हैं तो मां मीना रानी गृहिणी है। यशिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व माता-पिता को दिया है।

### निपुण ने छठा स्थान हासिल कर बढ़ाया थानाकलां स्कूल का मान




**विनोद शर्मा, लठियानी**

हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा के परिक्षा में इस वर्ष भी जिला ऊना उपमंडल बंगाणा के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। स्कूल के छात्र निपुण शर्मा ने प्रदेश स्तर की मेरिट सूची में छठा स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल, माता-पिता और समूचे जिले को गौरवान्वित किया है।

निपुण शर्मा की इस उपलब्धि पर स्कूल में खुशी की लहर है। स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने निपुण को एक होनहार, परिश्रमी और अनुशासित छात्र बताते हुए कहा कि यह सफलता उसके निरंतर परिश्रम, माता-पिता के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है।

स्कूल के सभी शिक्षकगण भी इस सफलता में बराबर के भागीदार हैं। उन्होंने कहा कि थानाकलां स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है निपुण शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि आप भी पढ़ाई की ओर ध्यान देकर अपने माता-पिता और स्कूल का मान सम्मान बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। (अनंत ज्ञान)

### शहीद भगत सिंह मैमोरियल स्कूल सोहारी की छात्रा ने हासिल किया 10वां स्थान

**हीना पठानिया, बड़ूही**

शहीद भगत सिंह मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोहारी की छात्रा रिद्धिमा सोनी ने हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड दसवीं की परीक्षा में 700 में से 687 अंकों के साथ राज्य में 10वां स्थान हासिल किया। उनकी इस सफलता ने जिले को गौभान्वित किया और अन्य छात्रों को प्रेरित किया। उनकी इस उपलब्धि ने जिले का नाम रोशन किया।



रिद्धिमा सोनी शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। उनकी सफलता से स्कूल प्रबंधक प्रभात शर्मा एवं स्कूल प्रिंसिपल सीमा शर्मा, माता-पिता सुभाष चंद और मोनिका स्कूल के शिक्षक,सहपाठी और पूरा ऊना जिला गौभान्वित है। बता दें कि उनके पिता सुभाष चंद शॉपकीपर हैं और माता मोनिका गृहिणी है। सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं।

रिद्धिमा सोनी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह मेरी मेहनत और गुरुजनों के मार्गदर्शन का फल है। रिद्धिमा सोनी 12वीं कक्षा के बाद एलएलवी की पढ़ाई करना चाहती है। रिद्धिमा सोनी की इस उपलब्धि ने जिले के अन्य छात्रों को प्रेरित किया है और इसे शिक्षा के क्षेत्र में जिले की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। वहीं इसी स्कूल के छात्र समर ठाकुर पुत्र अजय कुमार ने 700 में से 681 अंक और प्रबल शर्मा पुत्र प्रभात शर्मा ने 700 में से 679 अंक हासिल किए हैं। बता दें कि हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड ने गुरुवार को दसवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### भंजाल के अनिरुद्ध ने लिए 98 फीसदी अंक

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए, जिसमें अनिरुद्ध सिंह कंवर जो सेंट डी आर गगरेट में दसवीं कक्षा के छात्र है, ने अपनी मेहनत और लगन से शानदार प्रदर्शन किया है। अनिरुद्ध, जिनके पिता विनोद कुमार और माता ज्योति देवी हैं, जो शिक्षा विभाग में बतौर शिक्षक कार्यरत है, अनिरुद्ध ने 700 अंकों में से 686 अंक हासिल कर 98 प्रतिशत के साथ दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है।अनिरुद्ध की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि उनके स्कूल और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अनिरुद्ध ने अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा, मैंने नियमित पढ़ाई और परिश्रम किया, जिसका फल मुझे आज मिला है। मैं अपने माता-पिता और गुरुजनों का आभारी हूं। (अनंत ज्ञान)



### विशेषज्ञ डॉक्टर बनना है क्रिस्टी शर्मा का सपना

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं की वार्षिक परीक्षा में प्रदेश भर में आठवां स्थान हासिल करने वाली सेंट डीआर पब्लिक स्कूल गगरेट की छात्रा क्रिस्टी शर्मा विशेषज्ञ डॉक्टर बनना चाहती है। क्रिस्टी शर्मा ने दसवीं की वार्षिक परीक्षा में सात सौ में से 689 अंक हासिल किए हैं। क्रिस्टी ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल प्रिंसिपल सरोज शर्मा व स्टाफ के साथ अपने माता-पिता को दिया है। क्रिस्टी शर्मा अब दस जमा एक में विज्ञान संकाय की पढ़ाई कर रही है। क्रिस्टी ने बताया कि अगर आप शिक्षकों के मार्गदर्शन का अनुसरण करते हैं तो सफलता हासिल करने से आपको कोई ताकत नहीं रोक सकती है।



### अक्षिता व्यापार में छूएगी ऊंचाइयां

वहीं, प्रदेश भर में दसवां स्थान हासिल करने वाली अमर नाथ शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बढेड़ा राजपूतां की अक्षिता चौधरी एमबीए करके व्यापार जगत की उंचाइयां छूना चाहती है। अक्षिता चौधरी ने दसवीं की वार्षिक परीक्षा में सात सौ में से 687 अंक हासिल किए हैं। अक्षिता चौधरी के पिता राकेश कुमार अकांउटेंट हैं तो मां मीना देवी गृहिणी है। अक्षिता चौधरी ने बताया कि उसने शिक्षकों के मार्गदर्शन में ही मेहनत की और मेरिट लिस्ट में स्थान बना पाई। अक्षिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व माता-पिता को दिया है।



### मनिंद्र डॉक्टर बनकर करेगी गरीबों की सेवा



**अनंत ज्ञान, मैहतपुर।** सरकारी विद्यालय देहलां की मनिंद्र कौर पुत्री स्व. विनोद कुमार निवासी देहलां ने 98.7 फीसदी अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त किया। मनिंद्र की माता सुरजीत ने प्राइवेट जॉब करके कठिनाई में बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं। मनिंदर कौर ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता सुरजीत कौर, चाचा हरविंदर सिंह, चाची दविंदर कौर, प्रधानाचार्य राकेश जसवाल व सभी अध्यापकों की प्रेरणा व कड़ी मेहनत को दिया। वह आगे डॉक्टर बनकर समाज के गरीब लोगों की सेवा करना चाहती है।

### भंजाल का परिणाम सराहनीय

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के 10वीं कक्षा के परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बताते चलें कि स्कूल के 43 छात्र-छात्राओं ने दसवीं की परीक्षा दी थी जिसमें से केवल 4 विद्यार्थी ही परीक्षा पास नहीं कर पाए हैं। इस कारण स्कूल का परिणाम लगभग 90 फीसदी रहा। स्कूल में पहले स्थान पर 647 अंक के साथ हर्ष, दूसरे स्थान पर 638 अंक के साथ कार्तिक व तीसरे स्थान पर 628 अंक के साथ अक्षित रहा। प्रिंसिपल राजन शर्मा ने उक्त जानकारी दी।

### पूर्व विधायक चैतन्य शमा ने दी टॉपर्स को बधाई

**अनंत ज्ञान, घनारी।** पूर्व विधायक गगरेट एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चैतन्य शर्मा ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली गगरेट क्षेत्र की पांच बेटियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने कहा कि गगरेट की पांच बेटियों ने दसवीं कक्षा के परिणामों में टॉप 10 में स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। इन सभी प्रतिभाशाली बेटियों को मेरी ओर से ढेरों बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। ईश्वर से प्रार्थना है कि आप सभी जीवन में निरंतर प्रगति करें और देश-प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने विशेष रूप से यह भी कहा कि बेटियां सिर्फ अभिमान नहीं, राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा हैं। यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों के निरंतर सहयोग का भी प्रतीक है।

# जिला परिषद ऊना के वार्डों के परिसीमन का प्रारूप प्रकाशित

**सात दिन के अंदर लोगों से मांगे दावे-आक्षेप**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 89 तथा हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 9 एवं संशोधित निर्वाचन नियम, 2025 के नियम 2 के अंतर्गत जिला परिषद ऊना के वार्डों के परिसीमन का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है। इसे लेकर 14 मई को अधिसूचना जारी की गई है। यह जानकारी उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने दी। उपायुक्त ने बताया कि परिसीमन प्रारूप पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति अथवा सुझाव हो तो वे अधिसूचना जारी होने की तिथि से सात दिन के भीतर उपायुक्त कार्यालय ऊना में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रकाशित प्रारूप के अनुसार जिला परिषद ऊना में कुल 17 निर्वाचन क्षेत्र हैं। इनमें पंचायत समिति अंब, बंगाणा और गगरेट में तीन-तीन और हरोली व ऊना में चार-चार वार्ड हैं।

**ये हैं निर्वाचन क्षेत्र और उसमें सम्मिलित पंचायतें :** उपायुक्त ने बताया कि **निर्वाचन क्षेत्र 1**-मुबारिकपुर में बधमाणा, भगड़ा, भटेड़, छपरोह, धर्मशाला महंता, धर्मशाला महंता खास, डूहल भगवालां, डूहल भटवालां, घंगरेट, गिंडपुर मलौण, लोहारा अप्पर, सारड़ा, ज्वाल, कलरूही, खरोह, लोहारा लोअर, मंधोली, मुबारिकपुर, नारी चिंतपूर्णी, प्रंब, शिवुपर, सिद्ध चलेहड़ और घेवट वेहड़ ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं। इन सभी पंचायतों की कुल जनसंख्या 28,668 है। वहीं, **निर्वाचन क्षेत्र 2** कुठेड़ा खैरला में पंचायत अंब टिल्ला, चौआर, जबेहड़, ज्वार, कुठेड़ा खैरला, मैड़ी खास, नैहरी नौरंगा, पोलियां पुरोहितां, राजपुर जस्वां, रिपोह मिसरां, सपौरी, सूरी, त्याई, अंदौरा लोअर, अंदौरा अपर और कटौहड़ खुर्द शामिल हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 29,367 है।

**निर्वाचन क्षेत्र 3** ठठल में पंचायत बेहड़ जस्वां, भैरा, चुरूडू, हम्बोली, कटौहड़ कलां, कुठियाड़ी, लडोली, नंदपुर, ठठल, टकारला, धंदड़ी, दियाड़ा, धुसाड़ा और स्तोथर शामिल हैं। इन सभी पंचायतों की कुल जनसंख्या 30,137 है। **निर्वाचन क्षेत्र 4**-सोहारी के तहत टकोली, चौली, सोहारी, बैरियां, चौकी खास, पल्लियां, बड़ूही, अंबेहड़ा धीरज, कठोह, जोल, खरयालता और डीहर ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 19,738 है। **निर्वाचन क्षेत्र 5**-धुंदला में ग्राम पंचायत धुंदला, अरलू खास, करमाली, पिपलू, सुकडियाल, चमियाड़ी, सिंहाणा, हटली केसरू, जसाणा, डोहगी, मलांगड़, धतोल, लठियाणी, तनोह, ढियुगली और बुधान शामिल है, जिनकी कुल जनसंख्या 24,794 है। यहां ज्ञात रहे कि ग्राम पंचायत मुच्छाली (2584) सालम और पंचायत हटली केसरू का गांव रिट सतरूखा (213) का नगर पंचायत बंगाणा में समायोजन हो चुका है।

**निर्वाचन क्षेत्र 6**-मोमन्यार में मोमन्यार, थानाकलां, बल्ह, छपरोह कलां, बुडवार, मंदली, टिहरा, थहड़ा, वल्ह खालसा, चंगर, चुल्हड़ी, रायपुर, परोहिया कलां, दोबड़, बोहरू, धनेत और प्लाहटा ग्राम पंचायतें शामिल हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 25,706 है। **निर्वाचन क्षेत्र 7**-बसाल अपर में पंचायत बदोली, बसाल अप्पर, बटूही, नारी, पनोह, टक्का, त्यूड़ी, बसाल लोअर, नंगल सलांगड़ी, डठवाड़ा, बड़साला, धमांदरी, झंबर, कुरियाला और चलोला शामिल हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 25,949 है। **निर्वाचन क्षेत्र 8**-टब्बा में पंचायत टब्बा, बसोली, डंगोली, लमलेहड़ी, मदनुपर, समूरकलां, चताड़ा, जनकौर, सुनेहरां, अवादा वराना और बरनोह सम्मिलित है, जिनकी कुल जनसंख्या 19,246 है।

### निर्वाचित क्षेत्र 10 में अंजौली पंचायत शामिल

**निर्वाचन क्षेत्र 9**- बहडाला में पंचायत बडैहर, भडोलियां कलां, देहलां लोअर, देहलां अपर, फतेहपुर, झुडोवाल, नंगड़ां, बहडाला, बनगढ़ और जखेड़ा शामिल हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 25,142 है। निर्वाचन क्षेत्र 10- रायपुर सहोड़ां में पंचायत अजौली, भटोली, बीनेवाल, चडतगढ़, खानपुर, लमलेहड़ा, मजारा, मलूकपुर, मैहतपुर, सनोली, सासन, रायपुर सहोड़ा, छतरपुर और उदयपुर सम्मिलित हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 23,444 है। निर्वाचन क्षेत्र 11- ललड़ी में नंगल खुर्द, बाथड़ी, बाथू, बटकलां, बीटन, सिंगा और ललड़ी पंचायतें शामिल हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 21,043 है। निर्वाचन क्षेत्र 12-पालकवाह में पंचायत भडियारां, चंदपुर, छेत्रां, दुलैहड़, गोंदपुर बुल्ला, गोंदपुर जयचंद, हलेड़ा विलना, हीरा नगर, हीरां, कुंगडत, कुठारबीत, पोलियां बीत, पुबोवाल, कर्मपुर और पालकवाह शामिल है। इन पंचायतों की कुल जनसंख्या 26,412 है। निर्वाचन क्षेत्र 13-हरोली में पंचायत घालूवाल, बढेड़ा, बढ़ेड़ा लोअर, बालीवाल, भदोड़ी, धर्मपुर, हरोली, कांगड़, रोड़ा, सैंसोवाल, समनाल और सलोह सम्मिलित हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 26,442 है। निर्वाचन क्षेत्र 14- पंडोगा में पंचायत भदसाली, भदसाली हार, ईसुपर, खड्ड, भैणी खड्ड, नगनोली, पंडोगा, पंजावर लोअर और पंजावर शामिल है, जिनकी कुल जनसंख्या 26,800 है। निर्वाचन क्षेत्र 15-अंबोटा में पंचायत बढ़ेड़ा राजपूतां, बडोह, गगरेट अप्पर, गुगलैहड़, जाडला कोयड़ी, कलोह, कुठेड़ा जसवालां, लोहारली, मवां सिंधियां, ओयल, टटेहड़ा और अंबोटा शामिल है, जिनकी कुल जनसंख्या 28,528 है। निर्वाचन क्षेत्र 16-चलेट में पंचायत संघनेई, बेवहड़, चलेट, दियोली, घनारी, गणुमंदवाड़ा, मरवाड़ी, मवा कोहलां, नंगल जरियालां, रायुपर, सलोह बैरी और अम्बोआ शामिल है, जिनकी कुल जनसंख्या 25,083 है। इसके साथ ही निर्वाचन क्षेत्र 17-भंजाल लोअर में पंचायत भंजाल अपर, कुनेरन, रामनगर, अभयपुर, अम्लैहड़, भंजाल लोअर, डंगोह खास, डंगोह खुर्द, गोंदपुर बनेहड़ा लोअर, गोंदपुर बनेहड़ा अपर, जोह, कैलाश नगर, नकडोह, पिरथीपुर, भद्रकाली और ब्रह्मपुर शामिल है। इन सभी पंचायतों की कुल जनसंख्या 30,013 है।

**सहारा** हिमाचल प्रदेश सरकार की इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए बनी बड़ी राहत

# शिक्षा की नई राह दिखा रही इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना

**राजेश शर्मा, ऊना**

हिमाचल प्रदेश सरकार की इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा की एक नई राह खोल रही है। यह योजना उन बच्चों के लिए आशा की किरण बनकर आई है, जो पारिवारिक या सामाजिक परिस्थितियों के चलते शिक्षा से वंचित रह जाते थे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की संवेदनशील नेतृत्व शैली और जनकल्याणकारी दृष्टिकोण का प्रतिफल यह योजना राज्य में सामाजिक न्याय और शिक्षा सुलभता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

यह योजना विशेष रूप से उन बच्चों के लिए है, जिनकी माताएं विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता, निराश्रित हैं या जिनके अभिभावक 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता से ग्रसित हैं। इसका उद्देश्य इन बच्चों को आर्थिक सहारा प्रदान कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है।


इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना से लाभा प्राप्त करने वाले लाभार्थी।

**लाभार्थी परिवारों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार :** इस योजना के सकारात्मक प्रभाव की झलक लाभार्थियों की बातों से साफ दिखाई देती है। ऊना के वार्ड नंबर 6 की पूजा पुरी, जिनके पति का देहांत हो चुका है, बताती हैं कि दो बच्चियों की पढ़ाई का खर्च उठाना उनके लिए लगभग असंभव हो गया था, लेकिन इस योजना के तहत 6 महीने में 12,000 रुपए की सहायता मिलने से बहुत बड़ा सहारा मिला है। अब बेटियां बेफिक्री से स्कूल जा पा रही हैं। मैं मुख्यमंत्री की बेहद आभारी हूं।

इसी तरह, ऊना की रेणु देवी और कोटला कलां की सरोज बाला समेत अनेक महिलाओं ने योजना को एक संजीवनी बताते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है।

ऊना के वार्ड 6, निवासी तन्मय बताते हैं कि उनके पापा के निधन के बाद तीन भाई-बहनों का सारा बोझ मम्मी के कंधों पर आ गया था। उन पर दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ कर कहीं काम धंधे में लगने का दबाव बन रहा था, लेकिन यह योजना उनके लिए वरदान बनकर आई। अब वे ग्यारहवीं में दाखिला ले चुके हैं और अपने पढ़ने लिखने के सपने को साकार करने में जुटे हैं। वे इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते नहीं थकते। यकीनन इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना आर्थिक मदद देने के साथ एक बेहतर भविष्य के सपनों को साकार करने का विश्वास भी जगा रही है। (अनंत ज्ञान)

### ये हैं योजना की विशेषताएं

योजना में 18 वर्ष तक की आयु के पात्र बच्चों को 1000 रुपये प्रतिमाह की दर से सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे उनकी प्रारंभिक शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हो सके। वहीं, उच्च शिक्षा में सहायता के तहत सरकारी संस्थानों में डिग्री, डिप्लोमा या व्यावसायिक पाठ्यक्रम करने वाले 18 से 27 वर्ष की आयु के छात्रों के लिए, इस योजना के तहत मुफ्त शिक्षा और छात्रावास की सुविधा उपलब्ध न होने की स्थिति में पीजी आवास के लिए 3,000 रुपये प्रति माह की सहायता प्रदान की जाती है। योजना का लाभ उठाने के लिए परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम होनी चाहिए और लाभार्थी हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए।

### ऊना जिले में 1106 छात्रों को मिले 65 लाख

जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) नरेंद्र कुमार बताते हैं कि ऊना जिले में इस योजना के तहत अब तक 1106 पात्र छात्रों को 65.09 लाख रुपए की सहायता राशि वितरित की जा चुकी है। जिले के विभिन्न विकास खंडों में अंब में 228, धुंदला में 154, ऊना में 320, गगरेट में 179 और हरोली में 225 बच्चे योजना में कवर किए गए हैं। उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप इस योजना को ऊना जिले में जरूरतमंद परिवारों तक इसका लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया गया है।

# साहब ! कारोबार रहा मंदा, बढ़ाई जाए समयावधि

## बारिश, भारत-पाक युद्ध व डीसी कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी के कारण इस बार कम हुआ व्यापार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

अंतरराज्यीय पीपल जातर मेले (बसंतोत्सव) के समापन के बाद कुल्लू के ढालपुर में चले व्यापारिक मेले में सजे अस्थायी बाजार में कारोबार करने के लिए निर्धारित समय सीमा वीरवार को पूरी हो गई है। ऐसे में नगर परिषद कुल्लू ने जातर मेले में व्यापार करने आए कारोबारियों को अस्थायी दुकानों से सामान समेटने के निर्देश एक दिन पहले ही जारी कर दिए थे।


कुल्लू के ढालपुर में व्यापारिक मेले में सजी दुकानें।

इसके लिए नगर परिषद की ओर से जातर मेला स्थल में लाउड स्पीकर के माध्यम से सूचना दी गई। बावजूद इसके अभी व्यापारी हटना नहीं चाह रहे। व्यापारियों का कहना है कि इस बार एक ओर जहां मेले में बारिश ने बार-बार खलल डाला। वहीं, दूसरी ओर भारत-पाक युद्ध का असर भी यहां देखने को मिला। युद्ध के कारण लोग काफी खौफजदा थे, जिस कारण मेले में कम ही आए और इस कारण व्यापारियों को काफी नुकसान झेलना पड़ा है। बारिश होने से भी लोग मेले में नहीं आ सके। कुल्लू के प्रदर्शनी मैदान में फूड स्टॉल में व्यापारी अल्पना शर्मा, पायल, रंगारंग सिंह, शीला नेगी सहित अन्य व्यापारियों के अनुसार इस बार शुरुआत में तो काफी संख्या में लोग आए, लेकिन बाद में बारिश के बार-बार खलल डालने से लोगों की संख्या में काफी कमी आई। वहीं, उसके बाद भारत-पाक युद्ध शुरू हुआ और उसका भी असर यहां देखने को मिला।

लोगों ने युद्ध के दौरान मेले से पूरी तरह किनारा कर दिया था, गिने-चुने लोग ही उस समय मेले में आए। इसके साथ ही मेले के दौरान डीसी कार्यालय कुल्लू को बम से उड़ाने की धमकी के इस कारण भी हर साल के मुकाबले इस बार उनके व्यापार में नुकसान हुआ है। उन्होंने नगर परिषद कुल्लू से मांग की है कि दुकानें लगाने की समय अवधि को तीन-चार दिन और बढ़ाया जाए, ताकि वह नुकसान की भरपाई कर सकें। पीपल जातर मेला जहां 30 अप्रैल को संपन्न हो गया। वहीं, व्यापारिक मेला हर बार की तरह चला हुआ है। हर साल की तरह इस बार भी बाहरी राज्यों से आए व्यापारियों को नगर परिषद की ओर से मेला खत्म होने के बाद 15 दिनों तक दुकानें लगाने की अनुमति दी थी। नगर परिषद की ओर से समयावधि के अनुसार शुक्रवार को सभी व्यापारियों को दुकानें खाली करनी हैं, लेकिन इस बार कारोबार मंदा होने के कारण व्यापारी यहां से फिलहाल हटने के लिए अड़े हैं। हालांकि, नगर परिषद ने सभी व्यापारियों को जल्द ही सारा सामान समेटने के निर्देश जारी किए हैं, लेकिन व्यापारी इस बार बारिश, भारत- पाक युद्ध और डीसी कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी के कारण कारोबार मंदा होने का हवाला देकर दुकानें लगाने की समयावधि बढाने की मांग कर रहे हैं। हर बार पीपल जातर मेला खत्म होने के एक माह बाद तक भी यह व्यापारी ढालपुर मैदान में अपनी दुकानें सजा रखते थे और मेला संपन्न होते ही यहां पर व्यापार मेला शुरू होता था, जिससे इन्हें काफी फायदा भी होता था, लेकिन इस बार व्यापारियों का मानना है कि उन्हें नुकसान हुआ है। मेले में दिल्ली से आए व्यापारी अहमद, अशोक, चंबा से अंजु महाजन, हरियाणा के कपड़ा व्यापारी गौरव का कहना है कि काफी वर्षों से वह सभी पीपल मेले में अपनी दुकानें लगाते हैं और हर वर्ष इस मेले में कारोबार अच्छा होता था, लेकिन इस बार काफी कुछ ऐसा हुआ जिससे लोग कम ही मेले में खरीददारी को पहुंचे, जिस कारण इस बार कारोबार पूरी तरह से फीका रहा है और अब जब थोड़ा सा काम ठीक होने भी लगा, तो उन्हें सामान उठाने के लिए कहा जा रहा है। लिहाजा, पीपल जातर मेले में इस बार बारिश के साथ-साथ भारत-पाक युद्ध और बम से उड़ाने की धमकी का काफी असर देखने को मिला है, जिससे बाहरी राज्यों से आए व्यापारी ज्यादा कमाई नहीं कर पाए हैं, जिसके चलते उनके चेहरे पर मायूसी साफ झलक रही है। (अनंत ज्ञान)

> **वीरवार** 15 मई तक व्यापारिक मेले में दुकानें लगाने का समय दिया गया था, जो कि अब खत्म हो गया है। शुक्रवार को दुकानें हटा दी जाएंगी। व्यापारियों को एक दिन पहले से ही अपनी-अपनी दुकानें समेटने बारे सूचित कर दिया गया है। ढालपुर स्थित मालरोड से भी वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी।
> **अनुभव शर्मा, कार्यकारी अधिकारी नप कुल्लू।**

## मर्चेंट नेवी में जाकर करूंगी देश की सेवा : ज्योतिका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के द्वारा वीरवार दोपहर बाद दसवीं का रिजल्ट घोषित किया गया।



ऐसे में पूरे प्रदेश में लड़कियों ने एक बार फिर से बाजी मारी है। जिला कुल्लू से भी एकमात्र लड़की ज्योतिका सेन ने मेरिट में सातवां स्थान हासिल किया है। ज्योतिका सेन जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर के भारत भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। ऐसे में ज्योतिका ने पूरे प्रदेश में सातवें स्थान पर 98.57 प्रतिशत अंक लेकर अपना अहम स्थान बनाया है। ज्योतिका सेन ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए कहा कि अभी वह मेडिकल की पढ़ाई 11वीं कक्षा में कर रही है और उनका सपना है कि वह मर्चेंट नेवी में भर्ती होकर देश की सेवा करें। ज्योतिका ने बताया कि उसके माता-पिता लाहौल घाटी के रहने वाले हैं। पिता व्यवसाय करते हैं और माता ग्रहिणी है। ज्योतिका ने अन्य छात्रों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि मेहनत करने से सब कुछ हासिल होता है। ऐसे में परीक्षा के दौरान छात्रों को घबराना नहीं चाहिए और कड़ी मेहनत के साथ वह सफलता की हर सीढ़ी को पार कर सकते हैं।

## सिविल पेंशनर की कार्यकारिणी का दोफाड़ होना दुर्भाग्यपूर्ण : गुलशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ ने सिविल पेंशनर एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी के दोफाड़ होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।



संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, महासचिव मिलाप चंद, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भुंतर खंड इकाई के महासचिव खुशाल चंद नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला विंग) लीला डोगरा, संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, कोषाध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, प्रदेश वरिष्ठ मुख्य सलाहकार एमआर संगरोली, मुख्य सलाहकार सीताराम ठाकुर, जयकृष्ण ठाकुर, जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर, महासचिव किरण चंद शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं भुंतर खंड इकाई के अध्यक्ष ओंकार शर्मा, उपाध्यक्ष भागचंद ठाकुर, नरेंद्र कुमार, सब्जा चंद, रवींद्र भार्गव, कमलेश गुप्ता, लीला वर्मा, मनोरमा देवी, कुल्लू शहरी इकाई के अध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, सैंज खंड इकाई के अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान, आनी इकाई के संयोजक मंगल दास आदि अनेक पेंशनर नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा कि आत्माराम शर्मा पेंशनर वैलफेयर एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन शहरी इकाई शिमला तथाकथित स्वयंभू प्रदेशाध्यक्ष बन बैठे थे, जो मनमाने ढंग से फैसले लेते रहे, जिससे उनके गुट के लोगों में अंदरखाते विरोध की चिंगारी सुलगती रही और आज उनके कमजोर नेतृत्व के चलते पेंशनर कल्याण संघ दोफाड़ हो गया है। हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने कहा कि पेंशनर वेलफेयर एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के तथाकथित प्रदेशाध्यक्ष आत्माराम शर्मा को उनके ही लोगों द्वारा संघ से बर्खास्त किया जाना उनके कमजोर नेतृत्व को दर्शाता है। यही हाल कुल्लू में पेंशनर वेलफेयर एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के तथाकथित स्वयंभू अध्यक्ष सेसराम ठाकुर का है, जो अवैध तरीके से अध्यक्ष बन बैठे हैं।

# न्यूज ब्रीफ

## जिला परिषद की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक जिला मुख्यालय केलांग में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष बीना देवी ने की। एसडीएम आकांक्षा शर्मा विशेष रूप से बैठक में उपस्थित रहीं। बैठक में जिला परिषद के अंतर्गत किए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रतिवर्ष नदी तथा नालों के आसपास हो रहे भूस्खलन को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई तथा जल शक्ति विभाग के माध्यम से इस पर ठोस रूप से कार्य करने की बात की गई। वन विभाग के माध्यम से निष्पादित की जा रही जाइका तथा अन्य स्कीम को भी गति देने पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त कृषि, बागवानी तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी कार्य करने पर चर्चा हुई तथा उदयपुर व तांदी संगम जैसे क्षेत्रों को धार्मिक पर्यटन से जोड़कर विकसित करने को लेकर कार्य करने पर चर्चा की गई। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष राजेश शर्मा तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## सहकारी बैंक ने ऋण योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, आनी।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक द्वारा अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के उपलक्ष्य में दलाश स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने की। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया। बैंक के महाप्रबंधक राज नारायण जमालटा ने किसानों, बागवानों और कामगारों के लिए चलाई जा रही विभिन्न ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। शिमला जोन के डायरेक्टर देवी सिंह ने बैंक की गतिविधियों और सहकारी आंदोलन में उसकी भूमिका को रेखांकित किया। बैंक अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के साथ-साथ ऋण वितरण वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। बैंक प्रदेश सरकार और भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध करवाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है।

## मेले हमारी संस्कृति की पहचान : मनोज

**अनंत ज्ञान, मनाली।** चार दिवसीय ढूंगरी मेला वीरवार को बच्चों व महिलाओं की खेल प्रतियोगिता से शुरू हो गया। नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष मनोज लारजे ने मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मेलों की परंपरा हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा है और इन आयोजनों से भाईचारे की भावना को बल मिलता है। मनोज ने कहा कि आधुनिक समय में मनोरंजन के कई साधन उपलब्ध हैं, फिर भी मेलों का आयोजन हमारी परंपरा को जीवित रखने के लिए जरूरी है। इन आयोजनों से सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने विजेता बच्चों, महिलाओं व युवाओं को सम्मानित किया। मनोज ने समस्त मनाली वासियों से आग्रह किया कि साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। घरों का कूड़ा नदी-नालों में न डालकर कूड़े वाली गाड़ी में ही डालकर नगर परिषद का सहयोग करें। माता हिडिंबा के पुजारी रमन शर्मा, कारदार रघुवीर नेगी, पंचायत मनाली की प्रधान मोनिका भारती व समस्त वार्ड सदस्यों सहित नप उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा, पार्षद चंद्रा पदान, पार्षद कल्पना ठाकुर, मनोनीत पार्षद धर्म पाल रुडिंगपा भी विशेष रूप से मौजूद रही। उन्होंने सभी मनाली वासियों को ढूंगरी मेले की बधाई दी। चित्रकला प्रतियोगिता के पहली व दूसरी कक्षा वर्ग में प्रिशा व नितयांश ने बाजी मारी। पांचवीं कक्षा में समर्थ व सान्वी विजेता रहे। छठी से आठवीं कक्षा के वर्ग में अंशिता व प्रियल व्यास विजेता रहे। आटा दौड़ लड़कों के वर्ग में समर्थ व अनबल, जबकि लड़कियों के वर्ग में हर्षिता करीना आगे रहे। जलेबी में शिवांश पहले व कुणाल दूसरे स्थान पर रहे। लड़कियों में मानवी व दीपिका विजेता रहे। तीन टांग दौड़ में लवयन्स, शुभम, समर्थ आगे रहे। लड़कियों में अलका व यशस्वी पहले तथा इशिका, मानवी दूसरे स्थान पर रहे। पहाड़ी दौड़ में कर्ण व लव्यांश आगे रहे।

### एचआईवी एड्स से बचाव व उपचार पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

# जिले में 240 एड्स रोगी उपचाराधीन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में रेड रिबन क्लब (आरसीसी) की एचआईवी एड्स से बचाव व उपचार पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया।


क्षेत्रीय अस्पताल में आयोजित कार्यशाला के दौरान सीएमओ कुल्लू सहित अन्य।

इसमें जिले के विद्यालयों, कॉलेजों व प्रशिक्षण संस्थानों के शिक्षक, विद्यार्थी और प्रशिक्षुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने एचआईवी एड्स के कारणों के अलावा इससे बचाव और जागरूकता लाने का प्रशिक्षण दिया। एकदिवसीय इस कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनआर पवार मुख्यातिथि रहे। इस मौके पर सीएमओ कुल्लू डॉ. नागराज पवार ने कहा कि कुल्लू के पांचों स्वास्थ्य खंडों में 22 रेड रिबन क्लब हैं। इनमें 20 क्लब सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। यह क्लब अपने अधीन आने वाले क्षेत्रों में आम जनता को जानलेवा बीमारी एचआईवी एड्स के प्रति सजग रहने का संदेश दे रहे हैं। क्लब जागरूकता रैली और कार्यक्रम से इस बीमारी के मरीजों की संख्या में कमी लाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग कुल्लू ने रेड रिबन क्लब प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम के तहत रेड रिबन क्लबों के पदाधिकारियों और सदस्यों को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे प्रशिक्षण पाकर एचआईवी एड्स के मामलों में कमी लाने के लिए एक सकारात्मकता भरा संदेश जनता को दे सकें। उन्होंने कहा कि जिले में वर्तमान समय में 240 एड्स रोगी उपचाराधीन हैं। रेड रिबन क्लबों की जागरूकता के कारण एड्स मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को नहीं मिली है, जो राहत की खबर है। जिले में कुल्लू, मनाली और निरमंड में एड्स मरीजों के उपचार के लिए ट्रीटमेंट सेंटर हैं।

# रघुपुरगढ़ में युवाओं और वन विभाग में टकराव

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

आनी के विश्व प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल रघुपुरगढ़ में क्षेत्र के युवाओं और ढारे उखाड़ने आई वन विभाग की टीम में टकराव हो गया। इसके बाद वन विभाग की टीम को वापस लौटना पड़ा।



वहीं, रघुपुर ईको टूरिज्म डेवलपमेंट सोसायटी का दो टूक कहना है कि यह राजनीति से प्रेरित घटना है और सरकार स्थानीय युवाओं को बेरोजगार कर पूंजीपतियों को बसाना चाहती है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, वन विभाग का कहना है कि रघुपुर क्षेत्र के युवाओं को पहले भी कहा गया था कि उन्हें फूड प्वॉइंट के लिए जगह चयनित कर फोर मेन टेंट लगाकर एक जगह ही बसाया जाएगा, लेकिन युवाओं ने रघुपुर की सुंदरता को जगह-जगह टेंट लगाकर नष्ट करने का प्रयास किया। वन मंडल अधिकारी आनी स्थित लुहरी ने कहा कि वीरवार को वन विभाग की टीम इसी मंशा से रघुपुर गढ़ पहुंची थी, जहां बड़े-बड़े टेंट देखकर उन्हें हटाना चाहा, लेकिन युवाओं ने उनके काम में बाधा डालकर उनका विरोध किया है। रघुपुर ईको टूरिज्म डेवलपमेंट सोसायटी के प्रधान उगम राम, सदस्य केहर सिंह स्टिफलर आदि का कहना है कि एक ओर तो सरकार बेरोजगारी दूर करने में असमर्थ है और जब युवा मिलकर रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं, तो उन्हें परेशान किया जा रहा है।

उनका कहना है कि वे रघुपुर गढ़ में उस दिन से रोजगार के अवसर तलाश रहे हैं, जब गिने चुने पर्यटक आते थे, उन्होंने ही अपनी मेहनत से रघुपुर गढ़ पर एक दिन में सैकड़ों पर्यटकों को हर रोज आने को लेकर प्रेरित किया और आज जब सब ठीक हुआ और पर्यटकों का आना बढ़ा, तो विभाग उन्हें उजाड़ने पर तुला है। उनका कहना है कि रघुपुर गढ़ में 150 युवा रोजगार में जुटे हैं, जिनके करीब 500 आश्रित हैं, जिन्हें वन विभाग की मुहिम से उजाड़ा जा रहा है, जबकि वे लोग वन विभाग को हर माह 6 हजार से 9 हजार तक किराया भी दे रहे हैं। जो सरासर गलत है, जिसका लगातार विरोध किया जाएगा। वहीं, वनमंडल अधिकारी आनी डॉ. चमन राव का कहना है कि रघुपुरगढ़ का विकास कम्युनिटी आधारित ईको टूरिज्म की तर्ज पर ही होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसी आधार पर ही सरेउलसर में भी फोरमैन टेंट एक ही जगह लगवाए गए हैं और व्यवस्थित किया गया, जबकि पहले जलोड़ी दर्रे से सरेउलसर तक करीब 127 टेंट्स जगह-जगह लगे थे, जिन्हें हटा दिया गया था। रघुपुर गढ़ में अव्यवस्थित ढंग से किसी को भी अवैध कब्जा नहीं करने दिया जाएगा, बल्कि फूड प्वॉइंट में फोरमेन टेंट में ही रोजगार करने दिया जाएगा। वहीं, विधायक लोकेंद्र कुमार ने दो टूक कहा कि सरकार और वन विभाग के माफिया रघुपुर गढ़ को अमीरों को बेचना चाहते हैं, वे क्षेत्र के युवाओं के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता सहन करने और यदि निर्णय वापस न लिया, तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वन विभाग व्यवस्था बनाए और युवाओं को रोजगार करने दें। (अनंत ज्ञान)

### पर्यटन नगरी मनाली में दो दिन में 50 फीसदी घटी पर्यटकों की संख्या

# युद्ध विराम के बाद भी पटरी पर नहीं लौटा पर्यटन कारोबार

**एम बोकटापा, मनाली**

भारत और पाकिस्तान के युद्ध विराम की घोषणा के बाद भी मनाली का पर्यटन कारोबार पटरी पर नहीं लौटा है। मनाली के अधिकांश होटलों में 30 से 40 फीसदी ऑक्यूपेंसी चल रही है।


मनाली के माल रोड में चहल कदमी करते हुए पर्यटक।

पर्यटकों से हमेशा गुलजार रहने वाले अधिकांश पर्यटन स्थल सुने नजर आ रहे हैं। पर्यटकों की कमी से पर्यटन कारोबारियों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आ रहीं हैं। मई और जून मनाली का टूरिस्ट सीजन होता है और इन्हीं दो माह में मनाली के पर्यटन कारोबारी साल भर का खर्चा चलातें हैं। मई का आधा महीना गुजर चुका है, मगर पर्यटकों की संख्या में इजाफा नहीं हो रहा है। हालांकि, बुकिंग और पूछताछ में कुछ इजाफा होने से पर्यटन कारोबार में इजाफा होने की उम्मीद है। रोहतांग दर्रा खुलने के बाद भी बर्फ देखने की हसरत में पर्यटक मनाली का रुख कर सकते हैं। ग्रीन टैक्स बैरियर के आंकड़ों को लें तो पिछले सप्ताह मनाली में रोजाना एक हजार से 1100 पर्यटक वाहन आ रहे थ, लेकिन इस बार यह आंकड़ा सिमटकर 600 से 700 रह गया है। वोल्वो बसों का संचालन हालांकि जारी है, लेकिन पर्यटकों की संख्या में काफी कमी दर्ज की जा रही है। पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि पर्यटकों की संख्या में अचानक गिरावट आई है। हालांकि, अब अगले सप्ताह से पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। ऑनलाइन बुकिंग में इजाफा हो रहा है। 20 मई के बाद पर्यटन सीजन बूम पर आने की प्रबल संभावना है। होटलियर ऐसोसिएशन मनाली के निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश ने बताया कि फिलहाल पर्यटकों की संख्या बेहद कम है, लेकिन बुकिंग में इजाफा होने से अगले सप्ताह से कारोबार बढ़ने की उम्मीद है। पर्यटन निगम के उपमहाप्रबंधक बीएस ओकटा ने बताया कि होटलों कि आक्यूपेंसी 40 फीसदी के लगभग चल रही है। युद्ध विराम के बाद बुकिंग बढ़ी है, लेकिन इस सप्ताह पर्यटकों की संख्या काफी कम है। (अनंत ज्ञान)

# श्याम ने सीबीएसई की परीक्षा में कुल्लू जिले में झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मौहल के छात्रों द्वारा सीबीएसई की दसवीं व जमा दो के बोर्ड रिजल्ट में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया।


दसवीं का सीबीएसई का टॉपर श्याम कैंब्रिज स्कूल की प्रधानाचार्या, शिक्षकों और माता-पिता के साथ।

दसवीं में श्यामसुंदर ने 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, 96 प्रतिशत अंक लेकर दिव्यांश व अनीशा संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे तथा शाश्वत द्वारा 93 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के अन्य कई छात्रों ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। श्याम सुंदर ने जिले में प्रथम आने पर स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्या एवं समस्त शिक्षकों का मुख्य रूप से धन्यवाद किया।

इसके अलावा उन्होंने अपने माता-पिता और साथियों का भी धन्यवाद किया। वह स्कूल की बेहतर शिक्षा प्रणाली और सुविधाओं से यह मुकाम हासिल करने में सहायक रहा। प्रधानाचार्या रैना वर्मा ने कहा कि मुझे गर्व है कि पिछले तीन वर्षों से कैंब्रिज स्कूल के छात्र जिले में लगातार प्रथम स्थान हासिल कर रहे हैं।

## भाजपा राज में लोकतंत्र की गरिमा सदैव भंग होती रही : इंदु पटियाल

**अनंत ज्ञान, बंजार।** प्रदेश कांग्रेस की पूर्व प्रवक्ता इंदु पटियाल ने कहा है कि भाजपा राज में लोकतंत्र की गरिमा सदैव भंग होती रही है। कोरोना काल में जनता के लिए नियम लागू किए और स्वयं भाजपाई नियमों का उल्लंघन करते रहे, जबकि कांग्रेस नेताओं के आदेश पर कांग्रेस कमेटियां आपदा राहत कमेटी के रूप में जनता की मदद करती नजर आई। आज भारत-पाकिस्तान के मध्य तनाव के चलते समस्त कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्र हित में सरकार का संपूर्ण सहयोग किया, बल्कि राहुल गांधी, सचिन पायलट और प्रियंका गांधी सैनिकों के बीच उनका मनोबल बढ़ाते नजर आए। ये अलग बात है कि सीजफायर का ऐलान करने से पहले केंद्र सरकार ने विपक्षी नेताओं से न तो मंत्रणा की और न ही किसी को विश्वास में लेना उचित समझा, जो कि संविधान के खिलाफ व्यवहार है इसीलिए कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान चलाने के लिए वचनबद्ध है। हमारी सेना विश्व की सर्वोत्तम सेना है, जिसने अपने पराक्रम का सदैव परिचय दिया है।

**महत्व** ग्लोबल एक्सेसिबिलिटी अवेयरनेस-डे पर निकाली जागरूकता रैली

# पोस्टर से सुगमता के महत्व को बताया

**अनंत ज्ञान, मनाली**

ग्लोबल एक्सेसिबिलिटी अवेयरनेस-डे के अवसर पर सांफिया संस्था द्वारा वीरवार को मनाली के प्रसिद्ध माल रोड पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।



मनाली के माल रोड में सांफिया फाउंडेशन की ओर से निकाली गई जागरूकता रैली।

इस रैली का शुभारंभ नायब तहसीलदार मनाली हुक्कम सागर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली में सीनियर सेकेंडरी स्कूल मनाली के लगभग 150 स्टूडेंट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्र हाथों में जागरूकता से जुड़े पोस्टर और स्लोगन लेकर माल रोड पर लोगों को सुगमता के महत्व के प्रति जागरूक करते दिखाई दिए। इस अवसर पर सांफिया की निदेशक डॉ. रेखा ने बताया कि सांफिया न केवल दिव्यांग बच्चों को विभिन्न प्रकार की थेरेपी सेवाएं प्रदान करता है, बल्कि समाज में दिव्यांगजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान भी निरंतर चलाता है। वहीं, संस्था के प्रोग्राम मैनेजर बीजू हिमदल ने कहा रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों का ध्यान 'एक्सेसिबिलिटी' की ओर केंद्रित करना था, ताकि माल रोड स्थित सभी दुकानें और प्रतिष्ठान दिव्यांगजनों के लिए सुलभ बन सकें। सांफिया आगे भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

कार्यक्रम में तहसील वेलफेयर अधिकारी राजीव एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाली की प्रधानाचार्या पुष्पा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। दोनों अधिकारियों ने सांफिया की इस पहल की भरपूर सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास समाज को दिव्यांगजनों के प्रति अधिक संवेदनशील और समावेशी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में सुमित और क्रिशन की उपस्थिति ने विशेष महत्व जोड़ा। ये दोनों व्हीलचेयर उपयोगकर्ता हैं, जिन्होंने मंच से जनता को संबोधित करते हुए सुगमता के अभाव में रोजमर्रा की होने वाली परेशानियों को साझा किया।

जनमानस से समावेशी वातावरण तैयार करने की अपील की। उनकी बातों ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को भावुक कर दिया और विषय की गंभीरता को और भी स्पष्ट किया।

## सुरक्षा गार्ड के पदों के लिए 17 मई को साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सुरक्षा गार्ड के पदों की भर्ती के लिए कैंपस साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं। जिला रोजगार अधिकारी कुल्लू, जितेंद्र सिंह ने बताया कि 17 मई को कैंपस साक्षात्कार उप-रोजगार कार्यालय आनी में आयोजित होंगे। भर्ती में भाग लेने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक पास निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी की आयु 19 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को मासिक वेतन 19,000 से 24,000 तक दिया जाएगा और नौकरी का कार्यक्षेत्र हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ रहेगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए 17 मई को प्रात: साढ़े 10 बजे उप-रोजगार कार्यालय, आनी में उपस्थित हो सकते हैं। अभ्यर्थी हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हो और यदि नहीं है, तो अपना पंजीकरण ऑनलाइन करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के लिए इच्छुक और योग्य उम्मीदवार ऑनलाइन पंजीकरण www.eemis.hp.nic.in पर करवा सकते हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल को परिषद के कार्यों के बारे में बताया



**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारत विकास परिषद की नई कार्यकारिणी ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर भारत विकास परिषद हिमाचल प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष अशोक टंडन, महासचिव नरेंद्र खड़ूर, प्रांत उपाध्यक्ष सत्यम शर्मा एवं संस्कार संयोजक दिनेश गोयल उपस्थित रहे। करीब 20 मिनट तक चली इस मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को परिषद द्वारा धरातल पर किए जा रहे सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यों की जानकारी दी। साथ ही संस्कार, सेवा, सहयोग, समर्पण और राष्ट्रभावना पर आधारित परिषद के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। राज्यपाल ने भारत विकास परिषद के प्रयासों की सराहना की और समाज के उत्थान में संगठन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

### आपत्तिजनक टिप्पणी पर पुलिस में शिकायत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शहर के गोविंदगढ़ मोहल्ले को लेकर सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मोहल्ले के युवकों ने जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। मिली जानकारी के अनुसार, बीते सोमवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की गई थी, जिसमें पूछा गया था, अगर मौका मिले तो नाहन से कौन-कौन सी जगह डिलीट करना चाहोगे? इस सवाल के जवाब में कई यूजर्स ने गोविंदगढ़ मोहल्ले का नाम लिया, जिसे वहां के लोगों ने आपत्तिजनक, भड़काऊ और विशेष समुदाय को निशाना बनाने वाला करार दिया। गोविंदगढ़ क्षेत्र से जुड़े कई युवक जिला मुख्यालय पहुंचे और एसपी सिरमौर और डीसी सिरमौर से मिलकर इस मामले पर औपचारिक शिकायत दर्ज करवाई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पोस्ट न केवल समाज में विभाजन पैदा करने वाली है, बल्कि यह एक विशेष समुदाय की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली भी है। युवाओं ने आरोप लगाया कि ऐसे कृत्य एक सोची-समझी मानसिकता के तहत किए जा रहे हैं, जिससे मोहल्ले विशेष की छवि धूमिल हो और सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचे। युवाओं ने प्रशासन से मांग की कि संबंधित इंस्टाग्राम अकाउंट की जांच कर उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

### रिहायशी मकान से मिला 17 किलोग्राम चूरा पोस्त

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस के डिटेक्शन सेल ने नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसते हुए गुप्त सूचना के आधार पर भटावली गांव में एक रिहायशी मकान में दबिश देकर एक बड़ी सफलता हासिल की। पांवटा के डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि डिटेक्शन सेल ने आरोपी सुरेंद्र कुमार पुत्र रतन लाल निवासी गांव भटावली तहसील पांवटा साहिब के रिहायशी मकान से 17.002 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद की है। डीएसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना पांवटा साहिब में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है व आगामी जांच जारी है।

### भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस की टिप्पणियों पर किया प्रहार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कांग्रेस द्वारा की जा रही टिप्पणियों पर प्रहार करते हुए कहा कि युद्ध विराम के पश्चात विश्व स्तरीय घटना के अवशेषों को भारत का विपक्ष जितनी तत्परता से तलाश रहा है। उतनी तत्परता से हमले में मारे गए पाकिस्तानी दहशतगर्दों के अवशेष पाकिस्तान की सरकार भी नहीं ढूंढ रही है। भारतीय सेना के गौरव और अनुशासन पर टिप्पणी करने से बचती हुई विपक्ष अब एनडीए की सरकार के ऊपर प्रश्न खड़े कर राजनीति तलाश रही है। भारत विश्व में राजनीतिक, आर्थिक और सैनिक शक्ति के लिए ही नहीं अपनी राजनीतिक अनुशासनता के लिए भी जाना जाता है और भारत ने सदैव दो पक्षीय संवाद को महत्व दिया है। वह चाहे व्यापारिक हो या राजनीतिक या अंतरराष्ट्रीय संवाद। भाजपा इस बात को सुनिश्चित करती है कि यह दो पक्षीय बातचीत भारतीय विदेश नीति का अभिन्न स्तंभ है। किसी अन्य राष्ट्र द्वारा हस्तक्षेप या टिप्पणी उसकी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं का हिस्सा हो सकती है या किसी को आश्वासन व स्वयं को खुश करने का नजरिया। शिमला समझौता दो राष्ट्रों के बीच में हुआ है। समझौते का उल्लंघन तो पाकिस्तान भी नहीं कर सकता। यह अलग बात है कि रोने के लिए यह कंधा किसी का भी तलाश सकता है।

### कामना बनी अर्की स्कूल की हेड गर्ल

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की के पीएमश्री शहीद कैप्टन विजयंत थापर सीनियर सेकेंडरी छात्रा स्कूल में हेड गर्ल के चुनाव के लिए मतदान करवाया गया। चुनाव अधिकारी प्रवक्ता विज्ञान ने जानकारी दी कि मतदान प्रक्रिया 7 मई को शुरू की गई थी तथा 13 तक नामांकन प्रक्रिया चली। इसमें जमा दो की दो छात्राओं कामना एवं पूर्वा शर्मा ने नामांकन दाखिल किया। वीरवार को मतदान करवाया गया। इसमें 6 कक्षा से जमा दो की लगभग 250 छात्राओं ने मतदान में मत का प्रयोग किया। मतदान के पश्चात कामना ने 134 मत प्राप्त किए व पूर्वा शर्मा 109 मत लेकर दूसरे स्थान पर रही, जबकि 6 मत निरस्त हुए।

### कांग्रेस की तानाशाही के खिलाफ उठी आवाज : तरसेम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा नेता तरसेम भारती ने कहा कि कांग्रेस सरकार का यह निर्णय कि मरीजों से अब अस्पताल में पर्ची के लिए 10 रुपए लिए जाएंगे, वह पूरी तरह से जनविरोधी, गरीब विरोधी और तानाशाही मानसिकता का प्रतीक है। चमियाणा अस्पताल में यह वसूली शुरू होने जा रही है और आने वाले दिनों में इसे पूरे हिमाचल के सभी अस्पतालों में लागू करने की तैयारी है। यह फैसला प्रदेश की जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाला है। बिना किसी जनसहमति के स्वास्थ्य सेवाओं का यह निजीकरण जैसा कदम, सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। खासतौर पर जब प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं सोलन विधायक कर्नल धनीराम शांडिल के गृह क्षेत्र सोलन के अस्पताल की हालत ही बदतर है, जहां बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं तक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि क्या अब गरीब बीमार होने से भी डरे? क्या यह वही सरकार है, जो जनकल्याण की बात करती थी? भाजपा नेता ने कांग्रेस सरकार की कथनी और करनी में फर्क को उजागर करते हुए इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की।

### शूलिनी ऑटो की मां भगवती चौकी व भंडारा 17 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश की सबसे बड़ी शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर यूनियन सोलन इस बार 30वीं मां भगवती की विशाल चौकी और भंडारे का भव्य आयोजन करने जा रही है। यूनियन के प्रधान धर्मपाल ने बताया कि सोलन के सपरून में 17 मई को शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर यूनियन के तत्वावधान में मां भगवती की विशाल चौकी का आयोजन किया जाएगा। आज यूनियन के सदस्यों की एक टोली थ्रीव्हीलर लेकर माता की सांची ज्योति लेने के लिए उत्तरी भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठ ज्वालाजी के लिए रवाना होगी। इससे पूर्व शुक्रवार की सुबह यूनियन के सदस्य सोलन शहर की अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी के मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। माता शूलिनी से आशीर्वाद लेने के बाद यूनियन के सदस्य माता की सांची ज्योति लेने के लिए ज्वालाजी के लिए रवाना होंगे। अगले दिन 17 मई को ज्वालाजी से माता की ज्योति का सोलन में पहुंचने पर पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों के साथ भव्य स्वागत होगा।

### आज सकोड़ी में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** ग्राम पंचायत सकोड़ी के मुख्यालय सोलाघाट में शुक्रवार को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसकी अध्यक्षता प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान वह क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनेंगे और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में उनका समाधान करेंगे।

### विचार अभिव्यक्ति के लिए 17 तक करवाएं पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश के युवाओं को खेलों में शामिल करने और उन्हें खेलों की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से युवा सेवाएं और खेल विभाग वर्ष 2048 के लिए हिमाचल प्रदेश के लिए खेल विजन विषय पर विचार अभिव्यक्ति प्रतियोगिता लेखन का आयोजन कर रहा है। इसके लिए 17 मई तक जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय, सिरमौर स्थित नाहन में पंजीकरण कराना होगा। इसके लिए 15 से 25 वर्ष के युवा प्रतिभागी पंजीकरण करवा सकेंगे। जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी रमा शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों माध्यम से होगी तथा प्रतियोगिता का प्रथम चरण 18 से 20 मई रखा गया है। प्रत्येक जिले के 5 प्रतिभागियों का प्रथम चरण से चयन कर द्वितीय चरण में प्रवेश होगा तथा द्वितीय चरण में 5 प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर विजेता घोषित किया जाएगा।

# 10वीं के नतीजों में छाए सोलन-सिरमौर के छात्र



**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की तरफ से घोषित परीक्षा परिणाम में जिला सोलन और सिरमौर के 12 छात्रों ने टॉप 10 में स्थान हासिल कर नाम रोशन किया।

जीवन के लक्ष्य को लेकर सुनहरे सपने संजोए मेधावी छात्र डॉक्टर इंजीनियर ही नहीं, बल्कि देश सेवा का जज्बा लिया आर्मी अफसर, वैज्ञानिक, चार्टर्ड अकाउंट, अधिवक्ता और बिजनेस मैन बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। प्रदेश भर में टॉप-10 में स्थान हासिल करने वाली मॉडर्न पब्लिक स्कूल सवारघाट तहसील नालागढ़ की मुदिता शर्मा ने 99. 14 अंक हासिल कर माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया। इसी तरह नवज्योति स्कूल खरूणी तहसील बद्दी जिला सोलन की आरुषि धीमान और प्रिया ने 98.86 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल सहित माता-पिता का नाम चमकाया। करियर अकादमी नाहन जिला सिरमौर के अनुराग ठाकुर ने 98 .57 फीसदी अंक लेकर जिले भर में अव्वल स्थान प्राप्त किया।

एसवीएम पब्लिक स्कूल नाहन जिला सिरमौर के शिवम ने भी 98.57 अंक हासिल कर नाम चमकाया। सीनियर सेकेंडरी स्कूल चियाची रामशहर जिला सोलन की तनीषा ने 98.57 अंक हासिल कर माता-पिता का नाम रोशन किया। नवज्योति पब्लिक स्कूल रामशहर जिला सोलन की काविका ठाकुर ने 98.29 फीसदी अंक लेकर धाक जमाई। राजकीय गर्ल्स स्कूल सराहां जिला सिरमौर की राधिका शर्मा ने 98 .29 फीसदी अंक लेकर जिले भर में अपना नाम रोशन किया। मॉडर्न पब्लिक स्कूल स्वारघाट जिला सोलन की छात्रा जिज्ञासा ने 98 .29 फीसदी और आदर्श विद्यालय पब्लिक स्कूल नाहन की अदिति राणा ने भी 98 .29 फीसदी अंक हासिल कर टॉप 10 में आने का गौरव प्राप्त किया। निर्मल चिंतामणि स्कूल बरोटीवाला देवांश जोशी ने 98.14 अंक लेकर अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी। वहीं, शिवालिक वैली स्कूल किरपालपुर नालागढ़ के छात्र ने भी 98 .14 फीसदी अंक प्राप्त कर टॉप 10 में रहकर माता-पिता और शिक्षकों का गौरव बढ़ाया।

### गुरुकुल स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में पूर्व गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल दाड़लामोड़ के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुशांत गौतम ने 657 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, स्नेहा शर्मा ने 643 अंक लेकर दूसरा स्थान और मोहित शर्मा 610 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय अध्यक्ष अमर शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## मेडिकल कॉलेज को लेकर भाजपा कर रही गुमराहः अजय

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी ने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा नाहन मेडिकल कॉलेज को लेकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज को शिफ्ट करने का हवाला देकर भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है, जबकि मेडिकल कॉलेज का सिर्फ विस्तारीकरण किया जा रहा है। नाहन में मीडिया से बात करते हुए विधायक ने कहा कि मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण मामले को लेकर भाजपा सस्ती लोकप्रियता वसूलने की कोशिश कर रही है और लोगों को गुमराह किया जा रहा है। भाजपा द्वारा कहा जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज को नाहन से शिफ्ट किया जा रहा है, जबकि हकीकत यह है कि मेडिकल कॉलेज को शिफ्ट नहीं किया जा रहा, बल्कि इसका विस्तारीकरण किया जा रहा है और लोगों को बेहतर सुविधा देने की कोशिश की जा रही है। मौजूदा समय में नाहन मेडिकल कॉलेज के भीतर कैंपस एरिया कम होने के चलते वह सुविधाएं यहां पहुंचने वाले लोगों को नहीं मिल पा रही हैं, जो उन्हें मिलनी चाहिए। विधायक ने आरोप लगाया कि स्थानीय भाजपा नेता लोगों की समस्या को लेकर गंभीर नहीं हैं। मेडिकल कॉलेज की विस्तार के लिए शहर के भीतर की वार्ड नंबर-12 में भूमि चिन्हित की गई है।

# किल्बा के पास सतलुज नदी में हो रहा अवैध खनन : हकीम



किन्नौर के किल्बा गांव के समीप मशीनें सतलुज नदी का सीना छलनी कर रही।

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ**



जिला किन्नौर के किल्बा गांव समीप मशीनें सतलुज नदी का सीना छलनी कर रही हैं, लेकिन प्रशासन व पुलिस की गैर मौजूदगी इन खनन माफियाओं को खनन करने की छूट दे रही हैं। इसके चलते सतलुज नदी पूरी तरह खोखली हो चुकी है। यह बात भाजयुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष हकीम नेगी ने कही।

उन्होंने कहा कि किल्बा समीप सतलुज नदी पर दिन-दिहाड़े खनन माफिया सक्रिय हुआ है और बड़ी-बड़ी मशीनों को सतलुज नदी में उतारकर रेता, पत्थर को उठाकर डंपरों में भरकर ले जा रहे हैं, लेकिन मौके पर न ही पुलिस प्रशासन है न ही खनन विभाग इस पर लगाम कस रहा है।

किल्बा समीप नदी पर हो रहे खनन को राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 व आसपास के सभी क्षेत्रों से देखा जा सकता है, लेकिन प्रशासन जबरन आंखें बंद कर बैठा है। सतलुज नदी में खनन करने से नदी का अस्तित्व लगभग समाप्ति की कगार पर है और नदी से रेता व अन्य संसाधन निकालने के बाद नदी खोखली व इसके आसपास वाले क्षेत्र में भूमि कटाव देखा जा सकता है। उन्होंने प्रशासन को समय रहते खनन माफियाओं पर नकेल कसने का आग्रह किया। (अनंत ज्ञान)

## विधायक सोलंकी केवल ख्याली पुलाव बनाकर जनता को भ्रमित कर रहे : गुप्ता

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज के शिफ्टिंग बनाम विस्तारीकरण के मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल द्वारा दिए गए सांकेतिक धरना-प्रदर्शन के बाद कांग्रेसी विधायक ने जहां इस धरने को नौटंकी करार दिया।

बिंदल की गैर मौजूदगी में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विनय गुप्ता ने मोर्चा संभालते हुए विधायक सोलंकी द्वारा दिए गए बयान को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। सर्किट हाउस में प्रेस को संबोधित करते हुए विनय गुप्ता ने सरकार और विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे केवल ख्याली पुलाव बनाकर जनता को भ्रमित कर रहे हैं। यदि मेडिकल कॉलेज शिफ्ट ही करना था, तो सत्र के दौरान इसके लिए बजट की घोषणा भी तो करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि न तो नई जगह मेडिकल कॉलेज बनाने को लेकर सरकार के पास बजट है और न ही कोई स्थायी योजना। नई जगह कॉलेज को बनाने के लिए पेड़ काटने और परमिशन के लिए सालों साल लग जाएंगे। दशकों के बाद नाहन को मेडिकल कॉलेज नसीब हुआ था और पूर्व में रही जयराम सरकार ने इस मेडिकल कॉलेज को फंक्शनिंग में लाते हुए बेहतर सुविधाओं के साथ शुरू किया था। ढाई साल से मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य बंद पड़ा है, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। विधायक को अगर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, वीरभद्र सिंह और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रहे डॉ. राजीव बिंदल के द्वारा लगाए गए फट्टे अच्छे नहीं लग रहे हैं, तो उन्हें उतरवा दें। उन फट्टों की जगह अपना और अपनी सरकार के सीएम के नाम के फट्टे लगवाकर इसका यथावत स्थान पर ही निर्माण कार्य शुरू करवा कर जनहित का कार्य करें।

# स्वच्छ शहरों में सुंदरनगर व सोलन टॉप में

**आर मोहन चौहान, सोलन**

'स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर' योजना क्रियान्वित करने में सोलन नगर निगम सबसे स्वच्छ शहरों की लिस्ट में शामिल है।

शहरों की ओवरआल रैंकिंग में सोलन दूसरे पायदान में है, लेकिन नगर निगम की लिस्ट में अभी भी नंबर एक बना हुआ है। हालांकि, नगर निगम प्रशासन का दावा है कि सोलन अधिक प्रयास कर प्रदेश में स्वच्छता के मामले में शीर्ष तक पहुंचेगा। यूडी की तरफ से जारी सूची में प्रदेश में सुंदरनगर सबसे स्वच्छ शहर के रूप में घोषित किया गया है। प्रदेश के शहरी विकास विभाग द्वारा क्रियान्वित 'स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर' योजना में प्रदेश के सभी नगर निकायों में सुंदरनगर नगर परिषद ने 96.2 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं, नगर निगम सोलन 91 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत जुब्बल व नगर निगम धर्मशाला ने 90.5 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया है। यह खुलासा विभाग की ओर से योजना के तहत जारी अंतिम मूल्यांकन सूची में हुआ है।

> 'स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर' योजना को क्रियान्वित करने के मामले में सोलन ने सभी आठ नगर निगमों को पछाड़ते हुए 91 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया है। योजना के अंतर्गत ओवरआल सोलन ने दूसरा स्थान हासिल किया है, जबकि नगर परिषद सुंदरनगर पहले स्थान पर है। यह उपलब्धि सभी कर्मचारियों व शहरवासियों की मेहनत का नतीजा है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। निगम और बेहतर करने का प्रयास करेगा। **एकता कापटा, कमिश्नर नगर निगम सोलन।**

अनंत ज्ञान स्पैशल

प्रदेश शहरी विकास विभाग द्वारा 'स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर' योजना क्रियान्वित की गई थी। 60 दिन के इस कार्यक्रम के तहत सभी 42 नगर निकायों (नगर निगमों, नगर परिषदों व नगर पंचायतों) को अपने-अपने क्षेत्र में योजना के तीन प्रमुख कार्यक्रमों आईईसी सोर्स सेग्रीगेशन (एसबीएम), समाधान शिविरों व सिटीजन सेवा ऑनलाइन सर्विसीज के तहत कार्य करना था। सभी नगर निकायों ने योजना के तहत अपने क्षेत्र में इन कार्यों को अंजाम दिया और इसकी विस्तृत रिपोर्ट बनाई। दो फेस में आयोजित इस कार्यक्रम में पहले फेस में 10 फरवरी से 9 अप्रैल और दूसरे फेस में 10 से 30 अप्रैल तक के कार्यों को अंजाम दिया गया है। प्रस्तुत रिपोर्ट व जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों के मूल्यांकन के अनुसार इन सभी पहलुओं पर गौर करते हुए सुंदरनगर को सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया है। (अनंत ज्ञान)

| # | ULB Type | ULB Name | Total | SS | CSP | SBM |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MC | Sundernagar | 96.2 | 33 | 29.2 | 34 |
| 2 | M Corp | Solan | 91 | 33 | 24 | 34 |
| 3 | NP | Jubbal | 90.5 | 33 | 23.5 | 34 |
| 4 | M Corp | Dharamshala | 90.5 | 33 | 23.5 | 34 |
| 5 | MC | Jogindernagar | 88.2 | 33 | 21.2 | 34 |
| 6 | MC | Sujanpur | 87 | 33 | 20 | 34 |
| 7 | M Corp | Palampur | 87 | 32.2 | 20.8 | 34 |
| 8 | MC | MehatpurBasdr | 86.8 | 33 | 19.8 | 34 |
| 9 | MC | BaijnathPaprola | 86.3 | 33 | 19.3 | 34 |
| 10 | MC | Sunni | 86 | 33 | 19 | 34 |
| 11 | NP | Arki | 83.6 | 33 | 16.6 | 34 |
| 12 | NP | Nerwa | 83.2 | 32.2 | 17 | 34 |
| 13 | NP | Bhota | 82 | 33 | 15 | 34 |
| 14 | MC | Theog | 81.9 | 32 | 15.9 | 34 |
| 15 | NP | Jawali | 81.4 | 30.4 | 17 | 34 |
| 16 | NP | Narkanda | 81.2 | 32.2 | 15 | 34 |
| 17 | MC | Nalagarh | 80.6 | 33 | 13.6 | 34 |
| 18 | MC | Sarkaghat | 80 | 32.2 | 13.8 | 34 |

### ये रहे टॉप-10 में

**नगर निकाय प्राप्त कुल अंक**

- नगर पंचायत सुंदरनगर 96.2
- नगर निगम सोलन 91
- नगर पंचयत जुब्बल 90.5
- नगर निगम धर्मशाला 90.5
- नगर परिषद जोगिंद्रनगर 88.2
- नगर परिषद सुजानपुर 87
- नगर निगम पालमपुर 87
- नगर परिषद मैहतपुर-बसदेहड़ा 86.8
- नगर परिषद बैजनाथ-पपरोला 86.3
- नगर परिषद सुन्नी 86

### नगर निगमों में सोलन पहले स्थान पर

**इस** योजना के अंतिम मूल्यांकन के बाद भी नगर निगम सोलन प्रदेश के सभी 8 नगर निगमों में टॉप पर बना हुआ है, जबकि शिमला नगर निगम सबसे अंतिम 8वें पायदान पर है। बता दें कि सोलन नगर निगम 91 अंकों के साथ पहले, धर्मशाला 90.5 अंकों के साथ दूसरे, पालमपुर 87 अंकों के साथ तीसरे, ऊना 77.2 अंकों के साथ चौथे, बद्दी 74.8 अंकों के साथ पांचवें, मंडी 70.2 अंकों के साथ छठे, हमीरपुर 65 अंकों के साथ सातवें और शिमला नगर निगम 64.5 अंकों के साथ आठवें पायदान पर है।

## सुक्खू सरकार स्कूली बच्चों के भविष्य से कर रही खिलवाड़ : मेलाराम शर्मा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर स्कूली बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है।



मेलाराम शर्मा ने बताया कि हालही में विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने रेणुका चुनाव क्षेत्र के वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौहराधार में मात्र 38 लाख रुपए की लागत से आधे-अधूरे निर्मित विज्ञान प्रयोगशाला भवन का लोकार्पण किया, जबकि इस भवन के लिए पिछली भाजपा सरकार द्वारा 2 करोड़ 36 लाख 48 हजार रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई थी। उन्होंने सुक्खू सरकार और विधानसभा उपाध्यक्ष से पूछा कि वह जनता को बताएं कि इस भवन के निर्माण के लिए स्वीकृत 2 करोड़ रुपए की बकाया धनराशि कहां गई। मेलाराम शर्मा ने बताया विधानसभा उपाध्यक्ष के 15 और 16 मार्च, 2020 को विधानसभा में प्रश्न उठाने के बाद स्वयं विभिन्न समाचार पत्रों में बयान जारी कर खबरें छपाई थी कि नौहराधार स्कूल के विज्ञान प्रयोगशाला भवन के लिए तत्कालीन शिक्षा मंत्री ने 2 करोड़ 36 लाख 48 की धनराशि स्वीकृत की है, लेकिन अब मात्र 38 लाख रुपए की लागत वाले आधे-अधूरे भवन का लोकार्पण कर उन्होंने इस पाठशाला के छात्रों के साथ बड़ा मजाक क्यों किया है यदि इस पिछड़े इलाके में इसी तरह के आधे-अधूरे विज्ञान भवन बनेंगे, तो यहां के छात्रों के भविष्य का क्या होगा।

## पाइनग्रोव ने जीती बास्केटबॉल रनरअप ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल की लड़कियों की अंडर-17 बास्केटबॉल टीम ने 12 से 14 मई तक सेंट मैरीज कॉन्वेंट स्कूल कसौली में आयोजित चौथे सीनियर अल्मा एवं इंदु सिंघला मेमोरियल इंटर स्कूल बास्केटबॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता होने का गौरव हासिल किया। सात टीमों के बीच खेली गई इस प्रतियोगिता में पाइनग्रोव की टीम ने हर मुकाबले में अपना दमखम, जज्बा और जबरदस्त खेल प्रदर्शित किया।

फाइनल मैच में एपीएस डगशाई के खिलाफ खेलते हुए पाइनग्रोव की छात्राओं ने अपने जुझारूपन और समर्पण से सभी का दिल जीत लिया। टीम की इस उपलब्धि ने स्कूल को गौरवान्वित किया।

# दाड़लाघाट में देव मिलन में जुटे सैकड़ों श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



देव मिलन समारोह में जुटे श्रद्धालु।

दाड़लाघाट पंचायत के सर्वमान्य आराध्यदेव देव सत बाड़ूबाड़ा देवता दाड़ला व सत बाड़ूबाड़ा देव सरीहणी का मिलन हुआ। देव मिलन के दौरान सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

यह देव मिलन बाड़ूबाड़ा मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह के छठे दिन की कथा समाप्ति पर बाड़ूबाड़ा देव सरीहणी देवता, जिन्हें विशेष रूप से दाड़लाघाट में आमंत्रित किया गया है, उनका अभिनंदन करने अथवा आतिथ्य करने अपने देवस्थल से देवलुओं और परंपरागत वाद्ययंत्रों, बजंतरियों के साथ दाड़ला पहुंचे और बड़ी गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस दृश्य को देखकर हजारों लोग एवं श्रद्धालू देव मिलन के इस अनूठे दृश्य को देखकर भाव विभोर हो गए। देवताओं के मिलन को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में जुटी जनसमूह का नजारा देखते ही बनता था कि वे सड़क के दोनों ओर, घरों और दुकानों की छतों पर देवताओं के दीदार करने और अपने-अपने देवलुओं तथा गुरों के मिलन के उन अविस्मरणीय पलों को कैमरे में कैद करने के लिए हाथों में मोबाइल लिए खड़े हुए थे।

कमेटी के सचिव श्याम चौधरी ने बताया कि पंचायत दाड़लाघाट में स्थित बाड़ूबाड़ा देव मंदिर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर देवता सत बाड़ूबाड़ा देव सरीहणी से बाड़ूबाड़ा देवता भागवत कथा में मुख्य रूप से मौजूद रहे। कथा की समाप्ति पर बस स्टैंड दाड़लाघाट में हर वर्ष की भांति देवता बाड़ूबाडा दाड़लाघाट और देवता सत बाड़ूबाड़ा देव सरीहणी का ऐतिहासिक मिलन हुआ। हर वर्ष इस अवसर पर देव मंदिर में होने वाली कथा के समापन पर देवों का भव्य एवं रोमांचक मिलन होता है। भागवत कथा के अंतिम दिन सत बाड़ूबाड़ा देव सरीहणी अपने सैकड़ों भक्तों के साथ पंचायत दाड़लाघाट के बाड़ूबाडा मंदिर पहुंचे। उसके बाद मंदिर में स्थानीय श्रद्धालुओं ने देवता का स्वागत किया।

**हुनर** अब तक 40 वर्षों में रेणुका और राजगढ़ में कर चुके हैं 250 से अधिक घराटों का निर्माण

# घराट इंजीनियर के नाम से प्रसिद्ध हैं जगमोहन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

बदलते परिवेश में भी जहां प्रदेश में घराट अर्थात पनचक्की विलुप्त होने की कागार पर पहुंच चुकी है। वहीं, सिरमौर के राजगढ़ व रेणुका क्षेत्र में घराट का अस्तित्व आज भी देखने को मिलता है।

नदी-नालों में बहते पानी से घराट निर्मित करना अपने आप में एक अनूठी कला है, जिसे राजगढ़ ब्लॉक के छोगटाली गावं के जगमोहन सिंह द्वारा बखूबी से निभाया जा रहा है। उन्होंने बीते 40 वर्षों में सिरमौर जिले के रेणुका और राजगढ़ क्षेत्र में 250 से अधिक घराटों का निर्माण किया है। जगमोहन समूचे क्षेत्र में घराट के इंजीनियर के नाम से प्रसिद्ध हैं। बिजली से चलने वाली चक्कियों में पीसा हुआ आटा स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं माना जाता है, जबकि घराट में पीसा हुआ आटा स्वास्थ्यवर्धक माना जाता है। जगमोहन सिंह ने बताया कि वह मात्र 20 हजार रुपए में ही एक नया घराट तैयार कर देते हैं। क्योंकि अब नदी-नालों में भी जलस्तर काफी घट चुका है। बता दें कि जगमोहन सिंह ने अपने ही स्तर पर आधा इंच पानी से घराट को चलाने का हुनर विकसित किया है। पाइपों के इस्तेमाल से वह आधा इंच पानी घराट तक पहुंचा देते हैं। अंत में आधा इंच की नोजल लगाई जाती है। इसमें तीव्र गति से पानी प्रेशर से गिरता है, जो घराट में लकड़ी की टरबाइन को घुमाता है। इसमें बैरिंग का प्रयोग किया जाता है, ताकि पानी के कम प्रेशर में भी चक्की घूमने लगे। इसमें एक बात का खास ध्यान रखा जाता है कि पाइप की ऊंचाई 30-40 फुट से अधिक होनी चाहिए। जगमोहन सिंह का कहना है कि अगर आधा इंच पानी से घराट नहीं चला, तो काम के पैसे नहीं लेते हैं। घराटों का बजूद बचाने में जगमोहन सिंह का बड़ी भूमिका निभाने के साथ-साथ अपनी आय का साधन बन चुका है। उन्होंने बताया कि वह पढ़ा-लिखे नहीं हैं, लेकिन बचपन में जब भाई के साथ जंगलों में पशु चराने जाते थे, तो खड्डों व नालों के किनारे बैठकर खेल के लिए घराट बनाया करते थे। युवा बनने पर उन्होंने लोगों के घराट बनाने आरंभ कर दिए। उन्होंने बताया कि राजगढ़ के हलोणी पुल के समीप घराट में इस्तेमाल होने वाला उत्तम क्वालिटी का पत्थर उपलब्ध है, जिसकी घड़ाई भी आसानी से की जा सकती है। इनका कहना था कि करीब दो हफ्ते में नया घराट बनाकर क्रियाशील कर देते हैं। इसके एवज में वह सारे कार्यों का केवल 20 हजार पारिश्रमिक लेते हैं। इनका दावा है कि आज तक उनके बनाए गए घराटों में से कोई भी फेल नहीं हुआ है।



जगमोहन सिंह घराट में कार्य करते हुए।

## रणवीर के प्रदेश अध्यक्ष बनने से तकनीकी कर्मचारियों में जगी उम्मीद

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**



हिमाचल प्रदेश तकनीकी संघ के अध्यक्ष रणवीर सिंह।

हिमाचल प्रदेश तकनीकी कर्मचारियों का राज्य स्तरीय महाअधिवेशन का आयोजन पांवटा साहिब में किया गया। इसमें हजारों तकनीकी कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस दौरान विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों ने अपनी मांगें, सुझाव एवं कर्मचारियों के भविष्य को लेकर सार्थक चर्चा एवं रणनीति बनाने का प्रयास किया। वहीं, दूसरी ओर प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव भी करवाए गए।

इसमें तकनीकी कर्मचारी संघ के जुझारू और कर्मचारियों के लिए हमेशा सक्रिय नजर आने वाले रणवीर सिंह ठाकुर को सर्वसम्मति से हिमाचल प्रदेश तकनीकी संघ का अध्यक्ष चुना गया। रणवीर सिंह पूर्व में हिमाचल प्रदेश तकनीकी संघ में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर सराहनीय सेवाएं प्रदान करते आ रहे हैं। इन्हीं महत्वपूर्ण सेवाओं को देखकर संघ ने निर्णय लिया कि रणवीर को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी जाए। इस दायित्व को मिलने पर रणवीर सिंह ने समस्त तकनीकी कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि एसोसिएशन हमेशा कर्मचारियों के हितों और अधिकारों के लिए हर स्तर पर उठाने का मिलकर प्रयास किया जाएगा।

कर्मचारियों को उम्मीद है कि भविष्य में रणवीर की अध्यक्षता में उचित मांगों का निराकरण होता रहेगा। वहीं, जिस प्रकार हिमाचल प्रदेश सरकार बिजली विभाग में कर्मचारियों के लिए ओपीएस जैसी महत्वपूर्ण योजना को लागू नहीं कर रही है, जबकि अन्य सभी विभागों में ओपीएस योजना लागू हो चुकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### बकाया राशि की वसूली के लिए जारी किए नोटिस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** संपदा कार्यालय, यूटी चंडीगढ़ ने विभिन्न मोटर मार्केट और रेहड़ी मार्केट में स्थित बूथों/दुकानों के निर्माण की लागत की वसूली के लिए मांग नोटिस जारी किए हैं। ये संपत्तियां संपदा कार्यालय द्वारा आवंटित की गई थीं और चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (सीएचबी) द्वारा निर्मित की गई थीं, जिसका निर्माण लागत आवंटियों/पट्टेदारों द्वारा वहन की जानी थी। यह देखा गया है कि लगभग 700 ऐसे बूथों में निर्माण लागत का भुगतान नहीं किया गया है। संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ ने परिणामस्वरूप ऐसे पट्टेदारों को मांग नोटिस जारी करने की तारीख से 30 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। निर्धारित अवधि के भीतर अनुपालन न करने पर चूककर्ताओं के खिलाफ रद्दीकरण की कार्रवाई शुरू की जाएगी। सभी संबंधित पक्षों से आग्रह है कि वे पट्टा आवंटन रद्द करने सहित किसी भी अन्य कार्रवाई से बचने के लिए आवश्यक भुगतान करें।

### पानी की बर्बादी पर एक माह में किए 88 चालान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पानी बचाओ अभियान के तहत नगर निगम चंडीगढ़ ने शहर में पानी की बर्बादी के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए चालान और नोटिस जारी करने की कार्रवाई तेज कर दी है। 15 अप्रैल से 15 मई तक के एक महीने की अवधि में निगम द्वारा कुल 1,202 नोटिस और 88 चालान पानी बर्बाद करने वालों के खिलाफ जारी किए गए। यह कदम विशेष रूप से मानसून से पहले पानी की बचत के प्रति निगम की सख्त नीति को दर्शाता है। इस अभियान के बारे में नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि निगम द्वारा पीने के पानी की बर्बादी रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एमसीसी ने सिंचाई के उद्देश्य से कनाल हाउसों में टीटी (ट्रीटेड वॉटर) जल आपूर्ति के कनेक्शन देना भी शुरू कर दिया है।

### नगर निगम लोगों की समस्याओं पर त्वरित करेगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ की जल आपूर्ति एवं सीवरेज निस्तारण समिति की एक बैठक आज समिति की अध्यक्ष श्रीमती सरबजीत कौर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्य पार्षद तथा नगर निगम चंडीगढ़ के लोक स्वास्थ्य विंग के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर निगम के लोक स्वास्थ्य विंग के अधीन आने वाले क्षेत्रों में सीवरेज और वर्षा जल निकासी से संबंधित आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता देना था। विस्तृत फील्ड निरीक्षणों और स्थल मूल्यांकनों के आधार पर, लोक स्वास्थ्य टीम ने उन कार्यों की एक प्राथमिकता सूची प्रस्तुत की, जिन्हें मानसून से पहले तत्काल पूरा किया जाना आवश्यक है। इन प्रस्तावित कार्यों में विकास, मरम्मत और गाद निकासी की गतिविधिया शामिल हैं, विशेष रूप से उन क्षेत्रों को लक्षित करते हुए जो जलभराव और बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील हैं, जैसे निम्न भूमि क्षेत्र। समिति ने प्रस्तुत प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की और उन्हें सर्वसम्मति से प्राथमिकता के आधार पर अनुमोदित किया। समिति की अध्यक्ष ने इन कार्यों को समय पर पूरा करने के महत्व पर बल दिया ताकि मानसून के दौरान नागरिक सुविधाएं सुचारु रूप से संचालित हों और जनता को न्यूनतम असुविधा हो।

### हरियाणा में 8 आईएएस और एक एचसीएस का तबादला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नायब सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए आठ आईएएस और एक एचसीएस अधिकारी का तबादला किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से नई नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं। सहकारिता विभाग की आयुक्त एवं सचिव तथा हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम की प्रबंध निदेशक आशिमा बराड़ को आबकारी एवं कराधान विभाग के आयुक्त एवं सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। इसके साथ ही सतर्कता विभाग, निगरानी और समन्वय की विशेष सचिव डॉ. प्रियंका सोनी को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के निदेशक तथा विशेष सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। वहीं जिला नगर आयुक्त, यमुनानगर अखिल पिलानी को नगर निगम, यमुनानगर के आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। विरेंद्र लाठर को जिला नगरायुक्त अंबाला, राहुल नरवाल को ग्रामीण विकास विभाग में विशेष निदेशक का अतिरिक्त प्रभार, हितेश कुमार मीणा को पीडब्ल्यूडी विभाग में अतिरिक्त सचिव, डॉ. बलप्रीत सिंह को चीफ एग्जिक्यूटिव खादी बोर्ड और रेणू सोगन को क्रीड में अतिरिक्त सचिव लगाया गया है।

# सीएम सैनी ने शहीद दिनेश को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को बंधाया ढांढस

## गांव में ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए दिनेश कुमार शर्मा के नाम से बनाया जाएगा पार्क

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



गत दिनों पाकिस्तानी सेना द्वारा पुंछ सीमा पर किए गए हमले में शहीद हुए जिला पलवल के उपमंडल होडल के लांस नायक शहीद दिनेश कुमार शर्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को गांव नगला मोहम्मदपुर पहुंचे।

उन्होंने शहीद दिनेश कुमार शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शहीद को नमन किया और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार और पूरा क्षेत्र उनके परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने शहीद के परिजनों का ढांढ़स बंधाया और उन्हें हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद दिनेश कुमार शर्मा ने सीमा पर पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी का डटकर मुकाबला करते हुए मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया, जिस पर सभी भारतवासियों को गर्व है। उल्लेखनीय है कि दिनेश कुमार पुंछ सीमा पर लांस नायक के पद पर तैनात थे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि शहीद दिनेश कुमार शर्मा के परिजनों को सरकार की योजना के अनुसार आर्थिक मदद व सुविधाएं दी जाएंगी। शहीद दिनेश कुमार शर्मा के पिता दयाचंद ने गांव में ढाई बीघा जमीन पर पार्क बनाने की बात कही जिस पर मुख्यमंत्री ने शहीद के नाम पर पार्क बनवाने का आश्वासन दिया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री सैनी ने गांव के सरपंच कुमार युगपुरुष के निवास स्थान पर पहुंचकर सरपंच के दादा स्वर्गीय पंडित शीशराम पाठक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। उन्होंने परिवार को सांत्वना दी और ढांढस बंधाया।

गांव से लौटते समय मार्ग पर महिलाओं को देखकर मुख्यमंत्री ने अपना काफिला रुकवाया और ग्रामीण महिलाओं की मांगों को सुना। महिलाओं ने मुख्यमंत्री के समक्ष गांव की प्राथमिक पाठशाला को अपग्रेड करने की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही तुरंत गांव की प्राथमिक पाठशाला को अपग्रेड करने की घोषणा की। इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, विधायक हरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## मुख्य सचिव ने गुणवत्ता मानकों को अपनाने का दिया निर्देश



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा की अध्यक्षता में मानकीकरण पर राज्य स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। समिति का उद्देश्य यूटी में एक मजबूत गुणवत्ता प्रणाली बनाने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए भारतीय मानकों के उपयोग को बढ़ावा देना है।

भारतीय मानक ब्यूरो (उत्तर भारत) की उपमहानिदेशक स्नेह लता द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव ने सभी सार्वजनिक व्यवहार विभागों को रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी विभागों में सेवा गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (एसक्यूएमएस) के कार्यान्वयन के लिए योजना बनाने का भी निर्देश दिया। आयुक्त, नगर निगम और संपदा कार्यालय को विशेष रूप से अपने रिकॉर्ड को सुचारु बनाने के लिए रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली को लागू करने के लिए कहा गया, खासकर पुराने रिकॉर्ड को।

मुख्य सचिव ने चंडीगढ़ में पाइप्ड पेयजल प्रबंधन प्रणाली के लिए प्रमाणन के लिए आवेदन करने की पहल के लिए नगर निगम, चंडीगढ़ के प्रयासों की सराहना की। यदि यह प्रमाण पत्र प्राप्त हो जाता है, तो चंडीगढ़ देश का पहला ऐसा राज्य होगा, जिसे यह प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। बैठक में चंडीगढ़ प्रशासन के गृह सचिव, वित्त सचिव, खाद्य एवं आपूर्ति सचिव सहित सभी प्रशासनिक सचिवों तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। उद्योगों, उपभोक्ता संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

## रोबोटिक सर्जरी गायनोकॉलोजी का भविष्य : डॉ. प्रीति जिंदल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



'गायनोकॉलोजी में रोबोटिक सर्जरी की भूमिका' पर जागरूकता पैदा करने के लिए पार्क अस्पताल मोहाली से रोबोटिक गायनोकॉलोजी सर्जरी डायरेक्टर डॉ. प्रीति जिंदल और जनरल सर्जरी सीनियर कंसल्टेंट व मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विमल विभाकर ने गुरुवार को यहां मीडिया को संबोधित किया।

डॉ. प्रीति ने कहा कि पार्क अस्पताल मोहाली में अब सबसे एडवांस दा विंची सर्जिकल रोबोट और नवीनतम चौथी जनरेशन का रोबोटिक प्लेटफॉर्म है। उन्होंने बताया कि यह मिनिमल इनवेसिव सर्जरी के लिए अगला फ्रंटियर और सर्जिकल प्रोसीजर के विजुअलाइजेशन, सटीकता, नियंत्रण और निपुणता को बढ़ाता है, जिससे सर्जनों को जटिल सर्जरी को ऐसे तरीके से करने में मदद मिलती है, जैसा पहले कभी अनुभव नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि सर्जिकल रोबोट सर्जनों की विशेषज्ञता और अनुभव को अधिकतम रूप से पूरक बनाते हैं। रोबोट की सहायता से चलने वाले हाथ अधिक स्थिर, सटीक पाए जाते हैं, और मानव हाथ की तुलना में शरीर के सबसे अंदरुनी हिस्सों तक अधिक आसानी से पहुंच सकते हैं। इसलिए, यह सर्जरी सर्जनों को अधिक सटीकता, बढ़ी हुई गति सीमा और बेहतर निपुणता सुनिश्चित करती है। इसके अलावा, कैमरे द्वारा प्रदान की गई 3डी विजन सर्जन को अधिक विस्तृत दृश्य प्रदान करती है।

## एमडी यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 19 से

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 12वीं उपरांत संचालित होने वाले 17 स्नातक एवं पांच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रमों की प्रवेश विवरणिका (प्रॉस्पेक्ट्स) का औपचारिक विमोचन वीरवार को रोहतक स्थित विश्वविद्यालय परिसर में किया। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा कुल 17 कार्यक्रमों में लगभग 1450 सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। इनमें से 12 कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए भी खुले हैं, जिनमें बैचलर ऑफ आर्ट्स (अंग्रेजी), बीए (आर्थिक विज्ञान), बीए (लोक प्रशासन), बीए (इतिहास), बीएससी (गणित), बीएससी (सांख्यिकी), बीएससी (जेनेटिक्स), बीएफए (चित्रकला), बीकॉम, बैचलर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज और बीसीए शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन 19 मई से शुरू होगा तथा अंतिम तिथि 2 जून रहेगी।

## उपायुक्त ने सार्वजनिक भूमि से अनधिकृत धार्मिक संरचनाओं को हटाने को लेकर की समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**बोले- न्यायालय के आदेशों का कड़ाई से करें पालन**

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय और माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में वीरवार को चंडीगढ़ के उपायुक्त की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक शहर भर में सार्वजनिक भूमि पर बनाए गए अनधिकृत धार्मिक ढांचों को हटाने और स्थानांतरित करने की स्थिति का आकलन करने के लिए बुलाई गई थी। बैठक में प्रमुख नोडल विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

वन भूमि पर तीन अनधिकृत धार्मिक संरचनाओं की पहचान की गई है। नवीनतम अद्यतन के अनुसार, किसी को भी हटाया नहीं गया है। उपायुक्त ने वन विभाग को निर्देश दिया कि वे उन सभी मामलों में तत्काल कार्रवाई करें, जहां कोई कानूनी बाधा नहीं है, तथा न्यायालय के आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। अधिग्रहित भूमि पर कुल 16 अनधिकृत धार्मिक संरचनाओं की पहचान की गई है। इनमें से तीन मामलों में अधिग्रहण अधिसूचनाएं माननीय न्यायालय द्वारा निरस्त कर दी गई हैं तथा दो मामलों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विशेष अनुमति याचिकाएं (एसएलपी) दायर की गई हैं, जबकि शेष संरचनाओं को हटाने की प्रक्रिया चल रही है।

इंजीनियरिंग विभाग के अधिकार क्षेत्र में भूमि पर पहचाने गए 58 अनधिकृत धार्मिक संरचनाओं में से 11 को हटा दिया गया है। शेष संरचनाओं को हटाने की प्रक्रिया अभी चल रही है। पहचाने गए 118 अनधिकृत धार्मिक ढांचों में से 24 को अब तक ध्वस्त कर दिया गया है। उपायुक्त ने कानूनी रोक के तहत नहीं आने वाले सभी मामलों का सख्ती से पालन करने और समय पर समाधान करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## अरुणाचल में चीन के खिलाफ प्रदर्शन



अरुणाचल प्रदेश में चीन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते स्थानीय लोग

**एजेंसी, ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के स्थानीय लोगों ने वीरवार को चीन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने चीन की हरकतों के लिए उन्हें आगाह भी किया है। चीन लगातार अरुणाचल प्रदेश के कई इलाकों का नाम बदलने की बात कर रहा है, जबकि भारत ने उसे साफ तौर पर चेतावनी जारी की है कि वो आगे से इस तरह की गुस्ताखी न करे। अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले के लोगों ने इस विरोध प्रदर्शन के साथ चीन को एक कड़ा संदेश दे दिया है और वह संदेश है कि भारत के अंदर चीन किसी तरह की मनमानी नहीं कर सकता। अगर उसने ऐसी गुस्ताखी की तो उसे कड़ा जवाब दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली धूल भरी आंधी के आगोश में सिमटी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बुधवार रात चली धूल भरी आंधी का असर वीरवार सुबह तक रहा। इस नजारे को देखकर हर कोई दंग रह गया। नजारा था धूल भरी आंधी का था। आंधी भी ऐसी-वैसी नहीं, इस आंधी में हवा का तो पता नहीं चल रहा था, लेकिन सामने केवल धूल ही धूल नजर आ रहे थे। आलम यह हुआ कि सड़कों पर ट्रैफिक हल्की हो गई। लोग बेहद सावधानी से गाड़ी ड्राइव कर रहे थे। नजारा कुछ ऐसा था जैसे हम दिल्ली-एनसीआर में न होकर राजस्थान के रेगिस्थानी इलाकों में हों। मौसम विभाग ने बताया कि धूल भरी आंधी का कारण 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज हवा थी। इस तेज तूफान के तुरंत हवा की स्पीड घटकर 3 से 7 किमी प्रति घंटे की हो गई। ऐसे में धूल के कणों को बिखरने में समय लगा। (अनंत ज्ञान)

### पीओके में चल रहे आतंकी कैंपों पर हो एक्शन

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने वहां से संसद के अंदर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले की निंदा की है। इस कायरान हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। कंजर्वेटिव सांसद ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई का भी समर्थन किया और यूनाइटेड किंगडम में प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर सरकार से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में चल रहे आतंकवादी कैंपों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# इसराइल ने गाजा पर फिर किए हवाई हमले, 54 लोगों की मौत

## खान यूनिस शहर पर की एयर स्ट्राइक में कई लोग हुए घायल

**एजेंसी, गाजा**

इसराइल और हमास के जारी संघर्ष के बीच एक बार फिर इसराइल ने दक्षिण गाजा के खान यूनिस शहर पर घातक हवाई हमला किया। इस हमले में 54 लोगों की जान चली गई, वहीं इससे ज्यादा कई अन्य घायल हो गए। मामले में जानकारी देते हुए खान यूनिस के नासर अस्पताल के मुर्दाघर ने बताया कि कुल 54 शव अस्पताल लाए गए। इनमें से कई शव टुकड़ों में थे और कुछ बॉडी बैग्स में एक से ज्यादा लोगों के अवशेष थे।

बता दें कि यह लगातार दूसरा दिन है जब गाजा में भारी बमबारी हुई। इससे ठीक एक दिन पहले यानी बुधवार को उत्तरी और दक्षिणी गाजा में हुए हमलों में कम से कम 70 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें लगभग दो दर्जन बच्चे भी शामिल थे। इसमें ध्यान देने वाली बात ये है कि इसराइल का ये हमला ऐसे समय पर हो रहा है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिडल ईस्ट की यात्रा पर हैं। हालांकि वे इसराइल नहीं जाएंगे ,लेकिन उनकी यात्रा से यह उम्मीद जताई जा रही थी कि शायद कोई संघर्ष विराम या मानवीय सहायता की घोषणा हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

### मानवाधिकार आयोग ने बताया नरसंहार



**इसराइल** के घातक हमले को देखते हुए इंटरनेशनल मानवाधिकार संस्था ह्यूमन राइट्स वॉच ने वीरवार को कहा कि गाजा को कब्जे में लेने और लोगों को जबरन विस्थापित करने की इसराइल की योजना नरसंहार के बेहद करीब है। इसके साथ ही संगठन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़ने की अपील की है।

## मध्यस्थता शर्तों के मसौदे पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को व्यापारिक समझौतों में मध्यस्थता शर्तों के मसौदे पर चिंता जताई और कहा कि विवाद निपटाने की इस प्रक्रिया का गलत तरीके से दुरुपयोग हो रहा है, जिससे मामले और ज्यादा जटिल और लंबे हो रहे हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि इन समझौतों में जानबूझकर गुमराह करने वाली भाषा का उपयोग किया जाता है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया का समय बर्बाद होता है। अदालतों को ऐसे खराब तरीके से तैयार की गई शर्तों को शुरू में ही खारिज कर देना चाहिए। बेंच ने कहा, भारत में व्यापारिक समझौतों में मध्यस्थता शर्त का मसौदा बहुत खराब है। मध्यस्थता को तेज और प्रभावी विवाद समाधान का तरीका माना गया था, लेकिन कुछ मामलों में इसका विपरीत असर हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

## आर्मी चीफ द्विवेदी ने बारामूला में सैनिकों के साहस को सराहा



जम्मू-कश्मीर के बारामूला में तैनात सैनिकों से मिलते सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी।

**एजेंसी, श्रीनगर**

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने वीरवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में अग्रिम इलाकों का दौरा किया और 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान नियंत्रण रेखा पर अपना दबदबा बनाए रखने के लिए सैनिकों की सराहना की। उन्होंने सैनिकों से कहा कि वे किसी भी चुनौती का निर्णायक ताकत के साथ जवाब देने के लिए हमेशा तैयार रहें। सेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सेना प्रमुख (सीओएएस) ने चिनार कोर की डैगर डिवीजन का दौरा किया।

अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय ने पोस्ट में कहा कि सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने चिनार कोर के डैगर डिवीजन के अग्रिम इलाकों का दौरा किया और सभी अधिकारियों के साथ बातचीत की। सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नियंत्रण रेखा पर अपना दबदबा बनाए रखने के लिए उनके साहस, जोश और सतर्क कार्रवाई की सराहना की। सेना प्रमुख ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी शिविरों को नष्ट करने में सैनिकों की भूमिका की सराहना की। सेना ने कहा कि सेना प्रमुख ने पाकिस्तान द्वारा नियंत्रण रेखा के पार की गई कायरतापूर्ण गोलेबारी से पीड़ित नागरिकों को सहायता प्रदान करने में डैगर डिवीजन द्वारा निभाई गई भूमिका की सराहना की। उन्होंने सैनिकों को किसी भी चुनौती का निर्णायक ताकत के साथ जवाब देने के लिए तैयार रहने को कहा। (अनंत ज्ञान)

## बलोच नेता ने किया पाकिस्तान से आजादी का ऐलान

**एजेंसी, क्वेटा**

**अंतरराष्ट्रीय समुदाय से की समर्थन की अपील**

भारत से मिले करारा जवाब के बाद अब पाकिस्तान को बलूचिस्तान से भी बड़ा झटका लगा है। दरअसल, एक बड़े बलूच नेता ने गत दिवस पाकिस्तान से बलूचिस्तान की आजादी की औपचारिक घोषणा कर दी। इस बड़े नेता का नाम मीर यार बलोच है। मीर ने दशकों से चली आ रही हिंसा और जबरन गायब किए जाने और मानवाधिकार उल्लंघनों को इसकी वजह बताया है। मीर ने बलूचिस्तान की आजादी की यह घोषणा एक्स पर पोस्ट करके की है। इस पोस्ट में बलूच नेता ने लिखा है कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना राष्ट्रीय फैसला ले लिया है। दुनिया को अब चुप नहीं रहना चाहिए. लिहाजा, उन्होंने भारत समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय से समर्थन की अपील की है।

# डीआरडीओ ने विकसित की समुद्री जल को मीठे पानी में बदलने की तकनीक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। डीआरडीओ ने स्वदेशी नैनोपोरस मल्टीलेयर्ड पॉलीमर झिल्ली को विकसित करने में सफलता पाई है। यह समुद्री पानी को मीठे पानी में बदलने की तकनीक है। इससे भारतीय तटरक्षक बल को काफी फायदा होगा। हालांकि अभी परीक्षण चल रहा है। इस तकनीक को मंजूरी के लिए तटरक्षक बल कम से कम 500 घंटे का परिचालनात्मक परीक्षण करेगा। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### डीआरडीओ ने मात्र आठ महीने में बनाई नैनोपोरस मल्टीलेयर्ड पॉलीमर झिल्ली



**डीआरडीओ** की कानपुर स्थित डिफेंस मैटेरियल स्टोर्स एंड रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैब द्वारा भारतीय तटरक्षक बल के साथ मिलकर इस नैनोपोरस मल्टीलेयर्ड पॉलीमर झिल्ली का विकास किया गया है। खास बात यह है कि इस झिल्ली का निर्माण रिकॉर्ड आठ महीने में किया गया है। अभी तटरक्षक बल के ऑफशोर पेट्रोलिंग वेसल पर मौजूद समुद्री जल को मीठे पानी में बदलने वाले प्लांट में इस तकनीक का परीक्षण चल रहा है। अभी तक के परीक्षण में संतोषजनक नतीजे मिले हैं।

## बाजार

## निफ्टी 6 महीने के बाद 25,000 के पार, सेंसेक्स 82,531 के स्तर पर बंद

# सेंसेक्स में 1200 अंक का उछाल, निफ्टी भी चढ़ा

**एजेंसी, मुंबई**

**ऑटो, मेटल व रियल्टी शेयर्स सबसे ज्यादा चढ़े**

हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन वीरवार को सेंसेक्स 1200 अंक चढ़कर 82,531 के स्तर पर बंद हुआ। दिन के निचले स्तर से इसने 1769 अंक की रिकवरी की। वहीं, निफ्टी में भी 395 अंक की तेजी रही, यह 25,062 के स्तर पर बंद हुआ। इसमें दिन के निचले स्तर से 568 की रिकवरी हुई। 17 अक्तूबर के बाद निफ्टी ने आज पहली बार 25,100 के स्तर को पार किया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में तेजी रही। निफ्टी के 50 में से 49 शेयरों में उछाल रहा। (अनंत ज्ञान)



### एशियाई बाजारों में दर्ज की गई गिरावट

**एशियाई** बाजारों में जापान का निक्केई 373 अंक नीचे 37,756 पर और कोरिया का कोस्पी 20 अंक गिरकर 2,621 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 187 अंक गिरकर 23,453 पर बंद हुआ। चीन के शंघाई कंपोजिट में 23 अंक की गिरावट रही, ये 3,381 पर बंद हुआ।

### बाजार में तेजी के दो मुख्य कारण

**रिटेल** महंगाई अप्रैल में गिरकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई है। यह जुलाई 2019 के बाद सबसे कम है। ऐसे में निवेशकों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में रिजर्व बैंक की मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी रेपो रेट में कटौती कर सकती है। इससे बाजार में तेजी आई है। विदेशी निवेशक लगातार खरीददारी कर रहे हैं। वे मई में अब तक कैश सेगमेंट में 9,558.65 करोड़ रुपए और घरेलू निवेशकों ने 19,779 करोड़ रुपए की नेट खरीददारी की है।

### 2375 रुपए गिरे सोने के दाम

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में वीरवार को बड़ी गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 2,375 रुपए घटकर 91484 रुपए पर आ गया है। कल सोने की कीमत 93 859 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव भी 2,297 रुपए कम होकर 94,103 रुपए पर आ गया है। बुधवार को एक किलो चांदी की कीमत 96,400 रुपए थी। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## स्पोर्ट्स विंडो

### इंग्लैंड ने टिम साउथी को विशेषज्ञ सलाहकार किया नियुक्त

**एजेंसी, लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउथी को भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के खत्म होने तक इंग्लैंड का विशेषज्ञ कौशल सलाहकार नियुक्त किया गया है। भारतीय टीम इंग्लैंड के दौरे की शुरुआत 20 जून से लीड्स में पहले टेस्ट के साथ करेगी। यह दौरा 31 जुलाई से चार अगस्त तक ओवल में होने वाले पांचवें टेस्ट के साथ खत्म होगा। दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले साउथी इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय सत्र के शुरुआती मैच से पहले टीम से जुड़ेंगे, जो अगले वीकेंड से ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट होगा। छत्तीस वर्षीय साउथी ने 107 टेस्ट मैच में 391 विकेट, 161 वनडे मैच में 221 विकेट और 126 टी20 मैच में 164 विकेट हासिल किए हैं। ईसीबी ने एक बयान में कहा, "दुनिया भर में विभिन्न परिस्थितियों और सभी प्रारूपों में खेलने के अपने विशाल अनुभव के साथ वह खिलाड़ियों को अहम जानकारी प्रदान करेंगे। सलाहकार की भूमिका के बाद वह बर्मिंघम फीनिक्स के लिए 'द हंड्रेड' में खेलना शुरू करेंगे।" (अनंत ज्ञान)



### पहला 'खेलो इंडिया बीच' खेल दीयू में 19 से 24 मई तक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पहले खेलो इंडिया बीच खेलों का आयोजन दीयू में 19 से 24 मई के बीच किया जाएगा, जिसमें 36 प्रदेशों और केंद्रशासित प्रदेशों के एक हजार से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। पहली बार खेलो इंडिया की 'खेल प्रतिस्पर्धा और प्रतिभा विकास' योजना के तहत इन खेलों का आयोजन किया जा रहा है। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने यहां मीडिया को बताया कि बीच खेलों की लोकप्रियता और दर्शक संख्या बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया योजना के तहत इनका आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "इसमें छह प्रतिस्पर्धी खेल बीच फुटबॉल, बीच वॉलीबॉल, बीच सेपक टेकरॉ, बीच कबड्डी, पैंचाक सिलाट और ओपन वॉटर तैराकी को शामिल किया गया है। इसके अलावा दो नुमाइशी खेल मलखम्ब और रस्साकशी भी होंगे।" इसमें ओपन आयुवर्ग में स्पर्धाएं होंगी, जिनके लिए खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय चैंपियनशिप या अन्य उपयुक्त स्पर्धाओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर खेलों की तकनीकी संचालन समिति द्वारा या मेरिट के आधार पर किया जाएगा। पिछली बार जनवरी 2024 में दीयू में बीच खेल आयोजित किये गए थे, जिसमें 25 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 1127 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस बार खेलों का शुभंकर पर्ल डॉल्फिन है और इसकी टैगलाइन 'खेल के सितारे, दीयू के किनारे' दी गई है। (अनंत ज्ञान)



### इगा का खूबसूरत अंदाज

**पोलैंड।** टेनिस स्टार खिलाड़ी इगा स्विटेक को घूमने-फिरने का खूब शौक है। इगा ने बचपन से ही टेनिस में खुद को तराशना शुरू कर दिया। इगा अपने सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव हैं। यही कारण है कि इंस्टाग्राम पर उनके 1 मिलियन से भी अधिक फॉलोअर्स हो चुके हैं।



## भारत-इंग्लैंड दौरा

### 2018 से सिर्फ दो भारतीयों ने इंग्लैंड में 40+ की औसत से बनाए रन

# रोहित-कोहली का संन्यास, टीम इंडिया को बड़ा झटका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करना है। 20 जून से हो रही इस सीरीज के साथ भारतीय टीम के नए टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत हो जाएगी। इस सीरीज से पहले टीम इंडिया को पिछले 10 दिनों के अंदर दो बड़े झटके लगे। टेस्ट में नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने सात मई और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट से संन्यास ले लिया।

यह इंग्लैंड दौरे से पहले टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका रहा। कोहली का इस दौरे के लिए चुना जाना तय माना जा रहा था, लेकिन उससे पहले ही उन्होंने बीसीसीआई और भारतीय फैंस को चौंका दिया। रोहित और कोहली दोनों ने इंग्लैंड में खूब रन बनाए हैं और ऐसे में उनका संन्यास लेना भारत के लिए घातक साबित हो सकता है। साल 2018 से इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट में केवल दो भारतीयों ने 40 से ज्यादा की औसत से रन बनाए हैं। ये दोनों बल्लेबाज रोहित और कोहली ही हैं। (अनंत ज्ञान)



**रोहित और कोहली की खलेगी कमी**

**ऐसे** में इंग्लैंड जैसी अहम सीरीज से पहले रोहित और कोहली का संन्यास टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका है। इस साल एक युवा भारतीय टीम इंग्लैंड का दौरा करती दिखेगी। दौरे के लिए शुभमन गिल को कप्तान बनाया जा सकता है। वहीं, ऋषभ पंत उपकप्तान बनाए जा सकते हैं। हालांकि, रोहित और कोहली को टेस्ट में कौन रिप्लेस करेगा यह तो समय ही बताएगा। इस दौरे पर इन दोनों की कमी खलना तय है।

### विराट कोहली और रोहित शर्मा सबसे सफल बल्लेबाज

**साल** 2018 से लेकर अभी तक इंग्लैंड में टेस्ट में कोहली ने भारतीय बल्लेबाजों में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने इस दौरान 23 पारियों में 41.82 की औसत से 962 रन बनाए हैं। इसमें दो शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल हैं। वहीं, हिटमैन ने इस दौरान इंग्लैंड में 12 पारियों खेलीं और 44.54 की औसत से 490 रन बनाए। इसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। वह इंग्लिश सरजमीं पर साल 2018 से टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीयों में छठे स्थान पर हैं। हिटमैन से ज्यादा और विराट से कम रन वाले पांच बल्लेबाजों में चेतेश्वर पुजारा, केएल राहुल, अजिंक्य रहाणे और ऋषभ पंत शामिल हैं। पुजारा ने साल 2018 से लेकर अब तक इंग्लैंड में 22 पारियों में 32.40 की औसत से 648 रन बनाए। इसमें एक शतक और चार अर्द्धशतक शामिल है। वहीं, राहुल ने इस दौरान 18 पारियों में 34.11 की औसत से 614 रन बनाए। इनमें दो शतक और एक अर्द्धशतक है। रहाणे ने 21 पारियों में 26.90 की औसत से 565 रन बनाए। इसमें चार अर्द्धशतक शामिल है। वहीं, पंत ने 17 पारियों में 32.70 की औसत से 556 रन बनाए। इनमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। हिटमैन के बाद सातवें स्थान पर रवींद्र जडेजा हैं। जडेजा ने इस दौरान 15 पारियों में 33.21 की औसत से 465 रन बनाए। इसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## रोहित-कोहली के संन्यास के बाद घबराने की जरूरत नहीं है: मांजरेकर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली और संजय मांजरेकर के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि 'फैब फोर' के विदा लेने के बाद भी भारतीय क्रिकेट ने वापसी की थी। आधुनिक क्रिकेट के दिग्गजों रोहित और विराट ने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया।



मांजरेकर ने 'फैब फोर' (सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और सौरव गांगुली) की विदाई से इसकी तुलना की। उन्होंने इंस्टाग्राम वीडियो पर लिखा, "मैं जानता हूं कि प्रशंसक चिंतित होंगे। फैब फोर के संन्यास के बाद भी ऐसी ही चिंता थी, लेकिन कुछ साल बाद भारत दुनिया की नंबर एक टेस्ट टीम बना।" उन्होंने लिखा, "जब तक भारत में खेल लोकप्रिय हैं और कई प्रतिभाशाली युवा भारत के लिये खेलने को बेताब हैं और ऐसे हजारों युवा हैं।

भारतीय टीम के लिए, खेलने तक का सफर आसान नहीं है और यहां तक पहुंचने वाले वाकई प्रतिभाशाली होंगे।" मांजरेकर ने कहा, "इसमें समय लगेगा लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। फैब फोर के जाने के बाद क्या हुआ था। हमारी गेंदबाजी बेहतर हुइ। यहां भी ऐसा हो सकता है। नए सितारे आएंगे और नए गेंदबाज भी। भारत दुनिया की आला टीमों में बना रहेगा।"

उन्होंने कहा, "मौजूदा भारतीय टीम को इस नजरिये से भी देखा जा सकता है जिसमें विराट और रोहित टीम का हिस्सा थे, लेकिन हम अपनी धरती पर न्यूजीलैंड से 3-0 से हारे और आस्ट्रेलिया में बुरी तरह हारे। इस टीम के साथ हमारे पास खोने के लिए कुछ नहीं है। नई भारतीय टीम को शुभकामनाएं।" (अनंत ज्ञान)

## नासिर हुसैन बोले-सौ फीसदी नहीं दे पाने पर मैदान पर नहीं उतरना चाहता कोहली

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली का अपार योगदान आंकड़ों से कहीं अधिक है और किसी भी 'सामान्य' चीज से संतुष्ट न होने की उनकी अदम्य भावना ने ही शायद उन्हें संन्यास लेने के फैसले के लिए प्रेरित किया।

कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से विदा ले ली। 36 वर्ष के कोहली टेस्ट क्रिकेट के सबसे बड़े प्रचारक ही नहीं थे बल्कि भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान भी थे। हुसैन ने कहा, "वह चैंपियन है। वह जीत का लक्ष्य लेकर ही खेलता है और उसके लिये बेचैन रहता है।"

उन्होंने कहा, "कोहली के लिए सब कुछ जीतने के बारे में ही है। इसलिए तो लक्ष्य का पीछा करने में वह माहिर है। अगर वह सौ फीसदी नहीं दे सकता होगा तो मैदान पर नहीं उतरेगा। वह हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनी ही उतरता है।" हुसैन ने कहा, "हो सकता है कि उसने संन्यास का फैसला भी इसलिए ही लिया हो। वह आम क्रिकेटर नहीं बनना चाहता। वह कुछ खास करना चाहता है। उसने भारत को वह ताकत बनाया जो वह आज है।"



उन्होंने कहा, "मैं पिछले 14 साल से कोहली का बड़ा प्रशंसक रहा हूं। उसके आंकड़े खुद उसके बारे में कहते हैं, लेकिन वह आंकड़ों से बहुत आगे कुछ है। उसकी शख्सियत, स्वैग और जुनून। हम भारतीय क्रिकेटप्रेमियों को जानते हैं और क्रिकेट उनके लिये बहुत मायने रखता है।" उन्होंने कहा, "क्रिकेट को लेकर इतना जुनून भारत में कोहली से ज्यादा किसी ने नहीं जगाया। वह अविश्वसनीय क्रिकेटर है। वह भारत को नंबर एक तक ले गया जहां टीम 42 महीने तक रही। उसने उनके क्रिकेट खेलने का तरीका बदल दिया।" (अनंत ज्ञान)

## सबालेंका को हराकर झेंग किंवेन इटालियन ओपन सेमीफाइनल में

**एजेंसी, रोम**

चीन की ओलंपिक चैंपियन झेंग किंवेन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका को 6-4, 6-3 से हराकर इटालियन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कोको गाफ से होगा। पिछले वर्ष की झेंग इससे पहले सबालेंका के खिलाफ छह मैच हार चुकी थी।



पुरुष वर्ग में कार्लोस अल्काराज ने जैक ड्रेपर को 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। अब उनका सामना इटली के लोरेंजो मुसेत्ती से होगा जिसने गत चैम्पियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6, 6-4 से हराया। गाफ ने मिर्रा आंद्रीवा को 6-4, 7-6 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में जैसमीन पाओलिनी का सामना पेटान स्टीयर्न्स से होगा। बुधवार को ही शीर्ष रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने नए पोप से मुलाकात करके उन्हें टेनिस रैकेट तोहफे में दिया और खेलने का न्यौता भी दिया। पहले अमेरिकी पोप लियो 14 टेनिस के प्रशंसक हैं। (अनंत ज्ञान)

## उन्नति और मालविका थाईलैंड ओपन से बाहर

**एजेंसी, बैंकॉक।** भारत की उन्नति हुड्डा और मालविका बंसोड़ अपने से ऊंची रैंकिंग वाले खिलाड़ियों से हारकर थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। ओडिशा मास्टर्स 2022 और अबु धाबी मास्टर्स 2023 विजेता 17 वर्ष की उन्नति को थाईलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग ने 39 मिनट में 21-14, 21-11 से हराया। दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी मालविका को पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड की रैचानोक इंतानोन ने 21-12, 21-16 से हराया। (अनंत ज्ञान)




मालविका बंसोड़



उन्नति हुड्डा

## डब्ल्यूटीसी विजेता को मिलेंगे 36 लाख डॉलर की राशि

**एजेंसी, दुबई**

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 के विजेताओं को पिछले चरण में दी गई पुरस्कार राशि से अधिक राशि मिलेगी जो अब बढ़कर 36 लाख डॉलर हो गई है। यह राशि पिछले चरण में दी गई पुरस्कार राशि से दोगुनी से भी ज्यादा है।




ऑस्ट्रेलिया को 2023 में भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतने के लिए 16 लाख अमेरिकी डॉलर मिले थे। अब 2025 फाइनल ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच लार्ड्स पर 11 जून से खेला जाएगा। फाइनल में हारने वाली टीम को 21 लाख डॉलर मिलेंगे, जबकि पिछले दो चरणों के उपविजेता को 800,000 डॉलर मिले थे।

**पिछले चरण में दी गई पुरस्कार राशि से दोगुनी से भी ज्यादा**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वीरवार को एक बयान में कहा, "पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के आईसीसी के प्रयासों को दर्शाती है क्योंकि यह नौ टीम की प्रतियोगिता है जो पहले तीन चक्रों में बढ़ी गति को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है।" डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका और पाकिस्तान पर 2-0 की घरेलू सीरीज जीत के साथ 69.44 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने 67.54 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि भारत अधिकांश समय तालिका में शीर्ष पर रहने के बावजूद 50.00 प्रतिशत अंक ही हासिल कर सका। (अनंत ज्ञान)

## अरशद नदीम पर चोपड़ा ने कहा हम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे

**एजेंसी, दोहा**

स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने वीरवार को स्पष्ट किया कि उनकी और अरशद नदीम की कभी भी करीबी दोस्ती नहीं थी और साथ ही कहा कि हाल में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच चीजें पहले जैसी नहीं रहेंगी।

पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद चोपड़ा और उनके परिवार को सोशल मीडिया पर अपशब्दों का सामना करना पड़ा था, क्योंकि इस स्टार एथलीट ने बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में पाकिस्तान के नदीम को आमंत्रित किया था, हालांकि यह अब स्थगित हो चुका है।

नीरज चोपड़ा से यहां डायमंड लीग की पूर्व संध्या पर नदीम के साथ दोस्ती के बारे में पूछे जाने पर स्पष्ट जवाब दिया। नदीम ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था, जबकि चोपड़ा 2021 में टोक्यो चरण में पोडियम पर शीर्ष पर रहे थे।

चोपड़ा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों से कहा, "सबसे पहले मैं यह स्पष्ट करना चाहूंगा कि मेरा (नदीम के साथ) बहुत मजबूत रिश्ता नहीं है। हम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे, लेकिन इस वजह (भारत-पाक सीमा पर तनाव) से अब हमारे बीच बातचीत पहले जैसी नहीं होगी। पर अगर कोई मुझसे सम्मान से बात करता है तो मैं भी सम्मान से ही बात करता हूं।"

उन्होंने कहा, "बतौर खिलाड़ी हमें बातचीत करनी होगी। दुनियाभर में खेल समुदाय में मेरे कुछ अच्छे दोस्त हैं, जो सिर्फ भाला फेंक में ही नहीं हैं, बल्कि अन्य खेलों में भी हैं। अगर कोई मुझसे सम्मानपूर्वक बात करता है तो मैं भी उससे पूरे सम्मान के साथ बात करूंगा।" हरियाणा के स्टार ने कहा, "भाला फेंक में बहुत छोटा समुदाय है और हर कोई अपने देश के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहा है और हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता है।"

पेरिस खेलों के रजत विजेता स्टार ने पहले कहा था कि नदीम को उनके सम्मान में आयोजित टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट में उनके और उनके परिवार की ईमानदारी पर सवाल उठाए जाने से उन्हें बहुत दुख हुआ। चोपड़ा ने तब स्पष्ट किया था कि एनसी क्लासिक के लिए निमंत्रण पहलगाम आतंकी हमले से एक दिन पहले भेजे गए थे, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। (अनंत ज्ञान)

## भाला फेंक

### चोपड़ा ने सबसे पहले 2018 में डायमंड लीग में भाग लिया था और चौथे स्थान पर रहे थे


# डायमंड लीग से अभियान का आगाज करेंगे नीरज चोपड़ा

**एजेंसी, दोहा**

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां अपने डायमंड लीग अभियान की शुरुआत करेंगे, तो उनकी नजरें इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में खिताब बरकरार रखने पर लगी होंगी।

भारतीयों के बड़ी तादाद में होने से चोपड़ा को यहां काफी समर्थन मिलेगा। उनका सामना दो बार के विश्व चैंपियन और 2024 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स, चेक गणराज्य के याकूब वाडलेच, जर्मनी के जूलियन वेबर और मैक्स डेहनिंग, कीनिया के जूलियस येगो और जापान के रॉडरिक जेंकी डीन से होगा। ये सभी बड़ी स्पर्धाओं में चोपड़ा के प्रतिद्वंद्वी रह चुके हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 के स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम इसमें भाग नहीं ले रहे हैं।

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के ही किशोर जेना भी 11 प्रतियोगियों में से हैं। जेना का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 87.54 मीटर है जो पिछली बार यहां 76.31 मीटर का थ्रो लगाकर नौवें स्थान पर रहे थे। वाडलेच ने यहां 88.38 मीटर के थ्रो के साथ खिताब जीता था, जबकि चोपड़ा दो सेंटीमीटर पीछे रहे थे। पीटर्स 86.62 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर थे।




टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने सबसे पहले 2018 में यहां डायमंड लीग में भाग लिया था और चौथे स्थान पर रहे थे।

उन्होंने 2023 में यहां खिताब जीता और 2024 में दूसरे स्थान पर रहे। विश्व रिकॉर्डधारी कई बार के ओलंपिक चैंपियन चेक गणराज्य के जान जेलेजी से कोचिंग ले रहे चोपड़ा ने कहा, "कतर में भारतीयों से मिलने वाले समर्थन से मैं हमेशा अभिभूत रहता हूं। मेरे पास उनका धन्यवाद करने के लिए शब्द नहीं हैं।" चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 89.94 मीटर है और वह इस बार 90 मीटर की बाधा पार करना चाहते हैं। जेलेजी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 98.48 मीटर रहा है। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर सिंह और पारुल चौधरी क्रमश: पुरुष और महिलाओं की 5000 और 3000 मीटर स्टीपलचेस में उतरेंगे।

चोपड़ा, पीटर्स, येगो, डीन और जेना को 24 मई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक खेलना था, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण उसे स्थगित कर दिया गया। चोपड़ा इसके बाद पोलैंड में ओरलेन जानुज कुसोसिंस्की स्मृति टूर्नामेंट खेलेंगे। वह 24 जून से चेक गणराज्य में गोल्डन स्पाइक 2025 में भाग लेंगे, जहां पिछले दो सत्र में वह चोट के कारण नहीं खेल सके थे। (अनंत ज्ञान)